राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 ऑस्ट्रेलिया ने कोहली को शतक बनाने का मौका दिया: बॉर्डर....

नहीं थम रहीं शेख हसीना की मुश्किलें; आईसीसी में मुकदमा चलाना चाहता है बांग्लादेश... 12

वर्ष : 12 | अंक : 225 | पटना, शनिवार,30 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## बिरसा मुंडा के वशंज मंगल मुंडा का निधन

### पीएम मोदी समेत तमाम नेताओं ने जताया शोक

नई दिल्ली/एजेंसी। आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा का शुक्रवार को रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान में रात करीब साढ़े 12 बजे हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। मंगल मुंडा के निधन पर पीएम मोदी ने शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भगवान बिरसा मुंडा जी के वंशज मंगल मुंडा जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उनका जाना उनके परिवार के साथ ही झारखंड के जनजातीय समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों को संबल प्रदान करे। बिरसा मुंडा के अनुयायी झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने मंगल मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, रिम्स में इलाजरत भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन की खबर से अत्यंत दुखी हूं। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। सीएम हेमंत सोरेन बुधवार को अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ मंगल मुंडा के स्वास्थ्य की जानकारी लेने रिम्स गए थे। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी मंगल मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पोस्ट पर लिखा, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है।

## देश में 136 वंदे भारत ट्रेन का रहा परिचालन : मंत्री

नई दिल्ली/एजेंसी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि 21 नवंबर तक देश में 136 वंदे भारत ट्रेन बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के साथ परिचालन में थीं। एक लिखित जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी वंदे भारत ट्रेन ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम कवच, तेज गति, पूरी तरह से सील गैंगवे, ऑटोमैटिक प्लग दरवाजे, मिनी पैंट्री, बोटल कूलर, डीप फ्रिजर और गर्म पानी बॉयलर जैसी सुविधाओं के साथ यात्रियों के लिए मौजूद थी।

केंद्रीय मंत्री वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने के पीछे के औचित्य, सेवाओं-सुविधाएं और यात्री प्रतिक्रिया को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के नौ सांसदों के सवालों के जवाब में जानकारी दे रहे थे। दिल्ली-काठगोदाम सेक्टर को लेकर केंद्रीय मंत्री ने बताया कि दिल्ली-काठगोदाम सेक्टर में तीन जोड़ी मेल/एक्सप्रेस सेवाएं मौजूद हैं। इनमें 2039/40 काठगोदाम-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस भी शामिल है। इसके अलावा, नई रेल सेवाओं, जिसमें वंदे भारत सर्विस भी शामिल है, की शुरूआत भारतीय रेलवे की निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। केंद्रीय मंत्री ने आगे जानकारी दी कि वर्तमान में प्रारंभ और समाप्ति आधार पर महाराष्ट्र में कुल 22 वंदे भारत सेवाएं मौजूद हैं। रेल मंत्री ने कहा, भारतीय रेलवे में, आरक्षित सीटों की मांग का पैटर्न पूरे साल एक जैसा नहीं रहता है। यह पैटर्न कम भीड़ और व्यस्त दिनों के दौरान बदलता है। इसके अलावा, कम रुकने वाली और कम समय के साथ सुविधाजनक समय पर चलने वाली ट्रेनों को अच्छी प्रतिक्रिया मिलती है। रेल मंत्री ने आगे कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की कुल क्षमता 100 प्रतिशत से अधिक है।

### दरभंगा में आयोजित एक ऋण मेले में बोलीं, केन्द्रीय वित्त मंत्री

# देश की आर्थिक वृद्धि को गति दे रहीं महिलाएं : सीतारमण

प्रात : किरण



दरभंगा/पटना /एजेंसी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि महिलाएं भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देंगी। उन्होंने कहा कि देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। सीतारमण उत्तर बिहार के दरभंगा में आयोजित एक ऋण मेले में बोल रही थीं। उनके साथ मंत्रिमंडल के सहयोगी चिराग पासवान और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। उन्होंने कहा, पहले मोदी जी मुझसे कहते थे कि आम बजट महिला-केंद्रित होना चाहिए। अब उनका कहना है कि बजट ऐसा होना चाहिए, जिसमें महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका में रखा जाए। बिहार के दो दिवसीय दौरे पर आईं वित्त मंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र मखाना और मधुबनी पेंटिंग के लिए जाना जाता है, और दोनों में महिलाओं की बहुत बड़ी भूमिका है।

सीतारमण ने कहा, हमने ड्रोन दीदी जैसी परियोजनाएं शुरू की हैं। इसके अलावा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिला उद्यमियों को नकद सहायता दी जा रही है। उन्हें कौशल प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। यहां देवी सीता की जन्मस्थली पर खड़े होकर मैं गर्व से कहती हूं कि महिलाओं के प्रयासों से हमारी अर्थव्यवस्था लगभग डेढ़ साल में पांचवें स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। इस समारोह में उन्होंने संविधान की मैथिली अनुवाद की प्रतियां भी भेंट कीं। इसके लिए राज्य की एनडीए सरकार ने केंद्र को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उन्हें मखाने की माला भी भेंट की गई। इससे पहले, उन्होंने पटना में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें केंद्रीय वित्त सचिव एम नागराजू सहित अन्य लोग शामिल हुए। वित्त मंत्री शनिवार को मधुबनी जिले में कुछ कार्यक्रमों में भाग लेंगी।

इससे पहले वित्त मंत्री सीतारमण पटना में पूर्वी क्षेत्र के आठ ग्रामीण बैंकों के वित्तीय प्रदर्शन का आकलन किया। आरआरबी बैठक में शामिल बैंकों में बिहार, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधि शामिल रहे, जो केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में बैठक में शामिल हुए।

बैठक को लेकर बिहार के उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पटना में केंद्रीय वित्त सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सहभागिता की और बिहार आगमन पर उनका अभिनंदन किया। बैठक में भारत के पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्रीय ग्रामीण बैकों की समीक्षा की गई। सीतारमण ने ग्रामीण बैंकों में खराब ऋणों की सीमा और एनपीए को कम करने की रणनीतियों का मूल्यांकन किया। वह ऋण वितरण प्रक्रिया और ग्रामीण विकास पर इसके प्रभाव की भी जांच की। वह ग्रामीण बैंकों की डिजिटल क्षमताओं को बढ़ाने, ग्राहकों के लिए पहुंच और दक्षता में

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर के संबंध में भ्रांतियों से रहें दूर : मंत्री

### ऊर्जा मंत्री बोलें, उपभोक्ताओं के हित में है स्मार्ट मीटर





प्रात : किरण

पटना। ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा है कि बिहार में बिजली उपभोक्ताओं को सटीक और पारदर्शी सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य में स्मार्ट प्रीपेड मीटरों का व्यापक स्तर पर अधिष्ठापन किया जा रहा है। अब तक राज्य में लगभग 56.03 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर सफलतापूर्वक अधिष्ठापित किए जा चुके हैं, जिनमें से 18 लाख मीटर शहरी क्षेत्रों में और 38.03 लाख मीटर ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए हैं। यह प्रक्रिया शहरी क्षेत्रों से शुरू की गई थी और इसके सतत निरीक्षण और कुशलतापूर्वक संपादन के बाद इसे ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तारित किया गया। मंत्री ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अधिष्ठापन की प्रक्रिया निविदा के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ की गई है। इसकी न्यायिक समीक्षा माननीय उच्च न्यायालय, पटना और माननीय सर्वोच्च न्यायालय में भी की गई है, जिसमें कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई।

मीटर का रूटीन टेस्ट किया जाता है

मंत्री ने कहा है कि मीटरों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो के मापदंडों कर15959, कर16444, कर13779 के नवीनतम संशोधन के अनुरूप निर्मित स्मार्ट प्रीपेड मीटर ही अधिष्ठापित किए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर के निमार्णोपरांत मीटर उत्पादक द्वारा प्रत्येक मीटर का रूटीन टेस्ट किया जाता है जिसके अंतर्गत स्मार्ट मीटर की सटीकता की जांच की जाती है। इसके अलावा इन मीटरों की जांच आपूर्ति से पहले और बाद में बीआईएस द्वारा निर्धारित सैंपलिंग और टेस्टिंग प्रक्रिया के तहत की जाती है। इसके फलस्वरूप उपभोक्ता एवं आमजनों के बीच काफी हद तक भ्रांतियां दूर हो गई हैं एवं इसके अधिष्ठान कार्य में गति आई है।

#### उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने पर जोर

ऊर्जा विभाग के सचिव एवं बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के सीएमडी पंकज कुमार पाल ने कहा कि उपभोक्ताओं के बीच स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए स्मार्ट प्रीपेड मीटर के साथ-साथ पुराने मीटरों को भी कुछ समय के लिए लगाकर उनकी तुलनात्मक कार्यप्रणाली दिखाने की व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त, बिजली कंपनियों के विभिन्न कार्यालयों में उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर की उपयोगिता समझाने और जागरूकता बढ़ाने के लिए डिजिटल माध्यम, पंपलेट, नुक्कड़ नाटक आदि के जरिये जानकारी दी जा रही है।

#### उपभोक्ताओं को कई प्रकार के मिल रहे हैं लाभ

स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अधिष्ठापन से उपभोक्ताओं को कई प्रकार के लाभ मिल रहे हैं। सबसे पहले, उपभोक्ताओं से मीटर लगाने के समय कोई अतिरिक्त राशि नहीं ली जाती है। इसके अलावा, स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को मासिक बिलिंग में 3 प्रतिशत की छूट दी जाती है। मीटर रीडिंग में गड़बड़ी की संभावना न के बराबर होने से बिजली बिल की त्रुटियां लगभग समाप्त हो गई हैं। इसके साथ ही, उपभोक्ताओं के लिए बकाया बिल और पहली बार के भुगतान को आसान किस्तों में बांट दिया गया है, जिससे उपभोक्ता पर कोई अतिरिक्त बोझ न पड़े। उन्होंने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए एक लाभकारी और पारदर्शी समाधान है। इससे बिजली आपूर्ति में सुधार के साथ-साथ उपभोक्ताओं का भरोसा भी बढ़ा है। सरकार इस तकनीक के माध्यम से बिजली क्षेत्र में डिजिटल और हरित ऊर्जा क्रांति की ओर अग्रसर है।

## संक्षिप्त खबरें

### भीषण बस दुर्घटना में 9 की मौत, कई घायल

गोंदिया। महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शुक्रवार को दोपहर में एक भीषण सड़क हादसे में बस दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई। यह हादसा गोंदिया-कोहमारा राज्य महामार्ग पर ग्राम खजरी के पास हुआ। इस हादसे में 9 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। हादसे में कई यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, भंडारा से साकोली लखानी होते हुए गोंदिया की ओर जा रही शिवशाही बस के आगे अचानक एक बाइक आ गई। बाइक चालक को बचाने की कोशिश करते हुए बस के ड्राइवर ने तेजी से कट मारा, जिसके चलते बस असंतुलित होकर पलट गई। हादसे के समय बस में 35 से अधिक यात्री सवार थे। इसमें 9 यात्रियों की मौत हो गई है और कई यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों के अनुसार, बस का ड्राइवर घटनास्थल से फरार हो गया। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस और एंबुलेंस सेवा को दी। इसके बाद, पुलिस और एंबुलेंस विभाग तुरंत मौके पर पहुंचे।

### अष्टलक्ष्मी महोत्सव का मोदी करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली। राजधानी के भारत मंडपम में 06 दिसम्बर से पूर्वोत्तर राज्यों के तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में अष्टलक्ष्मी महोत्सव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत मंडपम के हॉल नंबर 14 में 06 से 08 दिसम्बर तक आठ राज्यों - असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड और सिक्किम के अलग अलग थीम पर पवेलियन बनाये जाएंगे। मुगा सिल्क और एरी सिल्क के दो पंडाल अलग से लगाए जाएंगे। हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों के लिए एक जीआई पवेलियन भी होगा।

## बिहार विधानमंडल : सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित

### विप में पांच विधेयक हुए पारित

पटना। बिहार विधान मंडल के 208वें शीतकालीन सत्र के समापन के साथ ही दोनों सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गई। विधान परिषद भी शुक्रवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस सत्र में विधान परिषद में पांच विधेयक पारित हुआ। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने बताया, कि इस सत्र के लिए ध्यान आकर्षण की कुल 64 सूचनाएं प्राप्त हुई। इनमें 30 ध्यानाकर्षण सूचनाएं सदन के कार्यक्रम पर लाए जाने के लिए स्वीकृत हुई। 14 सूचनाएं उत्तरित हुई, शेष दो सूचनाओं लुप्त हुई। नौ सूचनाएं प्रश्न एवं ध्यान आकर्षण समिति के विचारार्थ सुपुर्द किया गया। शून्य काल की कुल 45 सूचनाएं प्राप्त हुई। जिनमें 35 सूचनाओं के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया एवं आठ सूचना अस्वीकृत की गई।

#### निवेदन की 53 सूचनाएं हुईं स्वीकृत

इसी प्रकार निवेदन की कुल 57 सूचनाओं प्राप्त हुई। इनमें 53 सूचनाएं स्वीकृत हुई। चार सूचनाओं अस्वीकृत हुई। सभी स्वीकृत 53 निवेदनों को सदन की सहमति से निवेदन समिति को सुपुर्द किया गया। इस सत्र में नेशनल ई-विधान यानि नेवा के माध्यम से सदस्यों के द्वारा 331 तारांकित प्रश्न एवं 88 अल्प सूचित प्रश्न दिए गए तथा इसके माध्यम से कुल 300 तारांकित एवं अल्प सूचित प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुए।

#### पारित हुए ये विधेयक

वर्तमान सत्र में बिहार माल और सेवा कर द्वितीय संशोधन विधेयक 2024, बेतिया राज की संपत्तियों को निहित करने वाला विधेयक 2024, बिहार सरकारी परिसर आवंटन, किराया, वसूली एवं बेदखली संशोधन विधेयक 2024, बिहार खेल विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2024 और बिहार विनियोग संख्या चार विधायक 2024 पारित किए गए।

### विस में स्मार्ट मीटर को लेकर जोरदार हंगामा

पटना। बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को स्मार्ट मीटर को लेकर जोरदार हंगामा देखने को मिला। इस बीच, प्रश्न काल में कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने पूछा, 18 लाख स्मार्ट मीटर में से कितने की जांच की गई। इस पर मंत्री ने जवाब दिया कि आप हमें बताइए कि कितने मीटर खराब हैं। जब इंसान बीमार पड़ सकते हैं, तो मीटर क्यों नहीं? वहीं, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी दलों के विधायक पोस्टर बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन करते दिखे। इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल के विधायकों ने राबड़ी देवी की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन किया। राबड़ी देवी ने पत्रकारों से कहा, इस सरकार में बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं मिला है। अगर यह सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की दिशा में पूरी तरह से असमर्थ है, तो फिर सरकार का क्या मतलब रह जाता है। उन्होंने आगे कहा, ह्लजनता मतदान करके सरकार का चयन करती है, ताकि उनके हितों में कदम उठाने वाला कोई हो। लेकिन, ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाया गया। कम्युनिस्ट पार्टी के नेता महबूब आलम ने कहा कि इस सरकार में लूट है। इस सरकार को जनता के हितों से कोई लेना- देना नहीं है। महागठबंधन से जुड़े विधायकों ने कहा कि नया स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली के बिल और ज्यादा आने लगे हैं। इससे सबसे ज्यादा परेशानी गरीबों को रही है। लेकिन, सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है ।विपक्षी विधायकों का कहना है कि यह पता ही नहीं चल पाता है कि रिचार्ज कब खत्म हो जाता है। बिजली कब कट जाती है। बिजली कम खपत होती है। लेकिन, बिल बहुत ज्यादा आ रहा है।

## टाल क्षेत्र में किसानों को मिलेगी सिंचाई सुविधा

पटना। जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने शुक्रवार को सिंचाई भवन सभागार में आयोजित बैठक में टाल विकास योजना के तहत कराये गये और कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। मोकामा टाल विकास योजना के तहत कुल 5 एंटी फ्लड स्लूईस का निर्माण कार्य किया जाना है,जिसके अंतर्गत पटना जिले के घोसवरी प्रखंड में मुहाने नदी पर प्रस्तावित 4 एंटी फ्लड स्लूईस का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि हरोहर नदी पर लखीसराय प्रखंड के बालगुदर में प्रस्तावित एक एंटी फ्लड स्लुईस का निर्माण अभी जारी है। उन्होंने इस योजना के तहत प्रस्तावित सभी संरचना की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के निर्देश दिये। इससे पहले विभाग के संबंधित अधिकारियों ने टाल विकास योजना के तहत कराये गये और कराये जाने वाले कार्यों के संबंध में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा बैठक में विभाग के वरीय अधिकारी मौजूद थे।

### मंजूरी — कम प्रसिद्ध स्थलों को प्रतिष्ठित स्थलों के रूप में विकसित करना परियोजना का उद्देश्य

## केंद्र सरकार ने 23 राज्यों में 40 पर्यटन परियोजनाओं को दी मंजूरी



नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्र सरकार ने 23 राज्यों में 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिस पर करीब 3,295 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। इन परियोजनाओं का उद्देश्य कम प्रसिद्ध स्थलों को प्रतिष्ठित स्थलों के रूप में विकसित करना तथा देशभर में पर्यटकों के अधिक संतुलित वितरण को बढ़ावा देना है। अधिकारियों ने बताया कि व्यय विभाग के निर्देशों के अनुसार, पर्यटन मंत्रालय ने प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास के उद्देश्य से पूंजी निवेश को लेकर राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) के लिए परिचालन दिशानिर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि पर्यटन मंत्रालय ने राज्य सरकारों को एसएएससीआई के दिशा-निर्देश भेजे हैं और उनसे अनुरोध किया है कि वे परियोजना प्रस्ताव तैयार कर मंत्रालय को प्रस्तुत करें, जो उत्कृष्ट हों और इनसे प्रभावशाली गंतव्यों का निर्माण किया जा सके। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2024 तक 8,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत के कुल 87 परियोजना प्रस्ताव प्राप्त हुए। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद पर्यटन मंत्रालय ने दिशा-निर्देशों और प्रक्रिया या मानदंडों के अनुरूप 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रुपये की लागत से 40 परियोजनाओं को सूचीबद्ध किया, जिन्हें अब व्यय विभाग द्वारा मंजूरी दे दी गई है। कुछ चयनित स्थलों में रंग घर, शिवसागर (असम), मत्स्यगंधा झील, सहरसा (बिहार), प्रस्तावित टाउन स्क्वायर, पोरवोरिम (गोवा) और ओरछा (मध्यप्रदेश) शामिल हैं।

राज्यों को परियोजनाएं पूरी करने के लिए दो साल का समय दिया गया है, जबकि धनराशि मार्च 2026 से पहले जारी कर दी जाएगी।

### बक्सर के रामरेखा घाट का होगा विकास

बक्सर जिलान्तर्गत रामरेखा घाट का श्रद्धालुओं के दृष्टिकोण से विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा। इस हेतु पर्यटन विभाग द्वारा 13 करोड़ 24 लाख 26 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना के अंतर्गत रामरेखा घाट पर सुविधाओं के पुनर्विकास हेतु रामरेखा घाट का आधुनिक रूप में इतिहास बताने के लिए एक्सपेरिएंस सेंटर, म्यूरल आर्ट्स, रेस्टोरेंट एवं सड़क आदि का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि रामरेखा घाट, बक्सर का इतिहास रामायण काल से है। यही वह पवित्र भूमि है जहां मयार्दा पुरुषोत्तम राम ने अपने भाईयों के साथ गुरु विश्वामित्र से शिक्षा ग्रहण की थी। इस योजना की कार्यकारी एजेंसी बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम होगी, जिनके द्वारा इस योजना को औपचारिक प्रक्रियाओं के उपरांत आगामी 18 माह में पूर्ण किया जायेगा।

## कविराज रामलखन सिंह को उनकी पुण्यतिथि पर सीएम ने दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण



सीएम ने अपनी माता एवं धर्मपत्नी की प्रतिमा पर भी किया माल्यार्पण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पूज्य पिता अमर स्वतंत्रता सेनानी स्व कविराज रामलखन सिंह की पुण्य तिथि के अवसर पर अपने पैतृक गॉव कल्याण बिगहा जाकर कविराज रामलखन सिंह स्मृति वाटिका में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने अपनी माता स्व परमेश्वरी देवी एवं धर्मपत्नी स्व मंजू सिन्हा की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के बड़े भाई सतीश कुमार सहित मुख्यमंत्री के परिवार के अन्य सदस्यों तथा निकट संबंधियों ने अमर स्वतंत्रता सेनानी स्व कविराज रामलखन सिंह, स्व परमेश्वरी देवी एवं स्व मंजू सिन्हा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो जमा खान, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ उदय कांत, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, पूर्व विधायक ई सुनील कुमार सहित अनेक सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं परिजनों ने अमर स्वतंत्रता सेनानी स्व कविराज रामलखन सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक गाँव कल्याण बिगहा के भगवती मंदिर में पूजा अर्चना की। कल्याणबिगहा एवं आसपास के लोग मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर अत्यधिक प्रफुल्लित थे। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनका अभिवादन स्वीकार किया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### 120 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

मसौढ़ी !अनुमंडल मुख्यालय स्थित दमड़ीचक रोड स्थित एक गुमटी में गांजा बेचते एक धंधेबाज को 120 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान नगर परिषद क्षेत्र के गंगाचक मालिकाना निवासी कामेश्वर प्रसाद के पुत्र विजय कुमार के रूप में कराई गई है। प्राथमिकी की दर्ज कर धंधेबाज को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### तीन लीटर देसी शराब बरामद, धंधेबाज हुए फरार

मसौढ़ी !थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भैंसवां गांव में छापेमारी कर रुदल मांझी के घर से तीन लीटर देशी शराब बरामद किया है !पुलिस की भनक लगते ही तस्कर भागने में सफल रहा। इस मामले में पुलिस ने शराब तस्कर रुदल मांझी के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कर उसके गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी कर रही है।

### घर में सोए रह गए, हो गई चोरी

पटना सिटी (प्राकि)। बाईपास थाना क्षेत्र के सीधे बाजार में चोरों ने एक बार फिर चोरी की घटना को अंजाम दिया है यह संबंध में सीधे बाजार की रहने वाली नीतू देवी पति मुकेश पासवान ने बताया कि वह सब परिवार के साथ 27 नवंबर की रात खाना खाने के बाद सो गए इस दौरान घर में चोरी की घटना हो गई। सुबह जब नींद खुली देखा कि सामान तितर-बितर है। जब गंभीरता से तो पता चला कि घर में चोरी हो गई है। चोरों ने सोने का दो कानबाली, दो चांदी का सिक्का, नगद दो हजार और मोबाइल चोरी गई है।

### सामाजिक विज्ञान पर छात्रों ने के पेश प्रदर्शनी, हुई सराहना

पटना सिटी, इन्फेंट जीसस स्कूल में सामाजिक विज्ञान पर प्रदर्शनी का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षाविद् एवं बिहार मानवाधिकार आयोग के सचिव डॉ अनिल कुमार प्रसाद ने फीता काट कर किया। उनका साथ डॉ ज्योत्सना और एमके दास ने दिया। प्रदर्शनी में कक्षा एक से 12वीं तक के छात्रों ने भारत और विभिन्न भारतीय राज्य जैसे बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा एवं जम्मू-कश्मीर की संस्कृति से जुड़े अनेक मॉडल बना पेश किए। प्रदर्शनी के दौरान स्कूल के निदेशक पास्कल पीटर ओस्टा, प्रधानाचार्य रंजन जोसेफ, व्यवस्थापक शुभदा कुलकर्णी भी मौजूद रहीं। प्रदर्शनी के अंत में मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं के द्वारा किए गए प्रयास की प्रशंसा की।

### भाकपा-माले ने शहादत दिवस मनाया

फतुहा। शुक्रवार को स्थानीय महारानी चौक स्थित भाकपा माले के कार्यालय में कार्यकताओं के द्वारा कामरेड सुब्रत दत्त व कामरेड निर्मल जी का शहादत दिवस मनाया गया। इस दरम्यान उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर प्रखंड सचिव शैलेंद्र यादव ने बताया कि उन दोनों का सपना था कि भारतीय समाज से सामंतवादी ताकतों को नेस्तनाबूद करें। आज सभी कार्यकर्ता उन्हीं के सपना को साकार करने को लेकर कृतसंकल्प है। इस मौके पर पंकज यादव, सुदामा रविदास, सुशीला देवी, संगीता देवी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चेकिंग अभियान में 43 पकड़े गए

फतुहा। शुक्रवार को वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर फतुहा आरपीएफ के द्वारा स्टेशन पर रुकने वाली विभिन्न ट्रेनों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान रेलवे एक्ट के तहत कुल 43 लोगों को पकड़ा गया तथा विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए तथा जुमार्ना वसूलते हुए छोड़ दिया गया। इस बात की जानकारी देते हुए आरपीएफ पोस्ट प्रभारी विनोद कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि आरक्षित कोच में अवैध रुप से यात्रा कर रहे 14 लोग तथा महिला कोच में अवैध रुप से यात्रा कर रहे 29 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी।

### एनएमसी के छात्रों के लिए बस की सुविधा एक दिसंबर से

पटना सिटी, नालंदा मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर रहे छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए वातानुकूलित बस की व्यवस्था हो गई है। यह हाइडिंग मोड में मासिक दर के रूप से उपलब्ध कराया गया है। नालंदा मेडिकल कॉलेज से इसके अस्पताल की दूरी करीब तीन से साढ़े तीन किलोमीटर है। ऐसे में कॉलेज में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं को अस्पताल जाकर प्रैक्टिस करना खासा मुश्किल होता है। कॉलेज की एक पुरानी बस है, जो छात्रों की संख्या के अनुसार एक बस पर्याप्त नहीं है। यही कारण है कि वातानुकूलित बस की व्यवस्था की गई है।

# तीन दिवसीय बिहार डाक टिकट प्रदर्शनी "बायपेक्स-2024" का दूसरा दिन

## वेद और उपनिषद पर विशेष आवरण का विमोचन, बिहार के शक्तिपीठों पर पिक्चर पोस्टकार्ड का अनावरण

प्रात :किरण संवाददाता



पटनाः 29 नवम्बर 2024 को ज्ञान भवन, पटना में भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बिहार डाक टिकट प्रदर्शनी BIPEX-2024 के दूसरे दिन का कार्यक्रम शुभारंभ मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण विकास, बिहार सरकार के नेतृत्व में हुआ। उद्घाटन के अवसर पर श्रवण कुमार, आचार्य किशोर कुनाल और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलन किया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने डाक विभाग के प्रयासों की सराहना की और इस प्रकार की प्रदर्शनी को समाज की सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित करने का महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने बिहार के गिलास ब्रिज पर भी डाक टिकट जारी करने की इच्छा जताई। वहीं, मुख्य अतिथि आचार्य किशोर कुनाल ने वेदों और उपनिषदों की महत्ता पर प्रकाश डाला और बिहार के वैदिक तथा उपनिषद स्थल की ऐतिहासिक महत्वता को रेखांकित किया। इस दौरान वेद और उपनिषद पर आधारित विशेष आवरण का विमोचन किया गया और बिहार के शक्तिपीठों पर आधारित पिक्चर पोस्टकार्ड का अनावरण भी किया गया। प्रदर्शनी स्थल पर विभिन्न सुविधाएं प्रदान की गई हैं, जिसमें अस्थायी डाकघर, फिलेटली काउंटर, माय स्टांप काउंटर और पोस्ट शॉपी का विशेष काउंटर शामिल है। आगंतुकों को फिलेटली सेमिनारों, टिकट संग्रहण की कला, और अफ-शफतकनीक के माध्यम से टिकटों की डिजिटल दुनिया देखने का अवसर भी प्राप्त हो रहा है। प्रदर्शनी में लोगों के लिए सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है, जहां उन्हें आकर्षक पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा। यह प्रदर्शनी बिहार के सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों को संजोने के साथ-साथ डाक टिकट संग्रहण के क्षेत्र में रुचि रखने वालों के लिए एक बेहतरीन अवसर साबित हो रही है।

# स्वास्थ्य के प्रति राज्य सरकार गंभीर नहीं :एजाज



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि बिहार सरकार स्वास्थ्य के प्रति गंभीर नहीं है। अब तो स्थिति यह है कि डाक्टर तथा पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति नहीं की जा रही है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि 21743 करोड रुपए स्वास्थ्य विभाग ने खर्च नहीं किए गये। जिस कारण श्वास व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गया है आगे कहा कि मरीजों के लिए दवा भी नहीं उपलब्ध हो पा रहे हैं और ना ही ओटी और वेंटिलेटर की सुविधा मिल पा रही है। बिहार सरकार के इस तरह की जन विरोधी नीतियों के कारण मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति और परिस्थितियों के कारण बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था भगवान भरोसे है। एजाज ने कहा कि कैग की रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि बिहार में स्वास्थ्य के प्रति राज्य सरकार गंभीर नहीं है और डबल इंजन सरकार के गंभीरता नहीं दिखाने के कारण आम जनों को कितनी तकलीफें हो रही है यह स्पष्ट रूप से दिखता है। मरीज को बेहतर इलाज उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। और न ही मरीजों को एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड , जांच की सुविधा नहीं मिल पा रही है। गंभीर मरीजों के लिए आईसीऊ की सुविधा भी नहीं है। अस्पताल के भवन भी जर्जर हालात में है। इस तरह की स्थिति और परिस्थितियों का निर्माण करने वाली नीतीश सरकार सिर्फ जुमलेबाजी और भ्रम की की राजनीति करती है उसके अलावा कुछ नहीं है। इसी कारण नीति आयोग ने बिहार को स्वास्थ्य ,शिक्षा तथा अन्य व्यवस्थाओं में फिसड्डी राज्य घोषित किया है।

## मतस्य पालन संबंधी योजना को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

दानापुर। नगर के अंतर्गत पशु एवं मतस्य विभाग द्वारा ग्रामीण स्तर पर मतस्य पालन संबंधी योजना को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी विभेष आनंद, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सूरज कुमार, मतस्य विकास पदाधिकारी रितू कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में वक्ताओ ने विभिन्न प्रकार के मछली पालन से लेकर उसके बेचने आदि को लेकर विस्तार से जानकारी दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर खाने वाली एवं एक्यूरियम में रखने वाली मछली पालन में किसानो को अनुदान दिया जायेगा। इसके साथ जो मछली बेचने को लेकर भी कार्य करने वाले को उसका उपकरण आदि उपलब्ध करायी जायेगी। इसके लिए उन्हे आवेदन देना होगा। जिसे पंजीयन कराया जायेगा। जो किसान लाभ लेना चाहते है। वे आवेदन करे। बैठक में इससे जुडी जानकारी लोगो को दी गयी। बैठक में विभिन्न पंचायतो के मुखिया पंचायत सचिव आदि उपस्थित थे।

# चिराग ने घायल युवक की बचाई जान, सड़क से उठाकर पहुंचाया अस्पताल

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। लोजपा रामबिलास सुप्रीमो सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने एक बार फिर सड़क हादसे में घायल दो लड़कों की जान बचाई है। दोनों लड़के सड़क किराने घायल होकर अचेत पड़े थे, तभी वहां से गुज रहे चिराग पासवान की उनपर नजर पड़ी। घायलों को देखते ही चिराग पासवान ने अपने काफिले को रोक दिया और दोनों को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजवाया। इतना ही नहीं उन्होंने खुद डॉक्टर को फोन कर बात भी की। दरअसल, पूरा मामला हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग के सराय थाना क्षेत्र के मंसूरपुर गांव का है। चिराग पासवान पटना से दरभंगा जा रहे थे। इसी दौरान सराय में ठल्ठ के बगल में दो युवक को घायल अवस्था में पड़े देखा। इसके बाद चिराग ने अपनी गाड़ी को रुकवाया और दोनों युवक को कार्यकताओं के साथ इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही दोनों घायल की पहचान नहीं हो पाई है। चिराग पासवान ने इसकी सूचना स्थानीय थाने को भी दी है। पुलिस दोनों को पहचान कर उसके परिवार वालों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। बताया गया है कि चिराग पासवान जिस रास्ते से जा रहे थे। उसके रॉन्ग साइड में यह दोनों युवक सड़क दुर्घटना में घायल हुए थे और भारी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा थी लेकिन किसी ने भी दोनों को अस्पताल ले जाने की जहमत नहीं उठाई। चिराग पासवान भीड़ को देखकर वहां रुकें और दोनों को अस्पताल पहुंचाया। इससे पहले 27 नवंबर को भी चिराग पासवान गया से पटना लौटने के दौरान सड़क पर गिरे युवक को अपनी एस्कॉर्ट गाड़ी से अस्पताल भेजवाया था।

# मैच में दूसरे दिन तीन जोड़ी टीमों के बीच हुई जंग

प्रात :किरण संवाददाता



मसौढ़ी !लीजेंड क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में दूसरा दिन शुक्रवार को पहला मैच पैंथर्स लीजेंड व अनुमंडल लीजेंड के बीच खेला गया। जिसमें अनुमंडल लीजेंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 14ओवर में 118रन का स्कोर खड़ा कर दिया। जबाब में उतरी पैंथर्स लीजेंड की टीम ने 13.4ओवर में छह विकेट खोकर इस मैच को चार विकेट से जीत हासिल कर लिया।वही दूसरे मैच भगवानगंज लीजेंड व नशा मुक्त क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें भगवानगंज लीजेंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 12ओवर में 99रन बनाए।जबाब उतरी नशा मुक्त क्रिकेट क्लब की टीम ने छह विकेट खो कर 101रन बनाकर इस मैच को जीत लिया। तीसरे मुकाबले में टउउ व पैंथर्स लीजेंड के बीच खेला गया,जिसमें पैंथर्स लीजेंड की टीम ने 12ओवर में 9विकेट खोकर 80रन बनाए, उसके जबाब के टउउ की टीम 10ओवर में 45रन पर ऑल आउट हो गए।इस इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मसौढ़ी के चर्चित चेहरा महिलाओं की आवाज जदयू नेत्री कुमारी खुशबू रानी उपस्थित रहे।उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि खेल से न सिर्फ शारीरिक बल्कि बौद्धिक क्षमता का भी विकास होता है।क्रिकेट खेल में हमेशा संघर्ष करने की सीख मिलती है।खेलों में युवाओं के भविष्य को लेकर अपार संभावनाएं हैं।ऐसे में युवाओं को अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए खेलो में भागीदारी निभानी चाहिए।इस मौके पर मसौढ़ी लीजेंड क्रिकेट लीग के अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ राधे यादव आईटी सेल अध्यक्ष मोहम्मद अरफराज साहिल युवा वार्ड पार्षद उज्ज्वल कुमार बैंक प्रबंधक संतोष कुमार प्रखंड प्रमुख सद्दाम हुसैन अजय कुमार उर्फ जेपी चंद्रवंशी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## जयंती पर पूर्व एमएलसी डॉ सूरजनंदन को किया याद

पटना सिटी (प्राकि)। राष्ट्रीय कुशवाहा परिषद की ओर से विधान परिषद के सदस्य रहे डॉ सूरज नंदन कुशवाहा की 67वीं जयंती मनाई गई। बजरंगपुरी में आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री मंगल पांडेय, पूर्व मंत्री जीवेश मिश्र और विधायक अरुण कुमार सिन्हा ने पुष्पांजलि अर्पित कर योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद की अध्यक्ष डॉ हेमलता कुशवाहा ने की। आयोजन में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा बिहार प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार, ऋतिक यादव, पह्लाद वर्मा, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन सिंह कुशवाहा, पंकज गुप्ता आदि उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि समाज को एकता के सूत्र में बांधने और सर्वजन हिताय का काम स्व सूर्यनंदन ने जीते जी किया। हालांकि दबी जुबान से लोगों ने पार्टी में सक्रिय उनकी पत्नी को भी जनप्रतिनिधि के रूप में काम करने का मौका दिए जाने की बात की गई। वह पार्टी के कार्यक्रमों से लेकर जनता के बीच सक्रिय भी हैं।

# रंगदारी नहीं देने पर कैफे में तोड़फोड़ कर संचालक को पीटा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



नालंदा मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित कैफे घुस कर युवकों ने तोड़फोड़ की और संचालक ज्ञान प्रकाश सिंह की घटना को अंजाम दिया। साथ ही वहां रहे लोगों की पिटाई भी की। कैफे संचालक ने बताया कि अंगारी की माननी दिया गया, तब मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। अगमकुआं थाना की पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। संचालक का आरोप है कि दाउद बिगहा के निवासी रितक, राहुल एवं सुमित कैफे चलाने के एवज में रंगदारी की मांग करते हैं। साजिश के तहत अभियुक्तों ने कैफे के बाहर ऑटो संचालक बुधन को भेजा। उसने उनकी स्कूटी में धक्का मार दिया। जब स्टाफ विरोध करने के लिए बाहर आया, तब बुधन उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। संचालक का कहना है कि जब झगड़ा देख कर वह बाहर निकले और छुड़ाने के साथ बीच-बचाव का प्रयास करने लगे, तब राहुल, सुमित और बुधन ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। संचालक जान बचा कर कैफे के अंदर चला गया। तब चारों अभियुक्त अन्य साथियों के साथ कैफे में घुस कर मारपीट एवं तोड़फोड़ करने लगे। अभियुक्तों पर 25 हजार रुपए रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। संचालक ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराया है। अगमकुआं थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# दोपहिया वाहन पर पगड़ीधारी सिख व महिलाओं का हेलमेट नहीं पहनने पर चालान

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

पटना यातायात पुलिस के द्वारा दोपहिया वाहनों पर पीछे बैठने वाली सिख महिलाओं या बच्चों के बिना हेलमेट के निरंतर चालान काटा जा रहा है। इस संबंध में पीड़ितों के द्वारा तख्तश्री कमेटी के पदधारियों को सूचित किया गया। इसे तख्तश्री पटना साहिब कमेटी के पदाधिकारियों ने भी नोटिस लिया। कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही के आदेश पर एक प्रतिनिधिमंडल पटना स्थित एसपी यातायात पुलिस के कार्यालय में जाकर मिला और इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई। वहां मौजूद अधिकारियों के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही इस समस्या का हल किया जाएगा।

अध्यक्ष जगजोत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा सिख गुरु साहिबान का पूर्ण सम्मान किया जाता है और सिख समुदाय की मयार्दा को भी वह भलीभांति जानते हैं, मगर ट्रेफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नजर रखने के लिए कैमरा लगाए गए हैं। दूसरी ओर सिख महिलाओं और बच्चों को संविधान के तहत किसी भी तरह का हेल्मेट पहनने की मनाही के चलते सरकार द्वारा छूट है, मगर कैमरे के द्वारा उनका भी चालान कर दिया जा रहा है। इसकी शिकायत लेकर एसपी यातायात पुलिस को तख्तश्री पटना साहिब कमेटी का प्रतिनिधिमंडल दमनजीत सिंह रानू, त्रिलोक सिंह निषाद आदि पहुंचे और उन्हें इस संबंध में शिकायत दर्ज कराया गया। इसके बाद यातायात पुलिस के अधिकारियों ने इस समस्या को जल्द हल कर जारी हुए चालान के निष्पादन करने का आश्वासन दिया है। इसके पूर्व भी पगड़ीधारी सिखों का चालान भी काटा गया है।देश में कहीं भी पगड़ीधारी सिख को हेलमेट नहीं पहनने पर यातायात नियमों का उल्लंघन या जुमार्ना का प्रावधान नहीं है। मगर इस संबंध में कभी भी संबंधित अधिकारी व पदाधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी लोगों ने बजना चालान की राशि भी जमा की थी अब सिख महिलाओं और बच्चों के पीछे सीट पर बैठने के बाद भी चालान काटे जाने के बाद लोग सजा हुए हैं और इस संबंध में शिकायत दर्ज की गई है।

## अधिवक्ता संघ के द्वारा बैठक कर अधिवक्ता दिवस मनाने का निर्णय लिया गया

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत शुक्रवार को अधिवक्ता संघ ने एक बैठक कर अधिवक्ता दिवस मनाने का निर्णय लिया।संघ के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार यादव के अध्यक्षता में सभी सदस्यों ने चर्चा किया।विशेष लोक अभियोजक सह अनुशासन समिति बिहार बार काउन्सिल के सदस्य शिव कुमार यादव ने देश के प्रथम राष्ट्रपति डा राजेन्द्र प्रसाद के जीवनी पर ध्यान आकृष्ट कराया।मौके पर राजेश्वर यादव,अशोक कुमार,अनील कुमार द्विवेदी, भीम शर्मा,प्रभु सिंह,अखिलेश कुमार,नन्द किशोर, पूजा कुमारी,विद्या लक्ष्मी,पंकज कुमार समेत अन्य अधिवक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे ।

# टेक्सटाइल हब के रूप में तेजी से उभर रहा है बिहार उद्योग विभाग की टीम ने की तमिलनाडु की यात्रा

- बिहार को कपड़ा और चमड़ा उद्योगों के हब के रूप में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार ने दिखाई प्रतिबद्धता

प्रात :किरण संवाददाता



पटना/नई दिल्ली : बिहार सरकार राज्य को भारत के कपड़ा और चमड़ा उद्योगों में एक महत्वपूर्ण हब के रूप में स्थापित करने के लिए कई दूरगामी कदम उठा रही है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इन सारे उपायों और कदमों को उठाते वक्त सरकार सस्टेनेबिलिटी पर जोर दे रही है। इसी कड़ी में हाल ही में उद्योग विभाग की एक उच्चस्तरीय टीम ने तमिलनाडु के विभिन्न शहरों की यात्रा की, जिसे इन उद्योगों में अपनी कुशलता और पर्यावरण अनुकूल कार्यप्रणाली के लिए जाना जाता है।

उद्योग विभाग के निदेशक श्री आलोक रंजन घोष की अगुआई वाली इस टीम का मुख्य उद्देश्य तिरुप्पुर और अन्य शहरों के प्रमुख कपड़ा उत्पादकों और विशेषज्ञों से संवाद करना और इस क्षेत्र में हो रहे विभिन्न विकास और तकनीक के उपयोग को जानना था। इन विशेषज्ञों के साथ बातचीत के माध्यम से, टीम ने कपड़ा उद्योग में इस्तेमाल किए जा रहे उन उन्नत प्रौद्योगिकियों और प्रक्रियाओं को जाना, जिसने तिरुप्पुर को एक वैश्विक पहचान दी है। श्री आलोक रंजन घोष ने इस यात्रा और संवाद के महत्व पर जोर देते हुए कहा, ह्व तिरुप्पुर की हमारी यात्रा ने हमें बिहार में इस सफल मॉडल को लागू करने के लिए आवश्यक सभी जानकारी जुटाने में मदद की। हमारा लक्ष्य बुनियादी ढांचे, नीतिगत समर्थन और विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से राज्य में वस्त्र उद्योग के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार करना और इस क्षेत्र में राज्य को एक नई पहचान दिलाना है। इससे राज्य में रोजगार के भी अनेकों अवसर पैदा होंगे। इस टीम ने सरकार की पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता भी जाहिर की। टीम ने उन पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जो पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करता हो और बिहार सरकार की पर्यावरण नीति के अनुरूप हो। इसी कारण से प्रतिनिधिमंडल ने जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) संयंत्र के संचालन का अध्ययन करने के लिए रानीपेट, तमिलनाडु का भी दौरा किया। रैनिटेक कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट के अधिकारियों ने टेनरी अपशिष्ट जल को फिर से उपयोग के योग्य बनाने और इसके 85% भाग का पुनः उपयोग करने की अपनी क्षमता पर प्रकाश डाला। इस तरह की नवीन प्रक्रियाएं बिहार के उभरते चमड़ा क्षेत्र के लिए काफी उत्साहजनक हैं। बिहार सरकार की उद्योग विभाग की टीम और बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई), चेन्नई (तमिलनाडु) के कार्यकारी निदेशक, श्री सेल्वम से मुलाकात की और बिहार में इस उद्योग के लिए अवसरों पर चर्चा की। टीम ने आर. के. इंडस्ट्रीज का भी दौरा किया, जो एक 50 साल पुराना वस्त्र निमार्ता कंपनी है और प्रमुख वैश्विक ब्रांडों को सेवाएं प्रदान करती है। बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बीआईएडीए) ने हाल ही में पटना में बिहटा के सिकंदरपुर औद्योगिक क्षेत्र में इस कंपनी को 72,000 वर्ग फुट का प्लग एंड प्ले शेड आवंटित किया है। यह बिहार में निवेश के अनुकूल परिस्थितियों को दशार्ता है। बिहार सरकार औद्योगिक विकास में तेजी लाने, एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने और राज्य में शीर्ष स्तरीय निमार्ताओं को आकर्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सफल मॉडल का अवलोकन और राज्य में उसे लागू करने से बिहार को राष्ट्रीय और वैश्विक औद्योगिक पटल पर एक नई पहचान मिलने की संभावना है।

# बज्जिका भाषा की अकादमी का गठन कर इस भाषा को उचित सम्मान दिलाने की व्यवस्था हो : रबिन्द्र कुमार रतन

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। वैशाली विश्व का प्रथम गणतंत्र रहा है ।इस जनपद से उत्पन्न हो कर बज्जिका भाषा देश विदेश में अपना परचम लहरा रही है' बज्जिका का अपना व्याकरण और समृद्ध शब्द-कोष है तब भी बज्जिका आज अपनो से ही हारी है' बज्जिका आंदोलन के एक अदना सिपाही रबीन्द्र कुमार रतन, सुधांसु चक्रवर्ति,सरोज वाला सहाय , सुधा वर्मा, डा वीर मणि राय,हरिविलास राय एवं राष्ट्रीय बज्जिका भाषा परिषद के महामंत्री अखोरी चंद्रशेखर, उपाध्यक्ष डा 0 विद्या चौधरी एवं जिला संयोजक मणि भुषण प्रसाद आदि ने एक स्वर में बज्जिका के विकास की जोड़ दार मांग की और उन जाने अनजाने वज्जिका के साहित्य कारो के प्रति अपने शब्द सुमनों से श्रद्धा निवेदित किये जिन्होंने बज्जिका के विकास में योग दान देते हुए चले गये।उनमें डा 0श्याम नंदन किशोर, डा 0 सुरेन्द्र मोहन प्रसाद मुजफ्फर , उमा कान्त वर्मा,विप्लवी जी,नूतन जी,डॉ अवधेशवर अरून ,डॉ कृष्ण चन्द्र झा आदि प्रमुख है ।आज डा 0 नवल किशोर प्रसाद श्रीवास्तव और ब्रह्म देव कार्यी, हरि नारायण हरी जैसे विद्वान बज्जिका भाषा का सपना सजोए युवासाहित्य कारों की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहें हैं । रबिन्द्र कुमार रतन ने जोड़ देते हुए कहा कि हमें संकल्प लेना होगा कि हम बज्जिका में ही बोलेंगे, बज्जिका में ही लिखेंगे और बज्जिका में ही सुनेगें । श्री रतन ने आगे कहा कि जो भी बज्जिका भाषा को साथ देगा हम बज्जिका भाषी भी उसी के साथ रहेगे। हम अपने मातृ भाषा के विकास के लिये हर सम्भव प्रयास ही नही उसके मान सम्मान केलिए जी जान लगा देंगे । सर्व सम्मति से श्री रतन ने बिहार के जुझारु एवं ऊजार्वान मुख्यमंत्री ,केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय जी , हाजीपुर के सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान, राज सभा सांसद श्री उपेन्द्र कुशवाहा जी तथा वज्जिकांचल के सभी विधायक,सांसद जी का ध्यान इस ओरआकृस्ट करते हुए कहा कि जैसे अन्य मातृ भाषा- मैथिली,भोजपुरी के प्रति उनके सकारत्मक विचार हैं वैसे ही बज्जिका भाषा के विकास में भी अपना प्यार ,दुलार दें और प्राथमिक विद्यालयों में इनकी प्राथमिकता के साथ स्थान दिलाने की कृपा करें । श्री रतन ने सर्व सम्मति से बिहार सरकार से विनम्रता के साथ निवेदन किया कि बज्जिका भाषा की अकादमी का गठन कर इस भाषा कोउचित सम्मान दिलाया जाय । उन्हो ने बज्जिका भाषियों को आह्वान करते हुए कहा कि बज्जिका के लिये लड़ो लडाई। लड़ नहीं सकते तो बज्जिका मे ही बोलो । बोल नहीं सकते तो बज्जिका में ही लिखो । लिख नहीं सकते तो साथ दो लडाई में । साथ नहीं दे सकते तो मनोवल ही बढ़ाओ। अगर वो भी नहीं कर सकते तो मनोवल को मत गिराव ,क्योंकि यह लडाई किसी एक आदमी की नहीं पुरे बज्जिका क्षेत्र की अस्मिता की लडाई है यह बड़ा ही विचारणीय बात है कि बज्जिकंचल की मातृ भाष बज्जिका को नेपाल सरकार ने सरकारी काम काज की भाषा के रुप मे मान्यता प्रदान कर दिया है

# डबल इंजन सरकार की योजनाएं बन रहीं विकास की गारंटी : विजय

## जरूरतमंद लोगों को सर्वोत्तम लाभ देने का प्रयास है वित्त मंत्री का बिहार दौरा

● संतुष्टिकरण और समावेशन डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के दो दिवसीय बिहार दौरे का स्वागत करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा किवित्त मंत्री का यह दौरा हमारे प्रधानमंत्री विकसित भारत विजन का ही हिस्सा है। जिसमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को बिना लीके के योजनाओं का लाभ देने पर बल दिया जा रहा है। क्रेडिट आउटरीच का वित्त मंत्री का यह प्रयास हाशियागस्त और जरूरतमंद लोगों में जागरूकता बढ़ाकर योजनाओं का सर्वोत्तम लाभ देने का एक सराहनीय प्रयास है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि आंकड़े इस बात की गवाही 2014 से ही मोदी जी की ठऊअ सरकार के प्रयासों से राज्य में सस्ते ऋण की उपलब्धता में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। 2013 में जहां ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेशियो) जहाँ 30 प्रतिशत था वहीं आज यह करीब 2 गुना बढ़कर 58 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसके चलते राज्य के असंगठित क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में गुणात्मक सुधार हुआ है। इसके अतिरिक्त क्रेडिट आउटरीच के प्रयास से उद्यम और स्वरोजगार को काफी प्रोत्साहन मिल रहा है । जिससे राज्य के युवा और महिला उद्यमी व्यापक रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि हमारी सरकार वंचित तबके के सशक्तिकरण के लिए भी संतुष्टिकरण के संकल्प के साथ लगातार प्रयासरत है। यही वजह है कि मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, किसानों के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज जैसे पहल योजनाओं के क्रियान्वयन की केस स्टडी बनकर उभर रहे हैं। मसलन जहाँ पिछले वर्ष मुद्रा योजना के तहत देशभर के 46 लाख छोटे उद्यमियों को 28 हजार करोड़ रुपए के ऋण उपलब्ध कराए गए वहीं पीएम स्वनिधि के तहत बैंकों ने करीब 85 प्रतिशत ऋण आवेदन स्वीकृत किये। इसे तथ्य बताते हैं कि जिन्हें बीती सरकारों के दौर में कोई पूछता नहीं था उन्हें आज हमारी ठऊअ की सरकार पूछ रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि केंद्र और राज्य में ठऊअ की डबल इंजन सरकार होने से बिहार को काफी फायदा मिल रहा है। बजटीय प्रावधानों से लेकर बुनियादी ढांचे के विकास जैसी परियोजनाओं में मोदी जी का विशेष स्नेह तो राज्य को मिल ही रहा है। साथ ही सामाजिक और आर्थिक समावेशन से जुड़ी योजनाओं का फायदा राज्य को हो रहा है। इससे मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकसित बिहार बनाने के हमारे प्रयासों में काफी मदद मिल रही है।

# राज्यस्तरीय 04 दिवसीय कृषि यांत्रिकीकरण मेला आज से

## गांधी मैदान में आयोजित मेले को मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन



● मेला में कई विभागों एवं संस्थानों द्वारा लगाये गये हैं स्टॉल
● किसान पाठशाला का हो रहा है आयोजन

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

कृषि विभाग द्वारा सीआईआई के सहयोग से गाँधी मैदान में आज यानी शनिवार से चार दिवसीय राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकीकरण मेला (एग्रो बिहार, 2024) का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को मेले का उद्घाटन करेंगे। शुभारभ समारोह में उप मुख्यमंत्री द्वय सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा विशिष्ट अतिथि होगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य के कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय द्वारा की जायेगी।

कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने एग्रो बिहार 2024 की तैयारियों का जायजा लिया।

मेला में कई विभागों एवं संस्थानों द्वारा लगाये गये है स्टॉल

इस मेला में कृषि यंत्रों के अतिरिक्त उद्यान, बिहार राज्य बीज निगम, पौधा संरक्षण, भूमि संरक्षण, बामेती, ईक्रीसेट, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, पटना, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों आदि का प्रदर्शन एवं बिक्री किया जा रहा है। साथ ही, एग्रो प्रोसेसिंग यंत्रों की भी बिक्री एवं प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त इस मेला में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, सहकारिता विभाग, उद्योग विभाग, गन्ना उद्योग विभाग, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, वाणिज्य कर विभाग, एनईआरएफएमटीटीआई, असम आदि द्वारा स्टॉल लगाये गये है।

### एग्रो बिहार, 2024 के मुख्य आकर्षण

लगभग 3.25 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में लगने वाले इस मेले में 131 से अधिक स्टॉल लगाये जायेंगे। इस प्रदर्शनी में बिहार के अलावे हरियाणा, गुजरात, छत्तीसगढ़, केरल, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, गुजरात, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों के कृषि यंत्र निमार्ता भाग लेंगे। राज्य एवं राज्य के बाहर के वरीय पदाधिकारी, वैज्ञानिक, बुद्धिजीवी, उद्यमी भी मेला में भाग लेंगे। स्थानीय बच्चों एवं कृषि महाविद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के बीच कृषि के प्रति आकर्षण बढ़ाने के उद्देश्य से मेला भ्रमण कराने हेतु उन्हें आमंत्रित किया गया है। स्थानीय विद्यालयों के बच्चों के बीच कृषि के प्रति आकर्षण बढ़ाने के उद्देश्य से चित्रकारी एवं मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। मेला परिसर में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा प्रतिदिन कृषकों/आगंतुकों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन। मेले में आंगतुकों के लिए बिहारी व्यंजनों का फूड कोर्ट की व्यवस्था।

### यांत्रिकीकरण मेला में आधुनिक कृषि यंत्र की प्रदर्शनी

इस मेला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स आधारित यंत्र, गन्ना हार्वेस्टर, कीटनाशी के छिड़काव के लिए छोटे-बड़े ड्रोन, फसल कटाई से संबंधित कृषि यंत्र, फसल अवशेष से संबंधित यंत्र से लेकर बागवानी में उपयोग में उपयोग होने वाले छोटे-छोटे यंत्रों की प्रदर्शनी तथा स्टॉल लगने लगे है।

### किसान पाठशाला का आयोजन

साथ ही, मेला परिसर में प्रत्येक दिन किसान पाठशाला का आयोजन भी किया जायेगा। किसान पाठशाला में प्रतिभागी किसानों को, कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय पदाधिकारियों द्वारा कृषि यांत्रिकीकरण योजना की जानकारी के साथ-साथ उपयोगी कृषि यंत्रों (बुआई से कटाई तक) का उपयोग, परिचालन एवं रख-रखाव एवं फसल अवशेष प्रबंधन के उपयोगी यंत्रों की भी जानकारी दी जायेगी।

### किसानों का प्रदर्शनी में आना शुरू

कृषि यांत्रिकीकरण मेला (एग्रो बिहार, 2024) में राज्य के आस-पास के विभिन्न जिलों से किसानों का आना शुरू हो गया है। कृषि विभाग के पदाधिकारी तथा यंत्र निमार्ता प्रतिष्ठानों द्वारा किसानों को यंत्रों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

# सीसीटीवी कैमरे द्वारा एक साल में 79 करोड़ रुपए का कटा चालान




आईसीसीसी को एक साल में अपने निर्माण की एक तिहाई राशि का राजस्व प्राप्त

**मार्च 2023 से नवंबर 2024 में कटे चलान :**
कुल चलान : 7,66,887
कुल राशि : 79,59,97,000
3357 कैमरों से हो रही है शहर की मॉनिटरिंग
इंटीग्रेटेड कमांड एंड कण्ट्रोल सेंटर के तहत शहर के विभिन्न जगहों पर 3357 कैमरे लगाए गए है। जहां जिनमें स्पीड वायलेशन डिटेक्शन , रेड लाइट वायलेशन डिटेक्शन , ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन कैमरे, व्हीकल डिटेक्शन कैमरे एवं सीसीटीवी सर्विलांस कैमरे शामिल है। बता दें कि स्मार्ट सिटी आईसीसीसी बिल्डिंग में इनके कैमरों की निगरानी के लिए टीम तैनात है।

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

पटना नगर निगम क्षेत्र में चलने वाले हर नागरिक पटना की सड़कों पर गाड़ियों से चलने पर सबसे पहले हेल्मेट और सीट बेल्ट याद करते है। सबको यह डर होता है कि अगर यातायात के नियमों को नहीं माना तो चलान कट जाएगा। यह बदलाव पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड इंटीग्रेटेड कमांड एंड कण्ट्रोल सेंटर के कैमरे के कारण आया है। यही नहीं इस प्रोजेक्ट ने अपने निर्माण का एक तिहाई राशि की आमदनी भी कर ली है। पटना स्मार्ट सिटी के कैमरे से अब तक 79 करोड़ रुपये का चलान कट चुका है। बता दें कि यह पूरी परियोजना 225 करोड़ रुपए की लागत से तैयार की गई है।

ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन कैमरे से कटता है चलान

पटना स्मार्ट सिटी द्वारा शहर के सभी चौक चौराहों पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन कैमरे लगे हुए है। जो कि न सिर्फ 24७7 सक्रिय है बल्कि यातायात का उल्लघंन करने वाले वाहनों को स्वयं ही चिन्हित करती है। गौरतलब है कि कुल 19 यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य है जिसमें शामिल है बिना हेलमेट के गाड़ी चलाना, बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाना,रेड लाइट का उल्लंघन , गति सीमा उल्लंघन, गाड़ी चलते समय मोबाइल का उपयोग , रॉंग वे में गाड़ी चलाना एवं अन्य। उल्लेखनीय है कि सभी चालान कउउउ के कैमरे द्वारा ऑटोमैटिक काटे जाते हैं जो चौबीसों घंटे(24*7) सक्रिय हैं।

# सत्ता पक्ष के सदस्यों ने शिक्षकों के मुद्दे पर सरकार को घेरा

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को सत्ता पक्ष के सदस्यों ने ही शिक्षकों के मुद्दे पर सरकार को घेरा। भाजपा एमएलसी नवल किशोर यादव और जदयू के संजीव कुमार ने सदन में शिक्षा मंत्री को घेरा। बिहार विधान परिषद में नवल किशोर यादव ने कहा कि बीपीएससी शिक्षक सीनियर बनाए गये हैं। वहीं सक्षमता पास नियोजित शिक्षक जूनियर माने गये हैं। वहीं नियोजित शिक्षक नियमित रूप से 18-20 साल तक का अनुभव रखते हैं। ऐसे में एक ही काम के लिए जो अनुभवी शिक्षक हैं उन्हें जूनियर मानना गलत है। उन्होंने कहा कि अन्य सभी जगहों में अनुभव को प्रमोशन में ध्यान देकर रखा जाता है। ऐसे में नियोजित शिक्षक के अनुभव को दरकिनार कर उनके पर बीपीएससी शिक्षक को सीनियर बताना प्रताड़ित करना है। हालाँकि शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि हमने नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया है। सीएम नीतीश भी इसे लेकर संवेदनशील हैं। कानूनी बाध्यता के कारण यह नियम लाया गया लेकिन हम इस पर संवेदनशील होकर विचार करेगे। इसके पहले एमएलसी शशि यादव ने रसोइयों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि 1650 रुपए रसोइया को मिलता है। यह पूरे देश में सबसे कम है। वहीं उन्हें पार्ट टाइम कर्मी कहा जाता है जो गलत है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से कहा गया है कि सितम्बर और अक्टूबर का भुगतान किया जा रहा है। यह बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि बिहार एक मिसाल कायम करे। उनका मानदेय कम से कम 10 हजार रुपए किया जाए। इस पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री संवेदनशील हैं। सीएम नीतीश ने तालिमीमरकज, टोला सेवक आदि के मानदेय बढ़ाया है। इनका भी मानदेय बढ़ाया जायेगा। इस पर शशि यादव ने कहा कि रसोइया को 10 महीने नहीं बल्कि 12 महीने का मानदेय दिया जाए।

# कैग की रिपोर्ट से खुली स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल : अरुण



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने बिहार विधानमंडल में पेश कैग की रिपोर्ट पर सरकार करारा प्रहार करते हुए कहा कि पहले नीति आयोग ने अब कैग की रिपोर्ट ने बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था का पोल खोलकर रख दिया है। बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली के लिए जिम्मेदार कौन? नीतीश सरकार में बैठे लोगों को राज्य की जनता को बताना चाहिए। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सरकार में 16 साल से अधिक भाजपा कोटे के क्रमशः चंद्रमोहन राय, नंदकिशोर यादव, अश्विनी चौबे और मंगल पांडे स्वास्थ्य मंत्री रहे हैं। इन भाजपा कोटे के स्वास्थ्य मंत्री ने बिहार के स्वास्थ्य व्यवस्था को बर्बाद और चौपट कर दिया। राजद प्रवक्ता ने कहा कि महागठबंधन सरकार में तत्कालीन उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव जी ने 17 महीना के सेवाकाल में बिहार की ध्वस्त स्वास्थ्य व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त किया था। तेजस्वी यादव के तत्परता के कारण स्वास्थ्य विभाग में मिशन-60, मिशन परिवर्तन और मिशन बुनियाद के तहत बिहार के सभी जिला अस्पतालों से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सफाई, दवाई, जाँच, मरीजों को पौष्टिक आहार एवं चिकित्सकों की अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित किया था। जिसके कारण राज्य के सभी अस्पतालों में अभूतपूर्व परिवर्तन दिखने लगा था जिसका लाभ जनता को मिल रहा था। राजद प्रवक्ता ने कहा कि कैग की रिपोर्ट में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा गया कि राज्य में डॉक्टरों के 55 प्रतिशत पद रिक्त हैं, स्वास्थ्य विभाग में 49 प्रतिशत पद खाली, दवा,जाँच की भी भारी कमी है। राज्य की आबादी के अनुरूप 1 लाख 24 हजार 919 ऐलोपैथिक डॉक्टरों की जरूरत है लेकिन राज्य में केवल 58 हजार 144 ऐलोपैथिक डॉक्टर हैं। 47 अनुमंडल में अनुमंडलीय अस्पताल नहीं है। कैग ने अपनी रिपोर्ट में दवा, नर्सिंग स्टाफ, ऑपरेशन थियेटर से लेकर स्वास्थ्य सेवा के उपकरण सहित कई कमियों को उजागर किया है।

# बिहार बिजनेस कनेक्ट का आयोजन 19 एवं 20 दिसम्बर को

## ऊर्जा सचिव ने विद्युत उपकरण निर्माताओं कंपनियों के साथ की बैठक

● कहा-बिजनेस कनेक्ट रिन्यूएबल एनर्जी, पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन एवं ट्रांसमिशन निवेशकों के लिए अवसर

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



बिहार बिजनेस कनेक्ट के माध्यम से राज्य में ऊर्जा क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऊर्जा सचिव पंकज कुमार पाल ने प्रमुख विद्युत उपकरण निमार्ता कंपनियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ निलेश रामचंद्र देवरे सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने कंपनियों/निवेशकों से प्रोपोजल भेजने और नोडल अधिकारियों से संपर्क कर जल्द से जल्द एग्रीमेंट साइन करने का आग्रह किया। ऊर्जा सचिव ने निवेश करने वाली कंपनियों को राज्य सरकार और विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया। इन कंपनियों में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, कैपकॉन, अडानी ग्रुप, आरएस इंफ्रा, जीई, केईआई, जीनस पावर, सिक्योर मीटर्स एवं इंटेलिस्मार्ट शामिल थीं।

### बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 में कंपनियों को आमंत्रण

ऊर्जा सचिव ने 19 और 20 दिसंबर को आयोजित होने वाले बिहार बिजनेस कनेक्ट कार्यक्रम में सभी कंपनियों को आमंत्रित किया। इस दौरान राज्य में निवेशकों के लिए अनुकूल आधारभूत संरचना और संभावित अवसरों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। बैठक में स्मार्ट प्रीपेड मीटर, ट्रांसफार्मर और सौर ऊर्जा से जुड़े उद्योगों के साथ संभावित सहयोग और साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की गई। ऊर्जा क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को प्रोत्साहन देने, बिजली डिस्ट्रीब्यूशन और ट्रांसमिशन में नई तकनीकों को अपनाने और अक्षय ऊर्जा (रिन्यूएबल एनर्जी) के उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

### निवेशकों को मिलेंगी रियायतें और सुविधाएं

ऊर्जा सचिव ने बताया कि राज्य सरकार निवेशकों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम के तहत सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को आसान बना रही है। रिन्यूएबल एनर्जी खास कर सौर ऊर्जा और मैन्युफैक्चरिंग इक्विपमेंट सेक्टर में निवेश करने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि राज्य की रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी और पंप स्टोरेज पॉलिसी तैयार कर ली गई है।

### ऊर्जा के क्षेत्र में असीम संभावनाएं

ऊर्जा सचिव ने इस अवसर पर कहा बिहार में ऊर्जा क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। ग्रीन एनर्जी और सौर ऊर्जा पर विशेष ध्यान देने के साथ, राज्य सरकार निवेशकों को हर संभव मदद प्रदान करेगी। ऊर्जा सचिव ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में ग्रीन एनर्जी की अहमियत बढ़ गई है। बिहार में सौर ऊर्जा पावर प्लांट और पंप स्टोरेज प्लांट की स्थापना के लिए व्यापक संभावनाएं हैं। साथ ही राज्य में कौशल विकास के माध्यम से भी ऊर्जा क्षेत्र को मजबूती प्रदान की जाएगी। श्री पाल ने उन्हें विद्युत विभाग द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों से भी अवगत कराया जिसमें स्मार्ट प्रीपेड मीटर अधिष्ठापन, ग्रिड सबस्टेशन एवं पावर सबस्टेशनों का निर्माण, आरडीएसएस, मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना अंतर्गत किए गए कार्य महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी कंपनियों के उपस्थित प्रतिनिधियों से आगामी दिसंबर में आयोजित होने वाले बिहार बिजनेस कनेक्ट में भाग लेने हेतु आग्रह किया। अंत में बैठक में मौजूद कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा बिहार में हो रहे ऊर्जा के प्रक्षेत्र में हुए कार्यों की सराहना की गई एवं राज्य सरकार से उद्योग लगने में मिलने वाली विशेष सुविधाओं तथा सहयोग की प्रशंसा की गई। साथ ही उन्होंने दिनांक 19 एवं 20 को आयोजित होने वाले बिहार बिजनेस कनेक्ट में भाग लेने की इच्छा जाहिर की।

# नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच के चलते महिलाएं हुई सशक्त : अंजुम

## न्यायिक सेवा परीक्षा में बेटियों ने लहराया परचम

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



जदयू प्रवक्ता अंजुम आरा ने न्यायिक सेवाओं में बेटियों की बेहतरीन सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच को दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साल 2005 में बिहार की सत्ता संभालते ही महिला सशक्तिकरण को अपनी सरकार की पहली प्राथमिकताओं में शामिल किया और आज इसी का परिणाम है कि शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में बेटियां सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेटियों की जिन क्षमताओं पर भरोसा जताया था उस भरोसे को बेटियों ने न्यायिक सेवा में शीर्ष 10 में नौ स्थानों पर सफलता हासिल कर कायम रखने का काम किया है। इस दौरान पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने न्यायिक सेवा में सफल हुई बेटियों को जनता दल (यूनाईटेड) परिवार की तरफ से शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने राज्य में न्यायिक सेवाओं में महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण के साथ-साथ अति पिछड़ा वर्ग को 21 फीसदी आरक्षण देने का काम किया है जिसकी बदौलत लड़कियां और अति पिछड़ा समुदाय के छात्र-छात्राएं सफलता के नए प्रतिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महिलाओं सशक्तिकरण को लेकर सोच ही थी कि, उन्होंने सत्ता संभालते ही साल 2006 में महिलाओं को पंचायती राज व्यवस्था में 50 फीसदी आरक्षण देने का काम किया साथ ही साल 2007 में नगर निकायों में भी महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने का काम किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच के चलते आज महिलाएं राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक तौर पर सशक्त हो रही हैं और सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज बिहार में महिला पुलिस बलों में लड़कियों की तादाद पूरे देश में सबसे ज्यादा है साथ ही जीविका योजना की मदद से राज्य की महिलाओं आर्थिक तौर पर सशक्त हो रही हैं और अपने सपने को साकार कर रही हैं।

# बैलेट बॉक्स से जिन्न निकलने का जमाना गया : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने बैलेट पेपर से मतदान करानेवाले लालू प्रसाद के बयान पर तीखा हमला करते हुए कहा कि लालू प्रसाद बिहार को एक बार फिर लूटतंत्र की राह पर ले जाना चाहते हैं। लेकिन, बिहार अब पीछे मुड़कर देखने वाला नहीं है। श्री मिश्र ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लालू प्रसाद चाहते हैं कि फिर से बैलेट पेपर से मतदान हो, ताकि बूथ लूटकर फिर से सत्ता हासिल कर सकें। लेकिन, अब बूथ लूटने के दिन लद गये। और राजद और उसके सहयोगियों को बिहार में कभी सत्ता की कुर्सी नसीब नहीं होगी। श्री मिश्र ने कहा कि बिहार के लोग वह दिन नहीं भूले हैं, जब मतपेटियां बदल दी जाती थी और लालूजी कहते थे कि बैलेट बॉक्स से जिन्न निकलेगा। अब न तो कभी बैलेट बॉक्स से जिन्न निकलेगा और न कभी सत्ता में राजद की वापसी होगी। लोकतंत्र में लूटतंत्र की वापसी कभी नहीं होगी। श्री मिश्र ने कहा कि असल में राजद और कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के सभी दल लोकतंत्र विरोधी हैं। ये बंदूक की नोंक पर लोगों से वोट हासिल करना चाहते हैं। लेकिन, ये अब कभी नहीं होगा। देश में ईवीएम से ही मतदान होगा और पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से ही सरकार बनेगी।


# बिहार के प्रथम सीएम श्रीकृष्ण सिंह को मिले भारत रत्न सम्मान

पटना। जदयू विधायक डॉ संजीव कुमार ने गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से बिहार विधान सभा में राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के मुद्दा को गंभीरता से उठाया है। बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम - 150 के तहत अतिलोक महत्व के विषय पर गैर सरकारी संकल्प की सूचना के तहत डॉ श्रीकृष्ण सिंह को बिहार के नव-निर्माण में ऐतिहासिक और अविस्मर्णीय कार्य के लिए मरणोपरांत भारत रत्न देने हेतु केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे जाने कि मांग विधानसभा में गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से किया। इस मामले पर मंत्री विजय चौधरी ने सकारात्मक जवाब दिया और उन्होंने कहा की श्री बाबू के बिहार के नवनिर्माण में जो योगदान है उससे पूरा बिहार अवगत है और सरकार के संज्ञान में है। उनके सम्मान से सरकार कहीं भी समझौता नहीं करती है और भारत रत्न दिलाने हेतु श्री बाबू जी के सभी तथ्यों को इकट्ठा कर रहे और फिर जल्द ही भारत रत्न देने के लिए अनुशंसा केंद्र सरकार को भेजा जायेगा। विधायक डॉ संजीव कुमार ने मुख्यमंत्री और मंत्री को श्रीकृष्ण बाबू को भारत रत्न देने के लिए अनुशंसा केंद्र सरकार को जल्द विचार भेजने का आश्वासन हेतु इसके लिए आभार व्यक्त किया। विधायक डॉ संजीव कुमार ने कहा कि श्री कृष्ण सिंह मुख्यमंत्री बने तो यहां पर आधारभूत संरचना का विकास किया। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत की। समाज में भेदभाव खत्म कराने के साथ जमींदारी प्रथा का उन्मूलन व अनेकों कल करखाने लगाए। उनके कामों को भुलाया नहीं जा सकता है। अपने शासनकाल में जितना काम किया। वह पूरे देश के लिए उदाहरण है। श्री बाबू के योगदान को इतिहास याद रखेगा।जमींदारी प्रथा का उन्मूलन और दलितों को मंदिर में प्रवेश दिलाया। विधायक ने कहा की श्री बाबू ने सामाजिक समरसता का मिसाल कायम किया था। उनके कार्यकाल में बिहार औद्योगिक और आर्थिक रूप से अग्रणी राज्यों में शामिल था। ऐसे महान विभूति को भारत रत्न सम्मान से वंचित रखना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। जल्द से श्री बाबू भारत रत्न मिलना चाहिए।

# शोर-शराबा करना विपक्षी पार्टियों की आदत : हिमराज

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान बार-बार हंगामे को लेकर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सदन में बिना किसी मुद्दे के शोर-शराबा करना विपक्षी पार्टियों की आदत हो गई है जिससे सदन में जनता की समस्याओं पर चर्चा नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि दरअसल विपक्ष को जनता के मुद्दों और उनकी समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है और विधानमंडल में हंगामा कर वो अपनी असफलताओं को छिपाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और उनकी पार्टी को राज्य के विकास से कोई मतलब नहीं है और उनकी पार्टी के विधायक जान बूझकर सदन के अंदर हंगामा करते हैं जिससे सदन का कीमती समय बर्बाद होता है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की सरकार में आज राज्य का चैमुखी विकास हो रहा है और इसी बात से घबराकर मुद्दा विहीन विपक्ष सदन के बाहर और अंदर अव्यवस्था कायम करने की कोशिश करता है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि विपक्षी दलों के अनावश्यक हो-हंगामे की वजह से सदन का अधिकतर समय बर्बाद हुआ जिसके चलते जनता के कल्याण से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा में व्यवधान पड़ा। उन्होंने कहा कि सदन में फिजूल का वाद-विवाद और अशोभनीय आचरण विपक्षी दलों के विधायकों की आदत हो गई है जिससे सदन की गरिमा को ठेस पहुंचती है।

# कैग की रिपोर्ट से एनडीए सरकार का विकास विरोधी चेहरा उजागर : शिशिर



पटना। बिहार विधानमंडल में स्वास्थ्य विभाग के मद्देनजर कैग की रिपोर्ट पेश होते हीं विभाग की कलई खुल गई। कैग की रिपोर्ट के मुताबिक सूबे के स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। इस बाबत कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शिशिर कौण्डिल्य ने वर्तमान की एनडीए सरकार पर निशाना साधते हुए स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय पर जमकर हमला बोला। भाजपा पर तंज कसते हुए श्री कौण्डिल्य ने कहा कि पटना के आईजीआईएमएस में तथाकथित आंखों का विश्व स्तरीय अस्पताल बना। मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उक्त अस्पताल का उद्घाटन किया। अखबारों में भी खूब खबरें छपी। प्रदेश की सरकार ने उसकी मार्केटिंग भी खूब की।लेकिन लोगों को यह जानकार आश्चर्य होगा कि उस विश्व स्तरीय अस्पताल में आज एक अदद ऑपरेशन थिएटर नहीं है। जहां मरीजों को मोतियाबिंद का भी ऑपरेशन किया जा सके। कुछ ऐसा हाल जब प्रदेश के विश्व स्तरीय अस्पताल का है। तो फिर जिला स्तरीय अस्पतालों की व्यवस्था का अंदाजा खुद से ही लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कैग की रिपोर्ट में इसका खुलासा भी हो गया कि प्रदेश की और भाजपा की सरकार सूबे की जनता के जरूरी सुविधाओं के मद्देनजर कितना संवेदनहीन है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां चार रिटायर्ड आईएएस प्रदेश चला रहे हों और मंत्री वसूली में लगे हों वहां जनता को इससे ज्यादा क्या कुछ मयस्सर हो सकता है?

**पूर्व मध्य रेल**
**ई–निविदा सूचना**
**ई–निविदा संख्याः 24–25–16 –कुंभ मेला**
**दिनांक: 28.11.2024**
उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** कुंभ मेला/ त्योहार विशेष के लिए आइसीएफ रेकों का उन्नयन के लिए निविदा। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. **3,37,20,457.92** (रू. तीन करोड़ सैंतीस लाख बीस हजार चार सौ संतावन एवं बायनवे पैसे मात्र)। **3. निविदा प्रपत्र की राशि :** शून्य, **4. अग्रधन की राशि :** रू. 3,18,600.00 (रू. तीन लाख अठारह हजार छह सौ मात्र) , **5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा ऑन लाइन **https://www.ireps.gov.in** वेबसाईट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 18.12.2024 को 11:30 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 11:45 बजे निविदा खोली जायेगी। **6. वेबसाईट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है :** निविदा सूचना, पात्रता मानदंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाईट CRIS website: **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालन्दा, बिहार– 803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हुआ, तो शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड होगा।
**उप मुख्य यॉंत्रिक अभियंता,सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना/हरनौत**
**पीआर/1611/एचआरटी/2/टी/24–25/40**

**पूर्व मध्य रेल**
**ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित सूचना संख्याः ईएल/50/ दानापुर/खुली/33/2024–25**
मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाईसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु **ऑन लाईन ई–निविदा** (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या : ईएल/50/दानापुर /खुली/ 33/2024–25 (1) कार्य का नाम :** पाटलीपुत्र रेल परिसर, दीघा में ऑफिसर्स फ्लैट (ब्लॉक–ए और बी जी+7 बिल्डिंग, ब्लॉक–सी जी+5 बिल्डिंग, पीएचओडी बंगला–15, जीएम बंगला, स्पोर्ट्स क्लब, हॉस्पिटल बिल्डिंग, ओआरएच और ऑफिसर्स क्लब) में सभी प्रकार की विद्युत संपत्तियों की मरम्मत, रखरखाव और मैनिंग 02 वर्षों के लिए। **(2) अनुमानित लागत :** रू० 2,09,06,719.90/– **(3) अग्रधन राशि :** रू० 2,54,500/– **(4) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : 19.12.2024** को **12.00** बजे तक निर्धारित है। **(5) उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय :** क्रिस वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/ सा० / का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर। **नोट :** (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।
**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०)/ दानापुर**
पीआर/1609/डीएनआर/ईजीईएन/टी/24–25/48

**पूर्व मध्य रेल**
**ई–निविदा सूचना**
कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा०/पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के द्वारा नीचे लिखे हुए कार्य के संपादन हेतु सक्षम, अनुभवी, वैध विद्युत कन्ट्रेक्टर लाईसेन्स, तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय क्षमता धारक संवेदक से निम्न कार्य के लिए भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई–निविदा के रूप में खुली ई–निविदा आमन्त्रित किया जाता है। **निविदा संख्या एवं तिथि – ई.एल.–जी–एसपीजे–22– ईटी–24–25 (खुली), क्र. सं. (1) कार्य का नाम तथा स्थान :** समस्तीपुर मंडल में आई आर नियंत्रक ऐप के माध्यम से विद्युत संपत्तियों का स्वचालन और निगरानी। **(2) कार्य की अनुमानित लागत :** रू. 3,47,10,806.53 **(3) बयाने / निविदा सुरक्षा की राशि :** रू. 3,23,600/– निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. :– 0/– (शून्य) **(4) प्रस्ताव की वैधता (दिन) :** 60 दिन **(5) निविदा बन्द होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः–20.12.2024 को 12:00 तक। ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 20.12.2024 को 12:30 **(6) वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** वेबसाईट **www.ireps.gov.in**, मंडल रेल प्रबंधक (वि०)/कार्यालय/समस्तीपुर। **नोट :** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाएगा।
**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा०,समस्तीपुर**
**पीआर/1606/एसपीजे/ईजीईएन/टी/24-25/44**

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 30 नवंबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### दामाद के कार में गांव के मनचलों ने लगाई आग

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। धरहरा थाना क्षेत्र में एक कार जला दी गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार धरहरा भलार सुंदर गांव में देर रात असामाजिक तत्वों ने एक कार को आग के हवाले कर दिया। इस संबंध में सुंदर गांव निवासी महेंद्र यादव की पत्नी अनीता देवी ने धरहरा थाने को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। महिला ने थाने को दिए आवेदन के माध्यम से बताया कि उनका दामाद मंटू यादव अपने दोस्त की गाड़ी लेकर शादी की सालगिरह मनाने ससुराल आया हुआ था जहां उसकी गाड़ी में किसी ने आग लगा दी। पीड़ित ने बताया कि घर तक गाड़ी आने का रास्ता नहीं होने के कारण उसके दामाद ने वाहन को भलार दुर्गा मंदिर के पीछे स्थित मैदान में लगा दिया था। इस संबंध में पीड़ित ने भलार गांव के अमित कुमार सिंह सहित अन्य अज्ञात पर गाड़ी जलाने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र दिलखुश कुमार ने जलती गाड़ी के पास से अमित कुमार को भागते हुए देखा है। महेंद्र यादव की पत्नी अनीता देवी ने बताया कि पहले से कोई विवाद नहीं था।

### 1 हजार 699 पेंशनधारियों का बनेगा आयुष्मान कार्ड



जमुई [ झाझा ] जिलेभर में आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर जिलाधिकारी के द्वारा दिये गए आदेशानुसार लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जा रहा है। इसी आलोक में जिलाधिकारी के द्वारा रेफरल अस्पताल झाझा को सूची जारी करते हुए पेंशनधारियों का लिस्ट जारी किया। जानकारी देते हुए अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में 1 हजार 699 पेंशनधारियों का लिस्ट आया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि 70 वर्ष से अधिक पेंशनधारियों के लिए यह सुविधा भी प्रदान किया गया है जिनके पास राशनकार्ड नही है उनलोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक पेंशनधारी लोग अपने ही क्षेत्र में कार्यरत आशा, एएनएम, सीएचओ से सम्पर्क कर सकते हैं।

# स्मार्ट निवेश आज की बचत और कल की सुरक्षा: सुजीत मुखर्जी

## बचत सुरक्षित भविष्य की पहली सीढ़ी: डॉ. गौरी शंकर

प्रात: किरण संवाददाता




जमुईः - जिला मुख्यालय स्थित मुंगेर विश्वविद्यालय का कांस्टीट्यूएंट यूनिट कुमार कालिका मेमोरियल महाविद्यालय के विज्ञान व्याख्यान प्रेक्षागृह (रछळ) में सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (रएइक) एवं सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (उऊरछ) के संयुक्त तत्वाधान में स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. चंद्रमा सिंह ने की.

कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता सह मुख्य अतिथि अवकाश प्राप्त पूर्व सहायक आयुक्त श्रम विभाग एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के सिक्योरिटी मार्केट ट्रेनर डॉ.सुजीत कुमार मुखर्जी ने उद्घाटन संबोधन में कहा कि स्मार्ट सीसी निवेश आज बचत और कल की सुरक्षा है। म्युचुअल फंड निवेश का आसान और प्रभावी तरीका है। दीर्घकालीन सफलता के लिए निवेश और बचत का संतुलन जरूरी है। उन्होंने कहा कि सेबी केवल प्रतिभूति बाजार को विनियमित, विकसित व बाजार की निगरानी का ही कार्य नहीं करता, बल्कि निवेशकों की हितों का संरक्षण और निवेशक जागरूकता कार्यक्रम भी चलाता है। डॉ मुखर्जी ने कहा कि स्मार्ट निवेश का तात्पर्य बिना जल्दी बाजी के अपने वित्तीय लक्ष्य को समझदारी व अनुशासन के साथ पूरा करना है। यह केवल पैसे को बचाने का तरीका नहीं है, बल्कि उसे सही जगह लगाकर धन वृद्धि करने की कला भी है। जैसे रियल एस्टेट (प्रॉपर्टी) में निवेश करना जो समय के साथ मूल्य को बढ़ाता है। निवेश सिद्धांत, स्मार्ट निवेश और निवेश विकल्पों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। छात्र-छात्राओं के शंकाओं का समाधान भी किया, साथ ही साइबर अपराध से निपटने के बारे में भी बच्चों को जागरूक किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.चंद्रमा सिंह ने कहा कि श्री निवेदक की ताकत है। निवेश भविष्य के लिए पूंजी निर्माण का एक बेहतर माध्यम है। जैसे म्युचुअल फंड में निवेश। इसमें निवेश करके 10 वर्षों में अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं, जो बच्चों के पढ़ाई के खर्च को कवर करता है। रियल एस्टेट में निवेश जैसे अपनी बचत से एक छोटा सा प्लॉट खरीद कर दीर्घ अवधि में विक्रय कर अच्छा और अधिक रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं।

स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.गौरी शंकर पासवान ने कहा कि समझदारी से निवेश धन वृद्धि का सही मार्ग है। आज का बचत कल का उज्जवल भविष्य है। बचत की आदत वित्तीय सफलता की कुंजी है। बचत सुरक्षित भविष्य की पहली सीढ़ी है। छोटा निवेश बड़ा लाभ सफलता का महामंत्र है। यदि सपनों को साकार करना है, तो बचत करने की आदत डालनी होगी। फिजूल खर्ची पर काबू पाना होगा। इसलिए बचत करें और आर्थिक सुरक्षा का आनंद ले। क्योंकि नियमित बचत खुशहाल जीवन का आधारशिला है।

उन्होंने कहा कि निवेश का अर्थ अपना पैसा, समय और संसाधन किसी ऐसी जगह पर लगाना या खर्च करना है, जहां से भविष्य में बेनिफिट या अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना हो। जैसे बैंक में फिक्स डिपाजिट करते हैं, शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं तो यह एक निवेश है। यदि आप स्किल को सिखने में समय लगाते हैं, तो यह भी एक निवेश है। क्योंकि इससे भविष्य में कैरियर में तरक्की हो सकती है। निवेश का उद्देश्य है कि आप जो रुपए समय और संसाधन लगाते हैं, उनसे भविष्य में अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करना। प्रो.कैलाश पंडित, डॉ. अंसार अहमद, डॉ.श्वेता सिंह, डॉ. रश्मि कुमारी आदि ने एक स्वर में कहा कि निवेश और बचत वित्तीय प्रबंधन की पहली आवश्यकता है। निवेश और बचत व्यक्तिगत जीवन में ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी योगदान देते हैं। इसलिए पहले छोटी बचत से ही शुरूआत करना चाहिए।

इस अवसर पर डॉ मनोज कुमार, डॉ.डीके गोयल, डॉ. सत्यार्थ प्रकाश, डॉ.अमोद कुमार तथा कार्यालय सहायक रवीश कुमार, बटेश्वर यादव, कृष्णागिरी आदि काफी संख्या में शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सहायक महाप्रबंधक को दी विदाई



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] एसबीआई शाखा में शाखा प्रबंधक से सहायक महाप्रबंधक के पद पर प्रोन्नत होकर स्थानान्तरण होने पर शाखा में विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रोफेसर रामोतार सिंह ने किया। बीडीओ ने अपने सम्बोधन में कहा कि एक पदाधिकारी का क्षेत्र में बेहतर कार्य ही उनकी कार्यशैली को दशार्ता है। इस क्षेत्र के लोग सदैव प्यार एवं स्नेह लोगों को दिया है। सहायक महाप्रबंधक ने कहा कि हमने कार्यकाल में कोई भी बैंक ग्राहक को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नही होने दिया बल्कि उनके समस्या को स्वयं सुनकर तुरन्त समाधान भी किया। अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं अन्य लोगों ने कहा कि जेपी सिंह ने जबतक शाखा में प्रबन्धक के पद पर रहा उन्होंने सिर्फ बैंक के कार्यो से मतलब नही रखा बल्कि समाज से जुड़कर सामाजिक कार्यो को भी बखूबी निभाया है जिसकी चर्चा क्षेत्र में हमेशा बनी रहेगी। मौके पर बीडीओ रविजी, शाखा में पदभार ग्रहण किए शाखा प्रबंधक चंदन कुमार ओमियार, सीताराम पोद्दार, अनिल बरनवाल, घनश्याम गुप्ता, बैंक कर्मी मनोज कुमार सहित अन्य लोगों ने सहायक महाप्रबंधक जेपी सिंह को बुके, अंगवस्त्र एवं अन्य उपहार देकर विदाई दिया तो नए शाखा प्रबंधक का भी जोरदार स्वागत किया। नए प्रबन्धक ने कहा कि जिस तरह से पूर्व के शाखा प्रबंधक ने बैंक ग्राहकों से लेकर समाज के अन्य लोगों के बीच अपने कार्यो को किया है वही कार्य आगे भी वैसे ही होते रहेगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# बिचौलियों के द्वारा कराया जा रहा है सरसा जाने वाली पीसीसी सड़क का निर्माण

## कार्यस्थल पे बोर्ड लगाए बिना ही धड़ल्ले से करा रहे सरकारी कार्य



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के एन एच 333 सरसा मोड़ जाने वाली गली में विशेष केंद्रीय सहायता मध्य से बन रहे सरसा ग्रामीण पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता देखा जा रहा है। ब्रिक्स टुकड़ा ईटा को उपयोग किया जा रहा है। बिना मिट्टी को दबाए हुए ईट सोलिंग का कार्य किया जा रहा है। इसमें विभागीय स्तर पर कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन जमुई सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता द्वारा निर्माण कार्य कराया जाना है। लेकिन कार्य स्थल पर बिचौलियों के द्वारा काम कराया जा रहा है। वहीं अभियंता को फोन कर शिकायत कर रहे ग्रामीण ओंकार यादव,दिनेश यादव,मोती यादव,सिंघेश्वर यादव,कैलु यादव,मनोज साह द्वारा बात किया गया तो प्राक्कलन बताने से इनकार कर दिया। गिद्धौर प्रखंड में चल रहे सरकार प्रायोजित योजनाओं पर बिना योजना का बोर्ड लगाए ही काम कराया जा रहा है।, सड़क निर्माण और अन्य कार्य शामिल है। लेकिन इन योजनाओं को शुरू होने से पहले निर्माण स्थल पर निर्माण कार्य के संबंध में किसी प्रकार का बोर्ड नहीं लगाया जाता है। जिसके कारण ग्रामीणों को यह नहीं पता चल पाता है कि निर्माण कार्य किस योजना के तहत कराया जा रहा है। योजना का प्राक्कलन क्या है और प्राक्कलित राशि कितनी है। यह पता नहीं रहने के कारण स्थानीय लोग योजना के बारे में जानकारी नहीं होती है और इसी बीच योजना के अभिकर्ता अधिकारी के मिली भगत से जैसे तैसे योजना को पूर्ण दिखा कर राशि का बंदरबांट कर लेते है। और धरातल पर योजनाओं का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाता और लोगों की समस्या जस का तस बना रह जाता है। वही इस संबंध में पूछे जाने पर जेई रंजीत कुमार ने बताया कि आप हमें वीडियो भेज दीजिए जांच करते हैं। वही इस संबंध में एसडीओ अलका ज्योति ने बताया कि हम लोग कार्यस्थल पर आकर देख लेते हैं।

### जिले के 1803 स्कूलों के रखरखाव मद में करोड़ो रुपये हुए आवंटित

गिद्धौर। वित्तीय वर्ष के उत्तरार्ध में अब शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों के लिए खजाना खोल दिया है। इसके तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में समग्र शिक्षा के तहत कंपोजिट ग्रांट के रूप में जिले के 1803 प्राथमिक,मध्य,माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों को करोड़ो रुपए आवंटित किए गए हैं। इस राशि का उपयोग विद्यालयों के रख-रखाव,रिपेयरिंग,रंग-रोगन व अन्य कार्यों में किया जा सकता है। डीपीओ समग्र शिक्षा ने जिले के सभी स्कूलों को विद्यालय कंपोजिट ग्रांट राशि का उपयोग विद्यालय रख-रखाव में करने के उपरांत वेंडर का भुगतान पीएफएमएस के वेब पोर्टल में निर्गत ई-पेमेंट प्रिंट एडवाइस में ही करने का निर्देश दिया है।

# विद्यालय के बाहर अनामांकित बच्चों के लिए गृहवार सर्वेक्षण के लिए प्रशिक्षण आयोजित


प्रात: किरण संवाददाता

- 6 से 14 एवं 15 से 19 आयु वर्ग के विधालय से बाहर बच्चों का सर्वेक्षण हेतू एक दिवसीये प्रशिक्षण

गिद्धौर। प्रखंड संसाधन केंद्र गिद्धौर में विद्यालय के बाहर 6-14 एवं 15-19 आयु वर्ग के बच्चों की पहचान हेतु प्रखंड के सभी प्राथमिक विद्यालय के प्रधान एवं सहायक शिक्षक का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शमशुल होदा ने की। शमशुल होदा ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए बताया कि सभी विद्यालय प्रधान अपने विद्यालय के अनुभवी शिक्षक को नोडल नियुक्त करते हुए अपने विद्यालय के पोषक क्षेत्र के बीएलओ से मतदाता सूची प्राप्त कर वैसे अभिभावकों के घर को चिन्हित करेंगे जिनके बच्चे या तो लंबे समय से विद्यालय नहीं आ रहे हैं या वो अनामांकित बच्चें हैं,उनकी सूची बनाएंगे।इस काम के लिए संबंधित विद्यालयों के शिक्षक/शिक्षा सेवकों/ आंगनवाड़ी सेविकाओं/शिक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक/परिचर्चा कर वैसे घरों को चिन्हित करने के लिए रणनीति तैयार की जाएगी।गुरूवार को भी सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रधान एवं सहायक को प्रशिक्षण दिया गया था।प्रशिक्षक के रूप में बीआरपी मनोज सिंह,दिलीप कुमार मंडल मौजूद थे।प्रशिक्षण में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शमशुल होदा के अलावे बीआरपी मनोज सिंह,राजकिशोर सिंह,केदार सिंह,रीना कुमारी, शिक्षक दिलीप मंडल,बशिष्ठ नारायण,राजीव वर्णवाल,दिनेश रजक,प्रदीप चौधरी,शैलेन्द्र कुमार,विकास केशरी,मनीषा कुमारी,राजेश पांडेय,पिंकी कुमारी,सीता कुमारी,बबीता कुमारी,आदित्य कुमार,जितेन्द्र कुमार,नीरज कुमार,संजय रजक,आशीष भारती सहित कई विद्यालय प्रधान एवं सहायक शिक्षक उपस्थित थे।

# पति पत्नी ने एक दिन के अंतराल पर की आत्महत्या

प्रात: किरण संवाददाता



बरियारपुर (मुंगेर)। प्रेम विवाह के अभी महज 10 माह ही हुए थे कि प्रेमी से पति बने लड़के ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आज दो दिन बाद पति के वियोग में प्रेमिका से पत्नी बनी लड़की ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के परिजन के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। दोनों परिवार इसे आत्महत्या के जगह हत्या का आरोप लगा रहे हैं। इससे पुलिस की मुश्किलें बढ़ गई है। यूडी केस के जगह अब पुलिस हत्या के एंगल से मामले की जांच में जुट गई है।

पूरा मामला मुंगेर जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र की है। अभी जहां पति के चिता की आग ठंडी भी नहीं हुई थी कि पत्नी के चिता से लोग सकते में हैं।

दरअसल थाना क्षेत्र के पश्चिमी अजीमगंज निवासी टुनटुन विश्वकर्मा की बेटी प्राची ने घर से एक किलोमीटर दूर हटिया चौंक निवासी शंभू विश्वकर्मा के पुत्र उज्जवल विश्वकर्मा से 10 माह पूर्व घरवालों के विरोध के बावजूद प्रेम विवाह कर भाड़े के का मकान ले राजगंज शिवालय के पास रह रहा था। घटना को लेकर उज्वल के परिजनों ने प्राची के मायके वालों पे हत्या का आरोप लगाया। पर संयोग ऐसा हुआ कि पति के मौत के सदमें में रह रही प्राची ने भी एक खौफनाफ कदम उठाते हुए खुद भी फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। उधर शव को ले अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे परिजनों ने अब मृतक उज्ज्वल के परिवार वालों पे भी हत्या का आरोप लगाने लगे हैं। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस प्राची के शव को अपने कब्जे में ले आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, घटना में बाइक पर सवार दम्पति हुआ घायल



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] झाझा एकडारा एनएच 333 मुख्य मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की दोपहर एक बाइक में सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे बाइक पर बैठे दम्पति घायल हो गया। घायल दम्पति का इलाज करने वाले डॉक्टर बीके राय में बताया कि घायल सिकन्दर के सिर में पांव में गम्भीर चोट लगा जिसके कारण खून का बहना रुक नही रहा था जिसका प्राथमिक उपचार करने के बाद जमुई रेफर कर दिया गया। घायल सविता देवी में बताया कि मेरी तबियत खराब है और इलाज के लिए पति के साथ बाइक पर बैठक डॉक्टर के पास जा रहे थे कि तभी झाझा दिशा से आ रही ट्रक ने जोरदार टक्कर बाइक में मार दिया। घटना स्थल पर पहुंचे समाजसेवी गौरव सिंह राठौड़ के द्वारा घायल दम्पति को उठाकर ई रिक्शा के सहारे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा लाया गया जहाँ डॉक्टर घायल दम्पति का इलाज किया। घायल की पहचान थानाक्षेत्र के पांडेडीह गांव के रहने वाले सिकन्दर यादव और उसकी पत्नी सविता देवी के रूप में हुई वही डॉक्टर ने घायल दम्पति का इलाज किया जिसमें गम्भीर रूप से घायल सिकन्दर यादव की स्थिति नाजुक रहने पर डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। मौके स्थल से फरार हो गया। घटना की जानकारी पुलिस को मिलने पर एसआई कुंज बिहारी अस्पताल पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली और छानबीन की प्रक्रिया में जुट गए।

# गिद्धौर में नल जल योजना की टोटी टूटने से हजारों लीटर पानी की हो रही बबार्दी



प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। सरकारी स्तर पर एक तरफ जहां जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने का काम युद्धस्तर पर जारी है, वहीं दूसरी ओर विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से प्रतिदिन हजारों लीटर शुद्ध पेयजल बर्बाद हो रहा है। गिद्धौर में विभिन्न स्थानों पर विभागीय स्तर पर सार्वजनिक नल लगाए गए हैं। लेकिन आए दिन अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा इनका टोटी तोड़ दिए जाने से प्रतिदिन हजारों लीटर शुद्ध पेयजल बर्बाद हो रहें है। गिद्धौर में टूटे नालों से लगातार बहते पानी का नजारा दिखना आम है, पर न तो इसपर विभाग का ध्यान है और न ही जनप्रतिनिधियों का। सरकारी कागजों पर कार्यपूर्ति का ढिंढोरा पीटने वाले अधिकारियों के उदासीन रवैये पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ग्रामीण और आसपास के दुकानदार बताते हैं कि कई दफा अपने पैसे से टोटी लगाते हैं। लेकिन इन सार्वजनिक स्थानों पर पानी की रोज हो रही बबार्दी को देखने वाला कोई नहीं है। जनप्रतिनिधि भी उदासीन बने हुए हैं। अब, लोगों के मन में सवाल उठ रहा है कि सरकारी महकमे द्वारा छेड़े गए जल-संरक्षण की मुहिम के बावजूद भी इस अखंड जल की बबार्दी का आखिर जिम्मेदार कौन है?

# तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2024 में भाग लेने के लिए मधुबनी जिले की टीम रवाना




प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार पटना एवं जिला प्रशासन लखीसराय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2024 दिनांक 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित है इस उत्सव में भाग लेने के लिए टीम प्रभारी राज्य पुरस्कार से सम्मानित डॉ शिवनारायण मिश्रा प्रेरणा कुमारी धीरज कुमार शिवम मिश्रा के नेतृत्व में मधुबनी जिला की कलाकारों की टीम लखीसराय रवाना हुई ' कलाकारों की सूची इस प्रकार है शास्त्रीय नृत्य में खुशी कुमारी,नाटक एकांकी में रंजीत कुमार राय, रमेश कुमार, अमरनाथ कुमार देव कुमार राय ,अहमद रजा, खुशी कुमारी, प्रीति कुमारी ,स्नेहा राज, प्रभात रंजन उनके साथ संगत कलाकार है शिवम मिश्रा, अमित कुमार, धीरज मिश्रा , लोक गायन (एकल) विद्या में प्रिया कुमारी लोग गायन (समूह) में रूपांजलि कुमारी, रजनी झा, नंदनी कुमारी ,चंदा कुमारी ,लक्ष्मी कुमारी प्राची कुमारी झा संगत कलाकार बिरजू कुमार मिश्रा दीपू कुमार अनिल कुमार चित्रकादि में पिंटू कुमार वक्रता में कुमार कार्तिकेय सिंह हारमोनियम वादन में तृप्तिबाला कुमारी लोक नृत्य एकल में खुशी कुमारी लोक नृत्य समूह में साक्षी कुमारी ,संजली कुमारी, डोली कुमारी मीनाक्षी कुमारी संगत कलाकार साक्षी कुमारी, प्रज्ञा कुमारी, प्रिया कुमारी पुरुषोत्तम मिश्रा, अमित कुमार शिवम मिश्रा ,छायाचित्र विद्या में पवन कुमार हस्तकला विद्या में सिद्धि कुमारी शास्त्रीय वादन (सितार) में सर्वोत्तम मिश्रा संगत कलाकार पुरुषोत्तम मिश्रा शास्त्रीय वादन तबला में पुरुषोत्तम मिश्रा संगत कलाकार सर्वोत्तम मिश्रा शास्त्रीय गायन में कीर्ति कुमारी कहानी लेखन में प्रभात रंजन थेमेटिक प्रतियोगिता साइंस मेला समूह में नीरज मोदी गौतम सिंघल राहुल कुमार थीमेटिक प्रतियोगिता साइंस मेल एकल में नेहा कुमारी जानकारी देते हुए जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने बताया कि दिनांक 4 और 5 अक्टूबर को नगर भवन मधुबनी में आयोजित प्रतियोगिता के आधार पर इन कलाकारों का चयन किया गया है लखीसराय में चयनित कलाकार राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे इस टीम को उप निर्देशक जनसम्पर्क मधुबनी परिमल कुमार के साथ-साथ जिला कला संस्कृति सह खेल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने हरी झंडी देकर रवाना किया। उन्होंने टीम के सभी कलाकारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मधुबनी जिले की टीम राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न विधाओं मे अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी। शुभकामना देने वालों में खेल शिक्षक सुनील कुमार ठाकुर ,जितेश कुमार, पूजा ठाकुर, अभिषेक कुमार राकेश रोशन हरेराम सिंह, राकेश कुमार गुड्डू रंजन कुमार तथा अन्य लोग शामिल थे।

### जदयू का कार्यकर्ता सम्मेलन आज, जुटेंगे कई दिग्गज नेता



बरियारपुर (मुंगेर)। टाउन हॉल मैदान मुंगेर में जिला जद (यू) का 30 नवंबर को कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित है। उक्त जानकारी देते हुए जद यू जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुंगेर लोकसभा के सांसद सह केंद्रीय मंत्री पंचायती राज, पशुपालन, मत्स्यपालन, एवं डेयरी मंत्रालय भारत सरकार राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह रहेंगे। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री बिहार सरकार श्रवण कुमार, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला मंडल, पूर्व मंत्री सह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, पूर्व मंत्री सह राष्ट्रीय महासचिव राम सेवक सिंह कुशवाहा, पूर्व सांसद श्रीमती कहकशा परवीन, पूर्व सांसद सह अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल, विधायक राजीव सिंह, पूर्व मंत्री जयकुमार सिंह एवं शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार होंगे।

# मुद्रा एक्सचेंज व्यवसाय से तीन लाख लूट मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

## सीसीटीवी फुटेज के अधार पर चार अपराधकर्मी का पहचान



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर डीएसपी ने प्रेस को संबोधित करते हुए दिया जानकारी पिस्टल के बल पर मुद्रा एक्सचेंज ब्यवसाई से 3 लाख की लूट मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार जयनगर थाने में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीएसपी विप्लव कुमार ने बताया है 22 नवम्बर की संध्या करीब 05:30 बजे जयप्रकाश यादव पिता जुगत लाल यादव पीठवाटोल निवासी अपने पुत्र चंदन कुमार यादव के साथ जयनगर बाजार करते हुए घर जा रहे थे कि जयनगर स्टेशन के पश्चिम नेपाली रेलवे स्टेशन के सीढ़ी के पास चार अपराधकर्मी हथियार के बल पर जयप्रकाश यादव एंव उनके पुत्र चंदन कुमार यादव के पास से एक बैग छिन लिया एंव इस घटना के क्रम मेंअपराधकर्मी के द्वारा चंदन कुमार यादव के पेट में गोली मार दिया गया एंव जयप्रकाश यादव को भी बंदुक के बट से सिर पर मार कर जख्मी कर दिया गया जिनका वर्तमान में दोनों पिता-पुत्र खतरे से बाहर है तकनीकी अनुसंधान तथा सीसीटीभी फुटेज के अधार पर चार अपराधकर्मी का पहचान स्थानीय स्तर पर किया गया है जिसमें एक अपराधकमी मानिक सिंह उम्र 24 वर्ष पिता विजय कुमार सिंह सेलरा निवासी को गिरफ्तार किया गया है। इसके निशानदेही पर अन्य के विरूद्ध छापामारी किया गया है। जिनके विरूद्ध पूर्व से अपराधीक इतिहास है।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए 10 लाख रूपए तक निःशुल्क इलाज की सुविधा

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों 70 वर्ष या उससे अधिक को आयुष्मान भारत वय वंदन कार्ड से आच्छादित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा विशेष अभियान चलाया गया है। 20 नवम्बर से जारी यह अभियान 10 दिसंबर तक चलेगा। विदित हो कि जिलांतर्गत इस योजना से अब तक मात्र 2595 लाभार्थी आच्छादित हैं तथा इस अभियान के दौरान 1050 लाभार्थी आच्छादित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि राशन कार्ड के द्वारा चिन्हित परिवारों के वरिष्ठ नागरिक जिन्होंने पूर्व में अपना आयुष्मान कार्ड बनाया है उन्हें पुनः आयुष्मान भारत वय वंदन कार्ड हेतु केवाईसी कराना है। इसके उपरांत वह व्यक्ति प्रतिवर्ष अतिरिक्त 5 लाख रुपए का इलाज करा सकते हैं। ऐसी स्थिति में वरिष्ठ नागरिक प्रतिवर्ष 10 लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज सूचीबद्ध अस्पतालों में करा सकते हैं। किसी भी आय वर्ग के व्यक्ति जिनकी उम्र 70 वर्ष या उससे अधिक हो इस योजना के अंतर्गत कार्ड बनवा सकते हैं। इसके लिए अपना आधार कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल नंबर की जरूरत होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम समन्वयक विमला कुमारी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए जिला से लेकर सभी प्रखंड के सरकारी अस्पतालों के डिजिटल काउंटर पर यह सुविधा उपलब्ध है। अर्थात सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र , सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा सदर अस्पताल में सुविधा है। इसके अतिरिक्त सभी नगर निकायों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही आशा के माध्यम से एवं वसुधा केन्द्र पर कार्ड बनवा सकते हैं।

सम्पादकीय

## अडानी, संभल और मणिपुर पर बुरी तरह से घिरी सरकार, विपक्ष लामबंद

शीतकालीन सत्र शुरू हुए 4 दिन का समय हो चुका है। विपक्ष ने अडानी समूह, संभल और मणिपुर पर काम रोको प्रस्ताव लाकर चर्चा कराने की मांग रखी है। चारों दिन दर्जनों की संख्या में काम रोको प्रस्ताव लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा दोनों सदनों की आसंदी को देकर चर्चा कराने की मांग की गई है। दोंनो सदनों मैं विपक्ष की यह मांग सरकार और आसंदी द्वारा नहीं मानी गई। जिसके कारण बार-बार लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। काम रोको प्रस्ताव के माध्यम से यदि चर्चा शुरू होती है तो ऐसी स्थिति में मतदान तक की स्थिति आ सकती है। सरकार के लिए काम रोको प्रस्ताव के माध्यम से चर्चा कराने से बड़ा खतरा हो सकता है। निश्चित रूप से सरकार यह जोखिम लेना नहीं चाहेगी। गौतम अडानी और उनके भतीजे के खिलाफ अमेरिका की कोर्ट में चार्जशीट दायर हुई है उसके बाद सारी दुनिया के देशों में अडानी समूह को लेकर चर्चा हो रही है। कई देशों ने अडानी के साथ हुए समझौतों को रद्द कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने अडानी समूह की रेटिंग घटा दी है। शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली। इसके चलते विपक्ष के हाथ में एक बड़ा मुद्दा लग गया है। इसी बीच संभल की जामा मस्जिद में जिस तरह का विवाद खड़ा किया गया। जिसके कारण वहां पर दंगा हो गया। पांच लोगों की मौत हो गई। यह मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अजमेर दरगाह शरीफ मामले में इसी तरह का विवाद सामने आ गया है। मणिपुर में 1 साल से अधिक का समय हो गया है। वहां हो रही हिंसा में अभी तक 300 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। हजारों नागरिक शरणार्थी शिवरों में रह रहे हैं। बहुत बड़ी संख्या में सुरक्षा बल को तैनात करने के बाद भी मणिपुर में शांति स्थापित नहीं हो पा रही है। इतने लंबे समय के बाद भी केंद्र सरकार इन विवादों का कोई वास्तविक हल नहीं निकाल सकी है। इन सभी मामलों को लेकर विपक्ष के तेवर बहुत कड़े हैं। सरकार को लगता था, महाराष्ट्र और हरियाणा का चुनाव जीत जाने के बाद विपक्ष कोमा में चला जाएगा। लेकिन विपक्ष कोमा में जाने के स्थान पर आक्रामक रूप से सरकार पर हमला कर रहा है। दोनों चुनाव में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, पक्षपात और चुनाव में जो गड़बड़ी हुई है। ईवीएम मशीन, मतदान का परसेंटेज बार-बार बढ़ाने तथा 99 फीसदी बैटरी चार्ज रहने का मामला अब तूल पकड़ गया है। पूरा विपक्ष एकजुट हो गया है। विपक्ष अब ईवीएम के स्थान पर वैलट से चुनाव कराने के लिए एकजुट हो गया है। इसके लिए आंदोलन भी शुरू किया जा रहा है। सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है, अडानी का नाम लेते ही लोकसभा और राज्यसभा की आसंदी और सरकार जिस तरह से भड़कती है। भाजपा अडानी के बचाव में खड़ी हो जाती है। उसको लेकर सभी को आश्चर्य हो रहा है। पिछले 7 दशक में बड़े-बड़े घोटाले और घपलों को लेकर सदन में हमेशा चर्चा होती रही है। सदन के अंदर टाटा-बिरला की सरकार नहीं चलेगी, के नारे 70 और 80 के दशक में हमेशा सदन के अंदर लगते रहे हैं। जनसंघ और भाजपा इसी तरह के नारे सदन के अंदर लगाती रही है। सदन के अंदर सदस्यों को कभी बोलने से नहीं रोका गया। यदि सदस्यों द्वारा कुछ ऐसी बातें कही गई हैं। जो सदन के रिकॉर्ड में रखना सही नहीं होता था, उसे रिकॉर्ड से हटा दिया जाता था। उस समय सदस्य से बोलने के पहले सदन के अंदर सबूत नहीं मांगे गए। पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह के प्रतिबंध संसद सदस्यों पर लगाए जा रहे हैं वैसे प्रतिबंध तो, आपातकाल में भी नहीं लगाए गए थे। आपातकाल में समाचार पत्रों के लिए जो सेंसरशिप लागू की गई थी। उसमें भी इस तरह के प्रतिबंध नहीं थे, जैसा इन दोनों सदन के अंदर देखने को मिल रहे हैं। आसंदी विपक्ष के साथ जिस तरह का व्यवहार कर रही है, वह भी कल्पना से परे है। संसदीय परंपराओं में जब भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में तनातनी देखने को मिलती थी, उस समय लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों को बुलाकर गतिरोध को दूर करने का प्रयास करते थे, लेकिन अब ऐसा लगता है, आसंदी सत्ता पक्ष के प्रतिनिधि के रूप में काम कर रही है। जिसके कारण सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में गतिरोध बढ़ता ही चला जा रहा है।

## वाह रे अकड़बाज-अकड़ में रहोगे तो रास्ते भी ना देख पाओगे, मंजिल पाना तो बहुत दूर की बात

वैश्विक स्तरपर अकड़बाजी एक ऐसा अनूठा मानवीय विकार है, जो मानवीय कतार में अंतिम व्यक्ति से लेकर प्रथम व्यक्ति में, चपरासी से लेकर उच्चस्तरीय अधिकारी, संतरी से लेकर मंत्री व देशी उच्चस्तरीय पदासीन से लेकर पूरी दुनियाँ के उच्चस्तरीय पदासीनों में पाया जा सकता है इसीलिए ही अनेक जुमले जैसे, चीन ने दिखाई अपनी अकड़बाजी, अकड़बाज कलेक्टरों को सबक सिखाएंगे सीएम, पद मिलते ही अकड़बाजी बढ़ी जैसे अनेकों जुमले हमें जीवन में अनेकों बार सुनने को मिलते रहते हैं। अभी 23 नवंबर 2024 को विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आते ही एक खबर, प्रिंट व डिजिटल मीडिया में वायरल हुई कि चुनाव जीतने के बाद सर्टिफिकेट मिलते ही चुनाव जीते उम्मीदवार अकड़बाज हुए, यह हेडिंग देखने को मिलीकुदरत ने इस खूबसूरत सृष्टि में मानव काया की अनमोल रचना कर उसे कुशाग्र बुद्धि क्षमता के रूप में अनमोल अस्त्र सौंपा है ! तो गुरूर, अभिमान, अहंकार, अकड़, अहंवाद, गुमान, नखरो जैसी अनेक विशुद्धयां भी डाली है, और उसे चुनने की ताकत भी इस मानवीय जीव में डाल दी है ताकि मानवीय जीवन यात्रा में अच्छे काबिल और उचित लोग उस उचित स्थान याने मंजिल तक पहुंच सके और सारी मानवता का कल्याण कर अच्छाई से अपनी जीवन यात्रा पूर्ण कर वापस वैकुंठ धाम में प्रवास करें, हमने अपने बड़े बुजुर्गों से सुने हैं कि जिस मानव के पास लक्ष्मी मां प्रवास करती है तो उसे पद, प्रतिष्ठा देकर उसकी परीक्षा लेती है, जिसमें विकारों से लेकर उपरोक्त विशुद्धियां और नम्रता, सहयोग, इमानदारी जैसी शुद्धियों का घेरा डालती है, फिर मानव का कार्य है कि अपनी बुद्धि के बल पर विशुद्धियों और शुद्धियों का चुनाव करें स्वाभाविक ही है, कुशाग्र बुद्धि का व्यक्ति शुद्धियों को और बाकी लोग विशुद्धियों को चुनेंगे जिसके कारण विशुद्धियों को चुनने वाले के यहां से लक्ष्मी मां प्रस्थान करती है यह महत्वपूर्ण बात संपूर्ण मानव जाति के लिए रेखांकित करने योग्य बात है। इन उपरोक्त पैरा में बताए गए शब्दों को हम गुरूर में परिभाषित कर सकते हैं, यही लक्ष्यों की सफलताओं में सबसे बड़ा बाधक है इसलिए हर व्यक्ति को चाहिए कि नम्रता, सहयोग, ईमानदारी सहित सभी शुद्धि सूचक शब्दों को अपनाकर लक्षित मंजिलों तक पहुंचकर अपना खुद का, समाज, जिला, राज्य और राष्ट्रीय का भला कर सकते हैं।

साथियों बात अगर हम अकड़ को समझने की करें तो, किसी भी व्यक्ति में अकड़ आती है तो उसके पीछे ज्यादातर दो ही वजह हो सकती है पहला पैसा दूसरा पावर। इन दोनों से अकड़ का बढ़ जाना स्वाभाविक हो जाता है, इनके आगे कोई रिश्ता मायने नही रखता है लोगों के लिए। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि ऐसा मेने अपने आस पास होता हुए देखा है। इतिहास गवाह है कि अकड़ में रहने से नुकसान ही होना है रावण का उदाहरण अद्वितीय है। अकड़ एक खुशहाल परिवार को तबाह कर बस अकेले जीने के लिए भी मजबूर कर सकती है। ये एक तरह का पर्दा आंखों पर डाल देती है जिससे उसको कुछ दिखाई ना दे। जब कोई इंसान आपसे मेलजोल बनाये नही रखेगा तो अपने आप ही अपने मन मे में ब उसके प्रति व्यवहार कम हो जाएगा या यूं कहें कि खत्म ही हो जाएगा। आजकल सबको ये पसन्द है कि अच्छे से विनम्र होकर कोई बात करे सम्मान दे। अकड़ में रहने से इंसान अकडा जाता है। उनकी विचारधारा अलग ही स्तर की होती है वो मानते हैं कि बस जो है हम है तो ऐसे स्वभाव के लोग रिश्ते क्या समझ पाएँगे ? रिश्तों को निभाने के लिए विन्रम के साथ साथ मिलनसार होना भी बहुत आवश्यक है। साथियों बात अगर हम अपने दैनिक दिनचर्या की करें तो हमारा शासकीय, अशासकीय, निजी क्षेत्रों में अनेक ऐसे पदों पर बैठे अधिकारियों, व्यक्तियों, कर्मचारियों से पाला पड़ा होगा और हम सोचने पर मजबूर हो गए होंगे ? कि पद के लिए कितना गुरूर है इन्हें ! जब यह पद चला जाएगा या रिटायर्ड हो जाएंगे तो इनका क्या होगा और हमने अपनी आंखों से ऐसे व्यक्तियों की बुरी हालत होते देखी है, उनका परिवार अशांत रहता है, आंतरिक सुख उन्हें कभी नहीं मिलता क्योंकि उन्होंने जीवन भर अपने गुरूर और भ्रष्टाचार को अपना रखा था तो उनका जीवन कभी सुखी नहीं होगा वह अपने जीवन के लक्ष्य तक कभी पहुंच नहीं पाएंगे ऐसी गारंटी है। साथियों बात अगर हम गुरूर रूपी विशुद्धि से हानियों की करें तो, गुरुर जीवन का सबसे बड़ा संकट है, ये जिस पर छा जाता है, उसके जीवन को बर्बाद कर देता है।

# ऑनलाइन कोर्ट: सुलभ और पारदर्शी न्याय का नया युग!

**यह अदालत एक ऐसी प्रणाली के तहत काम करेगी, जहां वादियों और वकीलों को भौतिक रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। कहीं से भी, किसी भी समय, केवल एक ऑनलाइन प्रपत्र भरकर केस दर्ज किया जा सकता है। इस प्रणाली के तहत एक मजिस्ट्रेट और तीन कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, जो पूरी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करेंगे।**





**सोनम लववंशी**
**लेखक**

बीते दिनों न्यायिक प्रणाली में एक आमूल-चूल परिवर्तन देखने को मिला। जिससे सुलभ और पारदर्शी न्याय की आस जगना स्वाभाविक है। दरअसल न्यायिक प्रणाली का व्यवस्थित और सुचारू रूप से क्रियान्वित होना, एक सभ्य समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है और उसे आधुनिक बनाना समय की जरूरत है। वर्तमान समय में देश के भीतर संवैधानिक व्यवस्था के तले सभी को समान न्याय मुहैया कराने की तो बात की जाती है, लेकिन जब समय पर न्याय उपलब्ध कराने की बात आती है, तो उस मामले में हमारी व्यवस्था काफी पिछड़ी हुई दिखाई पड़ती है। समय से न्याय न मिलना, अपने-आपमें स्वयं किसी अन्याय से कम नहीं। इन सबके बावजूद न्याय का मंदिर सिर्फ वादी-प्रतिवादी की फाइलों के ढ़ेर से भरा पड़ा है और न्याय के लिए लोग सिर्फ तारीखों के इंतजार में अपना समय, धन और क्या कुछ नहीं गंवा देते। इसी बीच केरल के कोल्लम में देश की पहली 24७7 ऑनलाइन कोर्ट की व्यवस्था की है। इस प्रकार का नवाचारी कदम कहीं न कहीं देश में न्यायिक प्रणाली को डिजिटल और आधुनिक बनाने की दिशा में एक नई क्रांति की शुरूआत है।

गौरतलब हो कि इस पहल का उद्घाटन 17 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी.आर. गवई द्वारा किया गया था, जिन्होंने इसे न्याय की उपलब्धता और दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल लाखों भारतीयों को न्याय प्राप्त करने में मदद करेगी और सभी के लिए न्याय की संविधानिक प्रतिबद्धता को साकार करने में सहायक होगी। देखा जाए तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ संविधान में लिखें वाक्यों से लोगों के जीवन में बदलाव दृष्टिगोचर नहीं होगा। इसीलिए इस तरह के कदम से देशवासियों को काफी उम्मीद है और यह पहल न सिर्फ न्यायिक प्रक्रिया को अधिक सुलभ, कुशल और पारदर्शी बनाने की दिशा में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से न्याय को व्यापक जनसमूह तक पहुंचाने का यह प्रयास, एक ऐसी सोच का प्रतीक है जो समाज के हर वर्ग को न्यायिक प्रक्रिया में समाहित करना चाहती है।


यह अदालत एक ऐसी प्रणाली के तहत काम करेगी, जहां वादियों और वकीलों को भौतिक रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। कहीं से भी, किसी भी समय, केवल एक ऑनलाइन प्रपत्र भरकर केस दर्ज किया जा सकता है। इस प्रणाली के तहत एक मजिस्ट्रेट और तीन कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, जो पूरी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करेंगे। डिजिटल माध्यम के जरिए यह सुविधा न्यायालयों के भारी दबाव को कम करने में सहायक होगी। खासकर उन मामलों के लिए, जिन्हें त्वरित निपटारे की आवश्यकता होती है।

आधुनिक तकनीक के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया को आसान बनाना, एक ऐसी सोच को दशार्ता है जो सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय को व्यावहारिक रूप से साकार करने की ओर अग्रसर है। आज, न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या करोड़ों में है। ऐसी स्थिति में यह डिजिटल पहल न केवल लंबित मामलों के बोझ को कम करने में सहायक होगी, बल्कि समय और संसाधनों की भी बचत करेगी। एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह ऑनलाइन कोर्ट वादियों के लिए न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया को सहज और सरल बनाएगी। कई बार वादियों को न्यायालयों तक पहुंचने के लिए भौगोलिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए न्यायालय तक पहुंचना एक कठिन कार्य है। ऑनलाइन कोर्ट की यह पहल इन चुनौतियों को समाप्त कर, एक ऐसा मंच प्रदान करती है, जो सभी को समान अवसर देता है।

इसके अतिरिक्त, इस पहल से न्यायालयों में पारदर्शिता बढ़ेगी। डिजिटल माध्यम से संचालित प्रक्रिया रिकॉर्डिंग, डॉक्यूमेंटेशन और निगरानी के लिए बेहतर होगी, जिससे न केवल वादियों को भरोसा मिलेगा, बल्कि न्यायिक अधिकारियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। यह कदम भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को रोकने में भी प्रभावी सिद्ध हो सकता है। इस पहल के तहत फिलहाल कोल्लम जिले की चार अदालतों में कार्यवाही शुरू की गई है, और अन्य जिलों में भी इसे लागू करने की योजना है। इसका उद्देश्य राज्य और देश के सभी हिस्सों में ऐसी ऑनलाइन अदालतों की स्थापना कर, एक समग्र डिजिटल न्यायिक प्रणाली विकसित करना है। यह पहल न्यायिक क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक ठोस कदम है, जो भारत की न्यायिक प्रणाली को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और कुशल बनाएगी।

# जलवायु परिवर्तन के खतरों से बच्चों को बचाएं

**यूनिसेफ ने इस डिजिटल डिवाइड को पाटने और बच्चों तक नयी प्रौद्योगिकियों की सुरक्षित एवं समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए समावेशी प्रौद्योगिकी पहल की वकालत की है। बच्चे चूंकि हमारा भविष्य हैं, इसलिए बच्चों और उनके अधिकारों को सरकारी नीतियों-रणनीतियों के केंद्र में रखना समृद्ध और टिकाऊ भविष्य के निर्माण एवं संतुलित-आदर्श समाज-व्यवस्था के लिए आवश्यक है।**





**ललित गर्ग**
**लेखक**

हाल ही में प्रस्तुत हुई यूनिसेफ की रिपोर्ट द फ्यूचर ऑफ चिल्ड्रेन इन चेंजिंग वर्ल्ड ने भारत में बच्चों के भविष्य को लेकर उत्पन्न चुनौतियों, त्रासद स्थितियों एवं भयावह भविष्य को उजागर किया है। इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि साल 2050 तक भारत में 35 करोड़ बच्चे जनसांख्यिकीय बदलावों, जलवायु संकट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी बदलावों की चुनौतियों का सामना कर रहे होंगे। उस समय जन्म लेने वाले बच्चों को जन्म के बाद जीवन में जलवायु परिवर्तन के संकटों से जुझना होगा, भीषण लू, गरमी, बाढ़, तूफान, चक्रावात और अनेक जलवायु जनित बीमारियों से सामना करना होगा। वायु प्रदूषण की विभीषिका, गहराते जल संकट, सिमटते प्राकृतिक संसाधन, जलवायु परिवर्तन व रोजगार की विसंगतियों के बीच आने वाली पीढ़ी के बच्चों का जीवन निस्संदेह संघर्षपूर्ण, चुनौतीपूर्ण एवं संकटपूर्ण होगा। वर्ष 2021 में बच्चों के जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत कुल 163 देशों की सूची में 26वें स्थान पर था। ऐसे में भारत में बच्चों को अधिक गर्मी, बाढ़ और वायु प्रदूषण से गंभीर जोखिम का सामना करना पड़ता है। खासकर ग्रामीण और कम आय वाले समुदायों में यह संख्या ज्यादा है। लेकिन रिपोर्ट बताती है कि 2050 में बच्चों को 2000 के दशक की तुलना में लगभग आठ गुना ज्यादा गर्मी झेलनी पड़ सकती है। जाहिर है, जलवायु संकट बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा तथा पानी जैसे आवश्यक संसाधनों तक उनकी पहुंच पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। चिंता की बात यह है कि इन तमाम विसंगतियों, विषमताओं व नेतृत्व की अदूरदर्शिता के बीच बच्चों के भविष्य पर मंडरा रहे खतरों के लिये संवेदनशीलता के साथ सावधान एवं सतर्क होने एवं उचित-प्रभावी कार्ययोजना बनाने की जरूरत है।

इसी तरह, गहरे डिजिटल विभाजन के बीच एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता बच्चों के लिए अच्छी और बुरी, दोनों हो सकती है। एक ताजा आंकड़ा बताता है कि उच्च आय वाले देशों में 95 फीसदी आबादी इंटरनेट से जुड़ी है, तो निम्न आय वाले देशों में सिर्फ 26 प्रतिशत लोगों की इंटरनेट तक पहुंच है। भारत में वर्तमान में इंटरनेट की व्यापकता ने बच्चों के जीवन में अनेक संकट खड़े किये हैं। यूनिसेफ ने इस डिजिटल डिवाइड को पाटने और बच्चों तक नयी प्रौद्योगिकियों की सुरक्षित एवं समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए समावेशी प्रौद्योगिकी पहल की वकालत की है। बच्चे चूंकि हमारा भविष्य हैं, इसलिए बच्चों और उनके अधिकारों को सरकारी नीतियों-रणनीतियों के केंद्र में रखना समृद्ध और टिकाऊ भविष्य के निर्माण एवं संतुलित-आदर्श समाज-व्यवस्था के लिए आवश्यक है। अक्सर यह सवाल विमर्श में होता है कि धरती के प्रति गैर-जिम्मेदार व्यवहार के चलते हम कैसा देश आने वाली पीढ़ियों के लिये छोड़कर जाएंगे। आने वाले पच्चीस वर्षों में बच्चों पर लू का 8 गुणा, बाढ़ का 3 गुणा एवं जंगली आग का दोगुणा खतरा होगा। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ ने बच्चों के भविष्य की तस्वीर उकेरते हुए विभिन्न चुनौतियों के मुकाबले के अनुरूप नीति निर्माण की जरूरत बतायी है। यूनिसेफ ने सदी के पांचवें दशक तक की तीन महत्वपूर्ण वैश्विक प्रवृत्तियों का खाका खींचा है। ये घटक नौनिहालों के भविष्य के जीवन को नया स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाएंगे।

वर्ष 2050 तक देश की आधी आबादी के शहरी क्षेत्रों में रहने का अनुमान है। दरअसल, मौजूदा दौर में जिस तेजी से गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है, जाहिर है ऐसी स्थिति में पहले से आबादी के बोझ तले दबी नागरिक सेवाएं चरमरा जाएंगी। ऐसे में सत्ताधीशों के लिये जरूरी होगा कि जलवायु परिवर्तन के संकट के बीच बच्चों के अनुरूप शहरी नियोजन को अपनी प्राथमिकता बनाएं और बच्चों के अनुकूल और जलवायु परिवर्तन के लिहाज से जुझारु, सुरक्षित एवं निरापद शहरी नियोजन के लिये शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल और टिकाऊ शहरी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता दी जाये। शहर बेहतर जीवन के लिए बेहतरीन अवसर और उम्मीद दे सकते हैं। वे वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 80 प्रतिशत से अधिक उत्पन्न करते हैं और उन्हें तेजी से विकास हासिल करने के लिए इंजन माना जाता है। वे विकास और नवाचार, विविधता और कनेक्टिविटी के दुनिया के सबसे मजबूत स्त्रोतों में से हैं और संभावित रूप से बच्चों को जीने, सीखने और आगे बढ़ने के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान कर सकते हैं।

बढ़ता शहरीकरण बड़ी असमानताओं को भी जन्म दे सकते हैं। आज शहरी क्षेत्रों में रहने वाले 4 बिलियन लोगों में से लगभग एक तिहाई बच्चे हैं। यह अनुमान है कि 2050 तक, दुनिया के लगभग 70 प्रतिशत बच्चे शहरी क्षेत्रों में रहेंगे, जिनमें से कई झुग्गी-झोपड़ियों में रहेंगे। इसलिये शहर स्कूलों और अस्पतालों जैसी बुनियादी सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान कर सकते हैं, भीड़भाड़ और उच्च प्रवेश लागत के कारण सबसे गरीब शहरी बच्चे उन तक पहुंचने में असमर्थ हो सकते हैं। अन्य चुनौतियाँ जो शहरी गरीबों को प्रभावित करती हैं, विशेष रूप से झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को, उनमें भीड़भाड़ और अपर्याप्त सफाई व्यवस्थाएं शामिल हैं- जो बीमारियों के फैलने में सहायक होती हैं-किफायती और सुरक्षित आवास की कमी, परिवहन की खराब पहुंच और बाहरी वायु प्रदूषण में वृद्धि आदि हैं। उल्लेखनीय है कि उस समय देश जनसांख्यिकी बदलावों की चुनौती से जूझ रहा होगा। आकलन किया जा रहा है कि इस बदलाव के चलते ही वर्तमान की तुलना में बच्चों की संख्या में करीब दस करोड़ की कमी आएगी। वर्तमान में पूरी दुनिया में एक अरब बच्चे उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का मुकाबला कर रहे हैं, तो अगर सरकारें अभी से नहीं चेती तो 2050 की स्थिति का सहज आकलन किया जा सकता है। मासूम चेहरों एवं चमकती आंखों का नया बचपन भारत के भाल पर उजागर एवं कायम करने के लिये सरकारों को गंभीर होना होगा।

बच्चे के जीवन के प्रारंभिक वर्षों के दौरान आधुनिक मानवतावाद और पूंजीवाद से प्रभावित होकर प्रदर्शन पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। इससे परिवारों और बाल देखभाल प्रदाताओं पर अनावश्यक दबाव पड़ता है।

## सामान्य मौतों से ज्यादा संख्या है, सड़क हादसों में होने वाली मौतों की संख्या

**नरेंद्र भारती**

देश में सामान्य मोतों से इतने लोग नहीं मरते जितने प्रतिदिन सड़क हादसों में मोतें हो रही हैं परिवार के परिवार मारे जा रहें हैं अग्नि देने वाले भी नहीं बच रहे हैं ' अक्सर देखा गया है की ज्यादातर सड़क हादसे लापरवाही और नशा करके ड्राइविंग कर रहे हैं ' सड़क हादसों को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने होंगे ' यातायात के नियमों का सही तरीके से पालन किया जाये तो सड़क हादसों में होने वाली मोतें रुक सकती हैं ' देश के प्रत्येक राज्यों में हादसों की दर बढती जा रही है। सड़क हादसों को रोकने के लिए एक नीति बनानी होगी। जागरुकता अभियान चलाने होगें। सरकार द्वारा प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा हेतू करोडों रुपया बहाया जाता है। मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात ही निकलता है अगर सही तरीके से पैसा खर्चा किया जाए तो देश में घटित होने वाले इन भीषण हादसों पर विराम लग सकता है मगर ऐसा नहीं हो रहा है हर वर्ष लाखों लोग मारे जा रहे है। देश में बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए समय रहते संज्ञान लेना होगा। हर रोज देश में मौत का तांडव हो रहा है। देश में इतने भीषण हादसे हो रहे है कि पूरे के पूरे परिवार मौत की नीद सो रहे हैं। प्रतिदिन हादसों में लोग मारे जा रह है। पूरे भारतवर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाये जाते हैं। मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। क्योकि प्रशासन द्वारा लोगों को इन सात दिनों में यातायात नियमों के बारे में बताया जाता है फिर पूरा वर्ष लोग अपनी मनमानी करते है और यातयात नियमों का उल्लंघन करते है और मौत के मुंह में समाते जा रहे हैं देश में हर चार मिनट में एक व्यक्ति सड़क हादसे में मारा जाता है। शराब पीकर बाहन चलाना ही हादसों का मुख्य कारण माना जा रहा है। इसके कारण ही लाखो लोग सड़क हादसों में मौत का शिकार हुए। हादसों की सूची बढती ही जा रही है। आज करोडों के हिसाब से वाहन पंजीकृत है मगर सही ढंग से वाहन चलाने वालो की संख्या कम है क्योकि आधे से ज्यादा लोगों को यातयात के नियमों का ज्ञान तक नहीं होता। पुलिस प्रशासन चालान काटकर अपना कर्तव्य निभा रहे है मगर चालान इसका हल नहीं है इसका स्थायी समाधान ढूंढना होगा। बिना हैलमैट के नाबालिग से लेकर अधेड़ उम्र के लोग वाहनो को हवा में चलाते है और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। जानबूझकर व नशे की हालत में दुर्घटना करने वाले चालकों के लाईसैस रदद करने चाहिए। ज्यादातर हादसे में नाबालिग चालक ही मारे जाते हैं। प्रशासन की लापरवाही के कारण भी इसमें साफ झलकती है आज ज्यादातर युवा व लोग शराब पीकर व अन्य प्रकार का नशा करके वाहन चलाते है नतीजन खुद ही मौत को दावत देते हैं भले ही पुलिस यन्त्रों के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कस रही है मगर फिर भी लोग नियमों का उल्लघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। राज्यों की सरकारों द्वारा पुलिस को दी गई हाईवे पैट्रोलिंग की गाड़ियां भी यातायात को कम करने में नाकाम साबित हो रही हैं। बढती सड़क दुर्घटनाओं के अनेक कारण है सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि 80 प्रतिशत हादसे मानवीय लापरवाही के कारण होते हैं।

लापरवाह लोग सीट बैल्ट तक नहीं लगाते और तेज रफतार में वाहन चलाते हैं। देश में सड़क हादसों में स्कूली बच्चों के मारे जाने के हादसे भी समय-समय पर होते रहते हैं मगर कुछ दिन चैक रखा जाता है फिर वही परिपाटी चलती रहती है। जबकि होना तो यह चाहिए कि इन लापरवाह चालको को सजा देनी चाहिए ताकि मासूम बेमोत न मारे जा सके। अक्सर देखा गया है कि वाहन चालकों के पास प्राथमिक चिकित्सा बाकस तक नहीं होतें ताकि आपातकालिन स्थिती में प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करवाई जा सके। प्रत्येक साल नवरात्रों में श्रध्दालू मंदिरों में ट्रको में जाते है और गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है तथा मारे जाते हैं। ओबरलोडिग से भी ज्यादातर हादसे होते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जीएस बंगरा गांव में आभूषण, नकद सहित पशुओं की चोरी

प्रातः किरण, संवाददाता

जलालपुर। थाना क्षेत्र के जीएस बंगरा गांव में गुरुवार की रात चोरों ने एक घर से आभूषण, नकद के अलावा दो पशुओं की चोरी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार ललन राय के घर से एलसीडी टीवी, गहने, दस हजार रुपए नकद एवं अस्सी हजार रुपए मुख्य की दो गाय की चोरी कर ली। वहीं उपेंद्र यादव की लगभग एक लाख रुपए मुख्य की दो भैंस की चोरी कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की।

### चार को सीओ ने दिलाया जमीन पर कब्जा

प्रात: किरण, संवाददाता

जलालपुर। प्रखंड की अनवल पंचायत के पियानो गांव में चार भूमिहीन पर्चा धारियों को सीओ अविनाश कुमार ने गुरुवार को जमीन पर कब्जा दिलाया। सीओ ने बताया कि पियानो गांव के धर्मेंद्र राय, निजामुद्दीन मियां, ज्ञांति देवी तथा मेहरून बीबी को जमीन पर कब्जा दिलाया गया। मौके पर कोपा पुलिस भी मौजूद थी। सीओ ने बताया कि जिन भूमिहीन लोगों को पूर्व से जमीन का पर्चा मिला है और जमीन पर उनका कब्जा नहीं है, ऐसे लोग अंचल कार्यालय को आवेदन दे सकते हैं।

### अखंड अष्टयाम के लिए निकली गई कलश यात्रा

प्रात: किरण, संवाददाता

परसा। बनौता पंचायत के बथुई गांव में अखंड अष्टयाम को लेकर कलशयात्रा निकाली गई। गाजे बाजे,डीजे,घोड़ा के साथ मुखिया संजीव सिंह,रमेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में निकाली गई भव्य कलशयात्रा यज्ञ स्थल से बथुई,मसूरिया,मकेर,चांदनी चौक होते हुए गंडक नदी रेवा घाट पहुँची।जहां आचार्य उमा नाथ मिश्र के द्वारा विधि विधान के साथ गंडक नदी से कलशं में जलभरी कराया।जलभरी के उपरांत कलशयात्रा की जत्था यज्ञ स्थल पहुँची।जहां श्रद्धालुओं द्वारा मंडप में कलश विस्थापित किया गया।उसके उपरांत आचार्य उमा मिश्र के नेतृव में मंत्रोचारण विधि विधान के साथ आगामी 24 घंटे के लिए हरे राम हरे कृष्ण की अखंड मंत्र का जाप शुरू कराया गया।कलशयात्रा में मुखिया संजीव सिंह,उमेश सिंह,नागेश्वर सिंह,योगेंद्र सिंह,शंभु सिंह,अखिलेश सिंह,पिंटू ठाकुर,सरपंच मो मंसूर आलम,अनिता देवी,सुनीता देवी,खुशी देवी,रेखा देवी,आशा देवी,उमा देवी,पूनम देवी,फूल कुमारी देवी,पुष्पा देवी,मुस्कान कुमारी,खुशी कुमारी,नेहा कुमारी समेत सैकड़ो महिला पुरुष किशोर किशोरी श्रद्धालुओं ने लाल पिला बस्त्र धारण कर भाग लिया।

### शो केस इवेंट में बच्चों ने प्रोजेक्ट के सहारे किया अपने ज्ञान का प्रदर्शन,हर किसी ने सराहा

प्रात: किरण, संवाददाता

दिघवारा नगर।अंचल के मानूपुर पंचायत अधीन उत्क्रमित मध्य विद्यालय ईशुपुर में शुक्रवार को आगा खां फाउंडेशन के तत्वाधान में शो केस इवेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गतिविधि आधारित पढ़ाई पर विस्तृत चर्चा हुई और अभिभावकों के साथ फाउंडेशन से जुड़े पदाधिकारियों ने संवाद स्थापित किया।इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 14 की सेविका अलका ने फाउंडेशन के द्वारा मिले सहयोग के प्रति आभार जताया और उन्होंने बच्चों द्वारा अर्जित ज्ञान का प्रदर्शन कर सबों की वाहवाही बटोरी।इस दौरान बच्चों के अभिभावकों ने भी अपने बच्चों के प्रदर्शन को सराहा।स्कूल के वर्ग पांच के विद्यार्थियों ने हिंदी व गणित विषय के सिलेबस के पढ़े गए तथ्यों को प्रोजेक्ट के सहारे प्रदर्शित किया।बच्चों ने अपने प्रोजेक्ट के सहारे अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया।नेशनल कॉर्डिनेटर त्रिशला ने भी बच्चों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि शिक्षकों को भी नवाचार से हमेशा जुड़ा रहना चाहिए।एकलव्य से जुड़े सुशांत कुमार ने भी प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग से जुड़े तथ्यों पर प्रकाश डाला।आयोजन में फाउंडेशन की भानुप्रिया,आजाद, प्रिया के अलावे शिक्षक संतोष कुमार सिंह,प्रधानाध्यापिका गीता कुमारी,अनिल कुमार सिंह,शिवानी,सरिता सिंह,कुमारी छाया सिंह,आरती कुमारी,अखिलेश कुमार सिंह,पुष्पलता कुमारी,पुतुल कुमारी,जूही परवीन आदि कई शिक्षक शिक्षिकाओं ने संबोधित किया।इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक मौजूद थे।

# बेहतर प्रदर्शन कर पश्चिम चम्पारण जिले का नाम करें रौशन : जिला पदाधिकारी

## राष्ट्रीय स्तर के युवा महोत्सव में भी जिले का परचम लहराएं:डीएम

- राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए पश्चिम चम्पारण की टीम आज लखीसराय के लिए हुई रवाना
- जिला पदाधिकारी सहित सभी वरीय पदाधिकारी ने बस को दिखाई हरी झंडी

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक तीन दिनों तक लखीसराय में हो रहा है। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए पश्चिम चम्पारण की टीम शुक्रवार को लखीसराय के लिए रवाना हुई।

जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर जिलास्तरीय टीम को समाहरणालय परिसर से रवाना किया। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए अग्रिम शुभकामनाएँ दी एवं उनका हौसला बढ़ाया।

उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पश्चिम चम्पारण जिले का नाम रौशन करें। साथ ही राज्यस्तरीय उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर के युवा महोत्सव में भी जिले का परचम लहराएं।

जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, श्री राकेश कुमार ने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित युवा उत्सव में अलग-अलग विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि दिनांक 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक तीन दिनों की यह प्रतियोगिता इस बार लखीसराय में आयोजित है।

उन्होंने बताया कि कला संस्कृति एवं युवा विभाग एवं जिला प्रशासन लखीसराय द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में सभी 38 जिलों की टीम भाग ले रही है। युवा महोत्सव में प्रदर्श कला, चाक्षुष कला एवं विज्ञान मेला के अंतर्गत लगभग 20 विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी आगामी राष्ट्रीय स्तर के युवा महोत्सव में भाग लेंगे।

इस अवसर पर जिला समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय उप विकास आयुक्त सुमित कुमार अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी डॉ. विनोद कुमार, अपर समाहर्ता (विभागीय जाँच) कुमार रवींद्र विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 18 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक ढाई करोड़ की लागत से नवनिर्मित शिव धाम मंदिर गोबरही में प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का होगा आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता



मांझी ।प्रखंड के गोबरही गांव में पिछले दो सालों से बन रहे बच्चे नवनिर्मित शिव धाम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ समारोह 18 फरवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 महाशिवरात्रि तक चलेगा। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए छपरा शहर के मिड टाउन होटल( नगर निगम चौक छपरा) में सनातन धमार्लंबियों की एक बैठक पं अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक की अध्यक्षता में संपन्न की गई।

बैठक की शुभारंभ में समाजसेवी अजय कुमार सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष बजरंग दल को पूर्व मुखिया देवेंद्र सिंह, डॉ किरण सिंह अजय सिंह गोबरही ,विनोद कुमार सिंह सारण जिला आईटीआई अनिरुद्ध कुमार सिंह ,राजेश डाबर विशाल ब्याहुत ने पिछले सप्ताह मारुति मानस मंदिर में कथा वाचक इंद्रदेव सरस्वती के कथा के सफल आयोजन के लिए उन्हें अंग वस्त्र फूल माला देकर सम्मानित किया गया अरुण पुरोहित ने बताया की अजय सिंह वृंदावन ,अयोध्या से कथा वाचक को सारण की धरती पर लाकर सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाई। उनके द्वारा किए कार्यों की सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

अरुण पुरोहित धर्म प्रसार जिला प्रमुख विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने बताया कि शिव शक्ति धाम गोबरही में बने शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ समारोह 18 फरवरी से 26 फरवरी महाशिवरात्रि तक चलेगा इस आयोजन को भाव बताने के लिए शिव -महा पुराण ,रासलीला का आयोजन एवं देश के जाने-माने प्रवचन कर्ता साध्वी पंछी देवी , काशी के विद्वान आचार्य के द्वारा महारूद्र यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। शिव शक्ति धाम सारण वासियों के जन सहयोग से तैयार हो रहा है यह सारण का गौरव स्थापित होगा। मंदिर ट्रस्ट के द्वारा ही सनातन वैदिक वेद विद्यालय एवं वृद्धा आश्रम की स्थापना की जाएगी ।

कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए अगली बैठक 16 दिसंबर सोमवार प्रात 11:00 बजे नवनिर्मित शिव मंदिर परिसर में बुलाई गई हैं आप समस्त सनातन धर्मावलंबी सादर आमंत्रित। आज की बैठक में अजय कुमार सिंह विनोद कुमार सिंह सारण आईटीआई,देवेंद्र सिंह मुखिया, समाजसेवी डॉ किरण सिंह राजेश डाबर विशाल ब्याहुत, पि डी बाबा, विपिन कुमार सिंह, रामबाबू सिंह वगैरह प्रमुख लोग उपस्थित रहे ।

# भारी भड़कम मगरमच्छ का रिहायशी इलाके से किया गया रेस्क्यू

प्रात: किरण, संवाददाता



बगहा। वाल्मीकिनगर में उस वक्त लोगों के मुंह से चीख निकल गयी जब एक मगरमच्छ घर में घुसने की फिराक में था। दरअसल गुरुवार की रात्रि इंडो नेपाल सीमा पर अवस्थित वाल्मीकिनगर के मृत त्रिवेणी नहर से एक विशालकाय मगरमच्छ निकलकर टीना शेड कॉलोनी में घुस गया। जिसको देखकर लोगों के बीच अफरातफरी मच गई और लोग चीखने चिल्लाने लगे। सूचना पर पहुंची वनकर्मियों की रेस्क्यू टीम द्वारा मगरमच्छ को पकड़ कर गंडक नदी में छोड़ दिया गया। उक्त मगरमच्छ भारी भरकम और तकरीबन 9 से 10 फीट लंबा था जिसे पड़कने में टीम के पसीने छूट गए। बतादें कि मगरमच्छ आए दिन ग्रामीणों के पशुओं खासकर मेमनों और मुर्गियों को अपना निवाला बना रहे हैं। वाल्मीकिनगर के अलावा पिपरासी,रामपुर,नरवल बोरवल और पिपरा व गोईती,मंगलपुर औसानी समेत गंडक नदी के आसपास बसे कई गांवों के तालाब और नहरों में मगरमच्छों ने डेरा जमा रखा है। जिससे हमेशा जान माल के नुकसान का खतरा बना हुआ है। लिहाजा वन विभाग,डब्लूडब्लूएफ और डब्ल्यूटीआई की टीम सूचना मिलने पर लगातार इन जगहों की मॉनिटरिंग कर रही है। डब्ल्यूटीआई के डॉ सुब्रत बहेरा और मुकुल कुमार ग्रामीण इलाकों में लोगों के बीच जन जागरूकता अभियान चलाकर मगरमच्छ से बचने और उसे नहीं छेड़ने की अपील कर रहें हैं। मगरमच्छ अब तक कई गावों में किसानों और युवक-युवतियों पर जानलेवा हमला कर चुके हैं। लिहाजा इनके हमले में जख्मी या मृत लोगों के परिजन वन विभाग और सरकार से मुआवजे की आस लगाए बैठे हैं।

# समाज कल्याण के तहत संचालित योजनाओं को दुरुस्त कर कमियों को दूर किया जाएगा : हुलेश मांझी

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा । समाज कल्याण के अंतर्गत संचालित योजनाओं को दुरुस्त किया जाएगा, विशेष दत्तक केंद्र, पर्यवेक्षक केंद्र रिमांड होम कस्तूरबा गांधी में पढ़ने वाले बच्चों एवं आंगनबाड़ी योजना के तहत संचालित केंद्रों की अव्यवस्था को दूर किया जाएगा ' उक्त बातें राज्य बाल संरक्षण इकाई के सदस्य हुलेश मांझी ने स्थानीय परिसदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही ' बता दें कि बाल संरक्षण इकाई के सदस्य हुलेश माझी छपरा दौर पर आए थे ' प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए बाल संरक्षण इकाई के सदस्य ने कहा कि जिला के लगभग 10 केंद्रों का दौरा कर सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का हकीकत जाने का प्रयास किया ' जिला में कुछ संस्थान बेहतर कार्य कर रही है, तो कुछ केंद्रों में अव्यवस्था का आलम है, जनहित के आलोक में इस व्यवस्था को दुरुस्त करना आवश्यक है ' उन्होंने कहा कि जहां-जहां मैंने दौरा किया है उनके कर्मियों को मैंने रजिस्टर में दर्ज कर दिया है, और सरकार को भी और अवगत कराया जाएगा ' सदस्य हुलेश माझी ने पत्रकारों से बात करते हुए यह भी कहा कि विशेष दत्तक गृह की स्थिति बेहतर है, यहां की व्यवस्था संतोषजनक है ' जबकि पर्यवेक्षण गृह रिमांड होम की स्थिति काफी दयनीय है, बिल्डिंग की स्थिति जर्जर है, छत से पानी छू रहा है ' यहां पूरी तरह अव्यवस्था का आलम है ' उन्होंने कहा कि विशेष विद्यालय के बच्चों को दूसरे जगह शिफ्ट किया जाय ' कानूनी प्रावधानों को फास्ट कर सरल सहज तारिक अपना कर बच्चों को जल्द फ्री की जाए ' राज्य बाल संरक्षण इकाई के सदस्य ने कहा कि इन बच्चों की बुनियादी सुविधा मुहैया कराइ जाए और पदाधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करें ' पर्यवेक्षण गृह की अव्यवस्था पर असंतोष जाहिर करते हुए नाराजगी भी जताया ' उन्होंने कहा कि विशेष दत्तक गृह से एक बच्चे को इलाज के लिए आईजीएमएस रेफर किया गया है और और एक बच्चे का इलाज स्थानीय स्तर पर चल रहा है, यहां कुल सात बच्चे हैं ' प्रेस मीडिया से वार्ता करते हुए सदस्य हुलेश मांझी ने कहा कि शेरपुर बालिका गृह की व्यवस्थाएं ठीक नहीं है,साफ सफाई का भी अभाव है।

# जिलाअधिकारी के निर्देश पर नगर आयुक्त ने शहर मे चलाया अतिक्रमण अभियान

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा शुक्रवार को उप नगर आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता मे शहर के थाना चौक से लेकर साहेबगंज रोड पर चलाया गया अतिक्रमण।.शहर मे रोड के किनारे फुटपाथी दुकानदार, बैंक के गाड़ी, लगाने के कारण शहर के लोगों को जाम से मुक्ति से मुक्ति दिलाने हेतु अतिक्रमण का अभियान चलाया जा रहा है । जिससे अतिक्रमण कर रहे अतिक्रमणकारियो से शहर के लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके और नगर निगम के पदाधिकारियों के द्वारा अतिक्रमणकारियो पर जुमार्ना भी लगाया गया कजिलाधिकारी सारण अमन समीर द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक मे शहर के सभी सड़को पर नगर निगम के पदाधिकारियों के द्वारा लगातार अतिक्रमण अभियान चलाया जायेगा कजिससे शहर के सभी मुख्य पथो पर जाम की समस्याओ से निपटारा मिल सके कशहर के अधिकतर सड़को पर दुकानदारों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया जिसके कारण शहर की सुंदरता खत्म हो चुकी है शहर के बाहर से कोई भी बरीय पदाधिकारियों का आगमन होता है तो जाम का सामना करना पड़ता है जिसके कारण जिलाधिकारी के द्वारा नगर निगम के पदाधिकारियों को आदेश दिया गया की शहर मे लगातार अतिक्रमण अभियान चलाते रहे ताकि शहर को जाम से मुक्ति मिल सके और अपना शहर सुंदर दिख सके कशहर मे अवैध रूप से बैनर और पोस्टर लगाने वाले कोचिंग संस्थान, दुकानदार के मालिकों के ऊपर भी जुमार्ना लगाया जा रहा है ।

बिना नगर निगम के अनुमति के शहर के चौक चौराहो पर किसी भी प्रकार का होडिंग एवं बैनर लगाना कानून अवैध है जिसके लिए साथ मे इसका भी जुमार्ना लगाया जा रहा है ।

आज शहर के लोगों के द्वारा रोड पर अतिक्रमण, कचरा फेकने, अवैध होडिंग बैनर लगाने वालो पर 11000 हजार का जुमार्ना वसूला गया और समान भी जब्त कर लिया गया है कये अभियान लगातार चलाया जायेगा कजिसके लिए जिलाल्लप्रशासन के द्वारा फोर्स भी उपलब्ध करा दिया गया ।

अतिक्रमण धावा दल मे स्वछता पदाधिकारी संजीव कुमार मिश्रा, सुमित कुमार, नगर प्रबंधक, अरविन्द कुमार, वेद प्रकाश वर्णवाल, टैक्स तहसीलदार पृथ्वी राय, अभिनव कुमार, नितेश चौहान, एवं नगर निगम के अन्य कर्मी उपलब्ध थे ।

# जिला पदाधिकारी के द्वारा लोक शिकायत के 12 मामलों की सुनवाई करते हुए किया समाधान

- बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम- 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता; सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें: जिला पदाधिकारी

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय।

जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा आज कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गई और शिकायत का निवारण किया गया।जिला पदाधिकारी द्वारा आज लोक शिकायत के कुल 12 मामलों की सुनवाई की गई तथा स्पष्ट प्रतिवेदन के अभाव में सभी मामलों में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

# कानून को हाथ में लेने वालों के विरूद्ध सारण पुलिस की बड़ी कार्रवाई



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण जिला के मांझी थाना पुलिस टीम द्वारा 380/24 एस०सी०/एस०टी० कांड के अनुसंधान के क्रम में कांड के नामजद अभियुक्तों कि गिरफ्तारी हेतु ग्राम चकिया में छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को थाना लाने के क्रम में 15-20 लोगों द्वारा हाथ में लाठी डंडा से मांझी पुलिस टीम पर हमला कर गिरफ्तार अभियुक्त को छुड़ा लिया गया। इस संदर्भ में 10 ज्ञात एवं 10 अज्ञात लोगों के विरूद्ध मांझी थाना कांड सं0-381/24 दिनांक-28.11. 24 धारा315( 2)/126(2)/132/109/352/351 (2) एवं (3)/3 (5) बी०एन०एस० दर्ज कर 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस कांड में संलिप्तों के विरूद्ध अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार आरापियों में राजेश रावत, पिता नथुनी रावत, साकिन- चकिया, थाना-मांझी, जिला-सारण।

. राजा रावत, पिता-राजेश रावत, साकिन-चकिया, थाना-मांझी, जिला-सारण हैं।

टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी :- पु०अ०नि० अमित कुमार थानाध्यक्ष मांझी थाना, पु०अ०नि० विपुल कुमार मांझी थाना एवं थाना के कर्मी शामिल थे।

# वाहन के ठोकर से दो घायल, आधे दर्जन बाइक छतिग्रस्त

प्रात: किरण, संवाददाता



परसा। प्रखंड के माड़र पैक्स में चल रही मतदान के दौरान एक अनियंत्रित कार चालक ने सड़क किनारे बैठ कर पर्ची काट रहे प्रत्याशी के चाचा तथा बहनोई को ठोकर मार भागने के दौरान पांच खड़े बाइक को ठोकर मार छतिग्रस्त कर दिया।वोट देने के लिए जुटी भीड़ ने घटना को देख चालक को पकड़ पिटाई शुरू कर दिया।मौका का लाभ उठाते हुए चालक भीड़ से भाग निकला।जिसको पीछा कर लोगो ने पकड़ पिटाई कर पुलिस को सौप दिया।घटना में घायल पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी लाल प्रकाश का चाचा हरेन्द्र राय व बहनोई सोनपुर थाना क्षेत्र के गंगाजल निवासी शिवपूजन राय का पुत्र अजित कुमार शामिल है।दोनों घायल को प्राथमिक उपचार हेतु परसा सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुनील कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुँच घटना की जानकारी लिया।और वाहन चालक तथा दुर्घटना ग्रस्त कार को पुलिस थाना लाया।मालूम हो कि प्रखंड के माड़र पैक्स चुनाव को लेकर नवसृजित प्राथमिक विद्यालय खेमाडीह मतदान केन्द्र पर मतदान चल रहा था। सड़क किनारे बैठ कर कुछ लोग पर्ची काट रहे थे।उसी दौरान मराड़ बाजार की तरफ से जा रही अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे बैठे दो लोगो को रौंद दिया।और आगे बढ़ते हुए पांच बाइक तथा दो साइकिल को ठोकर मार छतिग्रस्त कर दिया।पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# पूर्व मंत्री राजीव प्रताप रूडी की राजमार्गों पर अतिक्रमण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में वकालत

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय।। सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर अनधिकृत निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की सुप्रीम कोर्ट में वकालत की। मालूम हो कि सारण सांसद रुडी अधिवक्ता भी है और समय-समय पर लोकहित की याचिका पर न्यायालय में बहस भी करते है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ को रूडी ने बताया कि वह राजमार्गों पर अतिक्रमण और अनधिकृत निर्माण केवल सारण या बिहार की समस्या नहीं है बल्कि राष्ट्रीय स्तर की समस्या है। रुडी ने सड़क सुरक्षा से समझौता करने वाले अवरोधो को हटाने के नीति और नियमों को सुदृढ़ और तेज करने की मांग की। उन्होंने न्यायालय को बताया कि राजमार्गों पर अतिक्रमण तीन चरणों में होता है। पहला चरण तो वह है जब राजमार्ग निर्माण के लिए भूमि चिन्हित किया जाता है। दुसरा चरण निर्माण के दौरान अवैध निर्माण और तीसरा जब राजमार्ग का निर्माण हो जाता है तब अवैध निर्माण और अतिक्रमण। रुडी ने शीर्ष अदालत से मांग की कि वह सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को निर्देशित करें जिससे एक समिति का गठन किया जाय। समिति में राजमार्ग निर्माण वाले जिला के जिलाधिकारी को रखा जाय और उनके क्षेत्राधिकार में आने वाले मार्ग पर होने वाले अतिक्रमण की जवाबदेही तय हो जिससे अवैध निर्माण या अतिक्रमण नहीं हो पायेगा।

गुरुवार के सत्र के दौरान, रूडी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए और लगभग 35 मिनट तक पीठ के सामने अपनी बातों को रखा। अपने हस्तक्षेप आवेदन में रूडी ने कहा कि अभी जब अतिक्रमण होता है तो अतिक्रमण मुक्त करने की प्रक्रिया लंबी है। अब जब जिलाधिकारी इस कमेटी के सदस्य होंगे तो उस क्षेत्र में अतिक्रमण होगा ही नहीं। रुडी ने कहा कि वह सारण से लोकसभा सदस्य हैं इसलिए राष्ट्रीय राजमार्गों, विशेषकर एनएच-31 और एनएच-722, जो बिहार के सारण से होकर गुजरते हैं, उनपर अनधिकृत अतिक्रमणों को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने न्यायालय को उदाहरण देते हुए बताया कि जब वो सड़क मार्ग से दिल्ली से देहरादुन की यात्रा कर रहे थे तभी उन्होंने देखा कि हरिद्वारा से देहरादुन मार्ग में राजाजी पार्क के साथ राजमार्ग पर अतिक्रमण किया गया है तो यातायात के दृष्टिकोण से गंभीर है। उन्होंने शीर्ष अदालत को बताया कि यह समस्या केवल सारण की नही है बल्कि यह राष्ट्रीय समस्या है।

इन अतिक्रमणों से न सिर्फ सड़क सुरक्षा प्रभावित होती है, बल्कि बुनियादी ढांचे की आयु, वाहनों की दक्षता और सार्वजनिक सुविधा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।रूडी ने न्यायालय में जोर देकर कहा कि ये मुद्दे स्थानीय निहितार्थों से परे हैं, जो एक व्यापक राष्ट्रीय चुनौती का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने मौजूदा प्रवर्तन तंत्र की आलोचना करते हुए कहा कि यह अपर्याप्त है और स्थानीय अधिकारी अक्सर इन उल्लंघनों को अनदेखा कर देते हैं, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। अपने प्रस्तुतीकरण में, रूडी ने इन मार्गों पर किसी भी नए उपयोगिता कनेक्शन के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की अनिवार्यता सहित बेहतर विनियामक उपायों की मांग की। उन्होंने अतिक्रमणों की निगरानी और प्रभावी ढंग से निपटने के लिए ड्रोन निगरानी और जियो-टैगिंग जैसे उन्नत प्रौद्योगिकी समाधानों को अपनाने का प्रस्ताव रखा।

# द रोल ऑफ डिजेस्टर मैनेजमेंट इन एम्पावरिंग द नेक्स्ट जेनेरेशन फॉर अ सेफ एण्ड बेटर फ्यूचर विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में अंग्रेजी विभाग की ओर से प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेव बाउरी के संरक्षण में तथा अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी के संयोजन तथा समन्वयन में द रोल ऑफ डिजेस्टर मैनेजमेंट इन एम्पावरिंग द नेक्स्ट जेनेरेशन फॉर अ सेफ एण्ड बेटर फ्यूचर विषय पर एस्से राइटिंग कम्पटीशन आयोजित किया गया है। कॉलेज के सावित्री महाजन सभागार में सुरक्षित एवं बेहतर भविष्य के लिए भावी पीढ़ी को सशक्त करने में आपदा प्रबंधन की भूमिका विषय पर आयोजित इस निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्रा श्रुति सिंह, मुस्कान कुमारी, सुरभि कुमारी, रिया राज, पल्लवी कुमारी, सायमा परवीन, काजल श्रीवास्तव, हर्षिता मिश्रा, समृद्धि, अंजली, निखत परवीन, नादिया खातून, गुलनाज परवीन, मिली राज, श्रेया कुमारी, पायल कुमारी, नेहा कुमारी, सृष्टि कुमारी, नंदनी कुमारी, स्वाति, शामी, आंचल, सुरुचि, निशा सिंह, अंजली, माही, पूर्णिमा शर्मा आदि की उपस्थिति रही। सभी छात्राओं ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया है। प्रतियोगिता के दरम्यान निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका कुमारी, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रीति शेखर एवं जंतुविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ फरहीन वजीरी उपस्थित थीं। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेव बाउरी ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए आपदा प्रबंधन पर और भी अनिवार्य जानकारियाँ एकत्रित करने का परामर्श दिया गया है। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि ने बतलाया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थानों पर चयनित छात्राओं को अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित किये जाने वाले अगले कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जायेगा एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि निबंध लेखन के लिए आपदा प्रबंधन पर आधारित विषय का चयन करने के पीछे छात्राओं को शीघ्रता से हो रहे जलवायु परिवर्तन के इस दौर में भूकंप, बाढ़, सूखा, सूनामी, अगलगी, आँधी-तूफान, सर्पदंश, बादल फटना, बिजली गिरना, भूस्खलन, ज्वालामुखी विस्फोट, हिमस्खलन, भगदड़, विद्युत आघात आदि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के मध्य में सुरक्षित जीवन जीने की कला सीखने के लिए प्रेरित करने के साथ, उनमें लेखन कौशल तथा वैचारिक क्षमताओं का विकास करना है। आपदा प्रबंधन को संभावित प्राकृतिक आपदाओं से रणनीतिक तथा प्रभावी ढंग से निबटने के लिए पूर्व तैयारी ठहराते हुए डॉ. रश्मि ने सीबीसीएस पाठ्यक्रम में बी.ए.थर्ड सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए डिजेस्टर मैनेजमेंट को एक महत्वपूर्ण विषय के रूप शामिल किये जाने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेटों और एनएसएस स्वयंसेवकों को ही नहीं, अपितु, सभी विभागों के स्टूडेंट्स को आपदा प्रबंधन की जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे अकस्मात आने वाली प्राकृतिक विपत्तियों के प्रति स्वयं जागरूक रहकर अपने परिजनों एवं समाज के लोगों को भी जागरूक कर सकें, जिससे प्राकृतिक आपदाओं के समय होने वाली जान-माल की क्षति को कम किया जा सके।

# विज्ञान, कला और दर्शन का मिश्रण है आयुर्वेद चिकित्सा: वैद्य सत्येन्द्र तिवारी

प्रातः किरण संवाददाता




गया। करजरा स्थित स्वामी राघवेंद्राचार्य त्रिदंडी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय मे शिष्योपनयन कार्यक्रम के चौथे दिन मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय पटना पंचकर्म विभाग के विभागाध्यक्ष वैद्य सत्येंद्र तिवारी, डॉ प्रकाश चंद्र, आयुर्वेद कॉलेज नौबतपुर पटना के प्राचार्य डॉ सुमंत ठाकुर, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ सच्चिदानंद प्रेमी एवं बिहार सरकार के सेवानिवृत विशेष सचिव राय मदन किशोर मंचासीन थे। वैद्य तिवारी ने अपने 25 वर्षों के अनुभव को विद्यार्थियों के बीच साझा किया है उन्होंने कहा कि आयुर्वेद सिर्फ चिकित्सा विज्ञान ही नहीं बल्कि दर्शन,कला,बायोलॉजी एवं चिकित्सा विज्ञान का मिश्रण है। आयुर्वेद को अच्छी तरह जानने के लिए संस्कृत का ज्ञान होना बहुत ही आवश्यक है हमें अपनी भाषा और ज्ञान पर गर्व करना चाहिए।

प्राचार्य डॉ प्रकाश चंद्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद के श्रद्धा के साथ पढ़नी चाहिए। देश- विदेश में आयुर्वेद की बढ़ती मांग और इसमें उपलब्ध करियर ऑप्शन पर भी प्रकाश डाला है।

महाविद्यालय के शासकीय निकाय के सचिव जगद्गुरु स्वामीश्री वेंकटेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने अपने आशीर्वचन में विद्यार्थी जीवन में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला है। उन्होंने उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को समझाया। जिस तरह मिट्टी के पात्र को जब तक आग में नहीं पकाते तब तक वह पात्र नहीं बन पाता। वैसे ही जब तक हम खुद को अनुशासन में नहीं तपाएंगे तब तक हमारा व्यक्तित्व नहीं निखर पायेगा।

संस्थान के उपसचिव प्रद्युम्न सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ राजीव लोचन दास ने किया है इस मौके पर महाविद्यालय के सदस्य पीके सिंह ,डॉ सतेंद्र ,डॉ करण,डॉ राधा रमण मिश्रा,डॉ संगम वर्मा, डॉ राहुल ,डॉ मनु,डॉ सुप्रिया ,बलराम मिश्रा आदि लोग उपस्थित थे।

# जदयू कार्यालय में नव मनोनित महिला जिला अध्यक्षों का किया गया स्वागत



प्रातः किरण संवाददाता

गया ।जदयू कार्यालय गया में जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद के नेतृत्व में नव मनोनित महिला जिला अध्यक्ष देवरानी देवी और महिला महानगर अध्यक्ष सुमित्रा देवी को पार्टी नेता और कार्यकर्ता द्वारा अंगवस्त्र एवं माला देकर सम्मानित किया गया है।इसके साथ 7 दिसंबर को भुसुंडा मैदान में पार्टी का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर विचार विमर्श किया गया है। दोनों नवमानोनित महिला अध्यक्ष बताई की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के लिए बहुत काम किया है, महिला को आरक्षण देकर आगे बढ़ाने का काम किया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी बिहार में सरकारी नौकरी में 33% महिलाओं को आरक्षण देने का काम किया है और पंचायती राज्य एवं नगर निकाय चुनाव में 50% महिला को आरक्षण दिया है। बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में एवम अन्य सेक्टरों में लगातार महिलाओं को मौका दिया जा रहा है। 7 दिसंबर को जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में हजारों की संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल होगी।

इस अवसर पर जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, वरिष्ठ नेता अजय कुशवाहा, धनंजय शर्मा, ज्योति सिंह, शंकर चौधरी, अजीत शर्मा, कैलाश पासवान, दयानंद विश्वकर्मा, लालजी प्रसाद, अरविंद प्रियदर्शी, कमलेश कुमार दिवाकर, पप्पू वर्मा, बीरेंद्र शर्मा, मधु देवी, दयमंती कुमारी,सीमा देवी, दीप शिखा,रानी देवी, सोनी देवी, बिगन विश्वकर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# गांधी मैदान गया के पार्क के रीडेवेलपमेंट का कार्य नगर विधायक ने करवाया

प्रातः किरण संवाददाता

गया।गया जिला के एन डी ए कार्यकताओं ने बताया कि मंत्री सहकारिता सह पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग डॉक्टर प्रेम कुमार के पास जब पर्यटन विभाग भी था तब उन्होंने गांधी मैदान गया के पार्क को री डेवलपमेंट की स्वीकृति प्रदान की थी। आज उनके द्वारा स्वीकृत योजनाओं पर कार्य प्रारंभ हो रहा है। गया गांधी मैदान के पार्क का रीडिवेलपमेंट का काम करने की प्रक्रिया शुरू हो रही है। इससे गया वासियों में खुशी की लहर है। गया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फल्गु नदी किनारे सीता कुंड पहाड़ी पर मां वैष्णो देवी के मंदिर का सौंदर्य करण का कार्य,गांधी मैदान गया के पार्क के रीडिवेलपमेंट का कार्य, ज्ञान और मोक्ष की भूमि गया जी के विष्णु पद मंदिर एवं बोधगया कॉरिडोर निर्माण कार्य में मंत्री डॉ प्रेम कुमार के अथक प्रयास के कारण आज आज धरातल पर जल्द काम शुरू होने वाला है और गया शहर के अन्य सभी विकास कार्यों के लिए तथा पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए मंत्री को ढेर सारी शुभकामनाएं, साथ-साथ उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों के लिए भव्य समारोह कर मान्य मंत्री डॉ प्रेम कुमार का नागरिक अभिनंदन समारोह करने का निर्णय लिया गया है।इस निर्णय में एनडीए के सभी घटक दलों के प्रमुख नेता की सहमति और उपस्थिति थी। भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह, लोजपा के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह,भाजपा नेता अरविंद सिंह,भाजपा प्रदेश मंत्री अमित डांगी, वाणिज्य प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी अमित लोहानी, क्षेत्रीय प्रभारी संजय रविदास,, जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संतोष सिंह, किसान मोर्चा बिहार रचनात्मक प्रकोष्ठ के संयोजक संजय कुमार सिंह, विकास कुमार, देवानंद पासवान, धीरेंद्र कुमार धीरू, मुन्ना पांडे, चारों मंडल के मंडल अध्यक्ष क्रमशः शंभू यादव, पंकज लोहानी, राजीव कुमार सिंह, गौतम आदि थे।

# कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी द्वारा बाल विवाह मुक्त कराने की कई योजना चला रही है सरकार : सचिव



प्रातः किरण संवाददाता

गया।कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी की द्वारा बाल विवाह द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित करवाई जाती है कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए संस्था का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जैसे कुरितियो को समाप्त करना है। यह कहना कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए हर घर घर यह बातों को लोगो तक पहुंचाकर जागरूक करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामुहिक विवाह को प्रोत्साहन करना है। महिला शसक्तीकरण का को बढ़वा देना है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाये जा रहे बालिकाओं से महिलाओं के हित में जो भी योजनाये हैं प्रखण्ड एवं पंचायत के जनप्रतिनिधी एवं पदाधिकारियों के सहयोग से जागरूकता करने की सभी योजना की जमिनी स्तर पर क्रियानवन कराया गया है। आनाथ, गरीब, असाहाय कन्याओं का सर्वे का उनका संस्था में निबंधित कर के सामूहिक विवाह 18 वर्ष के उपर एवं 18 वर्ष की कन्या के लिए काम करते आ रही है एवं बाल विवाह एवं दहेज प्रथा जैसे कुरीती को रोक लगाते हुए आज तक करा रही और आगे सामुहिक विवाह में शामिल होने का अपील किया है। इस दौरान कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली के प्रतिनिधि आकाश दीप के अलावा काफि संख्या में लोग महिला उपस्थित थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### बाल विवाह, घरेलू हिंसा एवं लैंगिक भेदभाव इत्यादि विषयों पर परिचर्चा की

प्रातः किरण संवाददाता

गया जिला अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न प्रखंडों में जीविका दीदी एवं ग्रामीण के साथ सामाजिक कुरीतियों जैसे बाल विवाह, घरेलू हिंसा एवं लैंगिक भेदभाव इत्यादि विषयों पर परिचर्चा की गई है। परिचर्चा में शामिल ग्रामीण के बीच सामाजिक कुरीतियों के बारे में बताया गया है।और किशोरियों और महिलाओं के साथ समाज में बाल विवाह तथा लैंगिक भेदभाव के लेकर चर्चा हुई है इसके साथ ही महिलाओं एवं किशोरियों पर इसके नकारात्मक प्रभाव को भी बताया गया है। अंत में कार्यक्रम को शपथ ग्रहण के साथ समाप्त की गई है।

### पटना और नई दिल्ली के बीच चलायी जा रही वंदे भारत स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। पूजा के उपरांत यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु पटना और नई दिल्ली के बीच में मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं. 02252/02251 नई दिल्ली-पटना-नई दिल्ली वंदे भारत स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसके 02 और फेरे परिचालित किए जाएंगे । गाड़ी सं. 02252 नई दिल्ली-पटना वंदे भारत स्पेशल नई दिल्ली से 01.12.2024 एवं 04.12.2024 को परिचालित की जाएगी तथा गाड़ी सं. 02251 पटना-नई दिल्ली वंदे भारत स्पेशल पटना से 02.12.2024 एवं 05.12.2024 को परिचालित की जाएगी ।

### लोक आदालत को ले बैंक कर्मियों के साथ एडीजे ने किया बैठक

शेरघाटी।व्यवहार न्यायलय परिसर में शुक्रवार को एडीजे दीपक कुमार के नेतृत्व में बैठक आयोजित किया गया। आगामी 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से बैठक कर रणनीति बनाई गई। बैठक में जिला जज प्रथम सह अध्यक्ष अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति दीपक कुमार ने सभी बैंकों को निर्देश दिया कि वे अधिकतम सूचीबद्ध मामलों में पक्षकारों को सूचित करें और बैंक ऋण से संबंधित विवादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाने के लिए सक्रियता से काम करें। बैठक में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक,सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक एवम प्रतिनिधि शामिल रहे।

# अरवल में ऐतिहासिक होगा जदयू का कार्यकर्ता सम्मेलन : उत्तम कुशवाहा



प्रातः किरण संवाददाता

गया।कुर्था अरवल में आगामी 30 नवंबर को आयोजित जिला कार्यकर्ता सम्मेलन काफी ऐतिहासिक होगी जहां हजारों की संख्या में कार्यकर्ता की भीड़ उमडेगी ।यह बातें कुर्था प्रखंड के डाक बंगला परिसर में जदयू नेताओं के साथ आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए युवा जदयू नेता सह मगध विश्वविद्यालय के अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा ने कही साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार के मुखिया नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार लगातार तरक्की की मार्ग प्रशस्त कर रहा है जिसका प्रतिफल है कि हाल ही में हुए विधानसभा के उपचुनाव में एनडीए को अपार सफलता मिली उन्होंने कहा कि आगामी 30 नवंबर को अरवल में आयोजित जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में जिले के विभिन्न प्रखंडों व पंचायत से हजारों कार्यकताओं की उम्डने की उम्मीद है उन्होंने कहा कि उक्त कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश में जनता दल यूनाइटेड के कई वरिष्ठ नेताओं का आगमन होना है ।

जहां अरवल के इंदौर स्टेडियम में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आज भी बिहार के लोगों में बिहार के मुखिया नीतीश कुमार के प्रति अपार श्रद्धा है जो हाल ही में हुए बिहार के चार विधानसभा के उपचुनाव में क्षेत्र की जनता ने यह साबित कर दिया कि इन्हीं के नेतृत्व में बिहार प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा और आने वाले विधानसभा चुनाव में भी बिहार में एनडीए पूर्ण बहुमत के साथ बिहार के सत्ता पर सतासीन होगी इस मौके पर जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के वरिष्ठ नेता सह जदयू के जिला प्रवक्ता चांद मलिक समेत लोग उपस्थित थे

# ईस्ट सेंट्रल रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स राज्य मुख्यालय हाजीपुर द्वारा राज्य पुरस्कार रैली का किया गया आयोजन

**महाप्रबंधक ने ईस्ट सेंट्रल रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के बच्चों को किया सम्मानित**

प्रातः किरण संवाददाता




हाजीपुर। मुख्यालय, हाजीपुर के वैशाली रेल प्रेक्षागृह में आज ईस्ट सेंट्रल रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, राज्य मुख्यालय, हाजीपुर की ह्यह्यराज्य पुरस्कार रैलीह्यह्य - 2024 का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक एवं ईस्ट सेंट्रल रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के संरक्षक श्री छत्रसाल सिंह, अपर महाप्रबंधक श्री अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री शिव कुमार प्रसाद तथा अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे ।

राज्य मुख्यालय हाजीपुर के नेतृत्व में आयोजित राज्य पुरस्कार रैली में महाप्रबंधक द्वारा 158 स्काउट एंड गाईड के बच्चों को राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया । राज्य पुरस्कार स्काउट एवं गाइड को राज्य स्तर पर मिलने वाले सर्वोच्च सम्मानों में से एक है ।इस पुरस्कार हेतु स्काउट एवं गाइड को एक जॉच प्रक्रिया से गुजरना होता है जिसमें स्काउट और गाइड गतिविधियों में उनके ज्ञान, कौशल और मूल्यों का परीक्षण करने के उद्देश्य से एक संरचित मूल्यांकन प्रक्रिया शामिल है ।

अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने कहा कि स्काउट्स एंड गाईडस संस्था समाज के चतुर्दिक विकास, अनुशासन, सौहार्दपूर्ण विचारों तथा सामाजिक कार्यों में सहयोग के लिए जाना जाता है ।

साथ ही यह बच्चों के मानसिक, बौद्धिक एवं शारीरिक विकास में सहायक होती है । महाप्रबंधक ने इस वर्ष दीपावली एवं छठ पूजा के दौरान स्काउट एवं गाईड की गतिविधियों की सराहना की ।

उन्होंने पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों से स्काउट्स, गाइड्, रोवर्स एवं रेन्जर्स, उनके स्टाफ, लीडर्स एवं उनके पदाधिकारियों तथा संस्था के डायमंड जुबली वर्ष के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।महाप्रबंधक ने इस राज्य पुरस्कार रैली के आयोजन के लिए मुख्य राज्य आयुक्त -सह- प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल व राज्य पदाधिकारीगणों एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी ।

# वित्त मंत्री ने गया शहर के मगध कॉलोनी एसबीआई शाखा का किया उद्घाटन



गया। भारत सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सितारमण दरभंगा कार्यक्रम मे आई है वही से वर्चुअल माध्यम से गया शहर एस बी आई के चार शाखा का उद्घाटन मगध कॉलोनी शाखा का उद्घाटन किया गया है इसके अलावा बिहार के चार अन्य शाखा का उद्घाटन किया जिसमें औरंगाबाद, दरभंगा,पटना मे दो शाखा का उद्घाटन किया गया है है। गया के उद्घाटन में मुख्य अतिथि डीजीएम वीश्वरंजन अचार्य,रिजनल मैनेजर रवी चंद्रा,चीफ मैनेजर संजय वर्मा,डोली सिन्हा,राजीव कुमार, लोन आफिसर अमरेश कुमार, ब्रांच मैनेजर नील कमल और एस बी आई मगध कॉलोनी शाखा प्रबंधक नीलकमल सिह को बनाया गया है। जिसमें हर तरह कि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी ।सुलभ सुविधा इस एस बी आई मगध कॉलोनी में दि जा रही है।

# नगर विकास मंत्री ने ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस को किया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता




पटना। बिहार सरकार के नगर विकास विभाग और विधि विभाग मंत्री नितिन नवीन ने बेहतर सामाजिक कार्य करने के लिए ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उक्त जानकारी वरिष्ठ अधिवक्ता पटना उच्च न्यायालय सह जीकेसी ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक ने दी।

उन्होंने बताया कि चित्रगुप्त पूजा समिति सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन पटना के यूथ हॉस्टल एसोसिएशन में शनिवार को किया गया था। उक्त कार्यक्रम में चित्रगुप्त पूजा समितियों को और उनसे जुड़े पदाधिकारियों सहित कायस्थ संगठनों को सम्मानित किया गया।

ग्लोबल उपाध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक ने बताया कि समाज में लगातार सामाजिक गतिविधियों में सक्रीय रहने के लिए तथा समाज के प्रति समर्पित भाव को देखते हुए ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) को सम्मानित किया गया।

उन्होंने बताया कि उक्त सम्मान को ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक ने ग्रहण किया। नगर विकास विभाग और विधि विभाग मंत्री नितिन नवीन ने अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त सम्मान को प्राप्त करते समय जीकेसी के बिहार प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष निलेश रंजन, पटना उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सह जीकेसी प्रदेश महासचिव संजय कुमार सिन्हा, जीकेसी समन्वयक धनंजय प्रसाद, जीकेसी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव कांत, जीकेसी प्रदेश मानवाधिकार अध्यक्ष डा. नम्रता आनंद, रानेश रोशन, सुजीत कुमार सिन्हा, उपेन्द्र कुमार सिन्हा, शिशिर सिन्हा, विवेक रंजन, आदर्श कुमार, रोहित रंजन, मधुप मनी पीकू, उपेन्द्र प्रसाद, रवि सहाय, ऋषि राज सहित अन्य सदस्यगण शामिल थे।

# आद्रा मंडल के कोटशिला स्टेशन पर एनआई कार्य के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

प्रातः किरण संवाददाता



हाजीपुर । आद्रा मंडल के कोटशिला स्टेशन के यार्ड रिमाडलिंग कार्य हेतु एनआई कार्य किया जाना है ।इस कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

**रद्द की गई ट्रेनें**

1.गाड़ी सं. 13504/13503 वर्द्धमान-हटिया-वर्द्धमान एक्सप्रेस - 30.11.24 से 05.12.24 तक

2.गाड़ी सं. 08641/08642 आद्रा-बरकाकाना-आद्रा मेमू स्पेशल - 01.12.24 से 05.12.24।

**परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली ट्रेनें**

1.01.12.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 18628/18627 रांची-हावड़ा-रांची एक्सप्रेस मुरी-गुण्डा बिहार-चाण्डिल-टाटा-खड़गपुर के रास्ते परिचालित की जाएगी ।

2.01.12.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 18428 आनंद विहार-पुरी एक्सप्रेस गोमो-अनारा-पुरुलिया-चाण्डिल के रास्ते परिचालित की जाएगी ।

**मुरी-बरकाकाना-चन्द्रपुरा के रास्ते परिचालित की जाने वाली ट्रेनें**

3.01.12.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 12366 रांची-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस ।4.01.12.24 एवं 03.12.2024 को खुलने वाली गाड़ी सं. 13320 रांची-दुमका एक्सप्रेस ।5. 03.12.2024 को खुलने वाली गाड़ी सं. 12020 रांची-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस ।6. 05.12.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 18603 रांची-गोड्डा एक्सप्रेस।

**चन्द्रपुरा-बरकाकाना-मुरी के रास्ते परिचालित की जाने वाली ट्रेनें**

7. 02.12.2024 एवं 05.12.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 12019 हावड़ा-रांची शताब्दी एक्सप्रेस । 8.02.12.24 एवं 05.12.2024 को खुलने वाली गाड़ी सं. 13319 दुमका-रांची एक्सप्रेस । 9. 02.12.24 एवं 05.12.2024 को खुलने वाली गाड़ी सं. 13351 धनबाद-एल्लेपी एक्सप्रेस। 10. 02.12.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 12818 आनंद विहार-हटिया एक्सप्रेस । 11. 02.12.24 एवं 05.12.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 12365 पटना-रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस।12.05.12.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 18625 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस । पुनर्निधारित कर चलायी जाने वाली ट्रेन - दिनांक 05.12.2024 को धनबाद से खुलने वाली 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल धनबाद से 01 घंटा पुनर्निधारित कर खुलेगी ।

# शादी समारोह के लिए पटना जा रहे लोगों की कार अनियंत्रित होकर पलटी

## हादसे में चार की मौत, तीन गंभीर

चारों मृतक एक ही परिवार के है सदस्य इस हादसे में पति-पत्नी समेत बेटी की हो गयी मौत




प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। अरवल में भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी है। वही तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। बताया जाता है कि सभी शादी समारोह में जा रहे थे तभी कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गयी।घटना प्रसादी इंग्लिश सोन नहर पुल के पास हुई जहां एक कार गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गयी है वही 3 लोग बुरी तरह घायल हो गये हैं। बताया जाता है कि चारों मृतक एक ही परिवार के सदस्य हैं। इस हादसे में पति-पत्नी समेत बेटी की मौत हो गयी।कार में सवार लोग कामता से पटना जा रहे थे, जहां उन्हें एक शादी समारोह में जाना था। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है मृतकों की पहचान बोध गया निवासी बाल गोविंद प्रसाद के 30 वर्षीय पुत्र परमानंद कुमार, कमता गाँव निवासी 28 वर्षीय प्रियंका कुमारी, मृतक परमानंद कुमार की 22 वर्षीया पत्नी सोनी कुमारी, उनकी एक वर्षीय पुत्री तनु कुमारी के रूप में हुई है। वही घायलों की पहचान बिथरा गाँव निवासी नागेंद्र सिह के 20 वर्षीय बेटे नमनीत कुमार 30 साल की सविता देवी और कामता गाँव निवासी 45 वर्षीया बैजन्ती देवी के रूप में हई है।

# 25 पैक्स के प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटी में हुई बंद

# कुर्था प्रखंड में 58.97 फीसदी हुई वोटिंग

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल) पैक्स चुनाव तीन चरणों में संपन्न होना है. तीसरा चरण में शुक्रवार को कुर्था प्रखंड के 8 पैक्सों के लिए मतदान हुआ. कुर्था में 8 पैक्स के लिए हुए मतदान में 58.97 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने बोट डाले. पैक्स चुनाव को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह दिख रहा था. सुबह से ही मतदाता मतदान केंद्रों पर कतारबद्ध होने लगे थे. सभी मतदान केंद्रों पर निर्धारित समय से सुबह 7 बजे मतदान आरंभ हो गया.

हालांकि अध्यक्ष तथा सदस्यों का अलग-अलग बैलेट पेपर होने के कारण कई मतदाताओं को वोट डालने में परेशानी का भी सामना करना पड़ा कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह से ही मतदाता कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते दिखे. मतदान में महिला मतदाता भी उत्साहित दिख रही थी.

सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के उत्साह दिन चढ़ने के साथ ही बढ़ता गया, दोपहर में धूप खिलते ही मतदाताओं की संख्या भी काफी बढ़ गयी. दोपहर में तो मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतार देखी गयी. मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संपन्न कराने को लेकर जिले के अधिकारी भी जायजा लेते देखे गये, तीसरा चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान समाप्ति के बाद मतपेटियों को कुर्था प्रखंड के उच्च विद्यालय में सुरक्षित रखा गया

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुआ मतदान संपन्न

पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इतजाम किया गया था. सभी मतदान केंद्री पर पदाधिकारी के साथ प्रयोप्त सख्या में पुलिस बली को तैनात किया गया था. इसके अलावे स्टेटिक दंताधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति हुई थी जो मतदान केंद्रों पर घूम-घूम कर शांति व्यवस्था का जायजा लेते दिखे पैक्स चुनाव को लेकर प्रखंड मुख्यालय में कंट्रोल रूम भी बनाया गया था जहां से सभी माहदान केंद्रों पर पैनी नजर रखा जा रहा था. सभी मतदान केंद्रों से प्रत्येक घंटे की जानकारी प्राप्त की जा रही थी, विशेषकर मतदान केंद्र पर होने वाली गड़बड़ी से संबंधित जानकारी एकत्रित किया जा रहा था. अगर कही से भी कोई गड़बड़ी की शिकायत मिल रहा था तो तत्काल सबंधित स्टैटिक दंडाधिकारी तथा जिले के वरीय अधिकारी को उसकी सूचना देते हुए गड़बड़ियों को दूर कराया जा रहा था. पुलिस बलों की पर्याप्त संख्या में तैनाती के कारण तीसरा चरण का मतदान शांतिपूर्ण संबन्न हुआ.बज्रगृह की सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम किया गया है.

### 8 पंचायतों में पैक्स के लिए किस्मत आजमा रहे 25 अभ्यर्थी का कुर्था प्रखंड के चुनाव हुआ

25 पैक्स के लिए 29 मतदान केंद्र बनाये गये थे, जहां 17651 मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना था लेकिन 58.97 प्रतिशत मतदाताओं ने ही बोट डाले. 8 पैक्सों के लिए महिला मतदाताओं के साथ बुजुर्ग मतदाता भी पीछे नहीं रहे, कई बुजुर्ग मतदाता को उनके परिजन अपने साथ साथ माध्दान कराने केंद्र तक लेते आये, पैक्स चुनाव के मतदान के दौरान मतदाताओं की मतदान केंद्र तक लाने-ले जाने के लिए प्रत्याशियों द्वारा वाहनों का भी इंतजाम किया गया था. विशेष कर महिला व बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने और ले जाने में अध्यक्ष प्रत्याशी के समर्थक व्यस्त दिखे. पैक्स चुनाव के लिए बनाये गये 29 मतदान केंद्रों में 15 अतिसंवेदनशील तथा 6 संवेदनशील मतदान केंद्र था, मतगणना के लिए बनाये गये हैं पांच टेबल चुनाव का मतदान समात होने के बाद सनिबार को मतों की

### किसके सिर बंधेगा ताज आज आयेगा फैसला

मतदान समाप्ति के बाद चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटी में बंद हो गयी, अब उनके किस्मत का फैसला सनिबार को मतगणना के साथ होगा, मतगणना के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि मतदाताओं ने किसे अपना आशीर्वाद दिया है और किसे नकार दिया है. हालांकि चुनाव के दौरान विशेष रूप से अध्यक्ष पद के लिए मैदान में उतरे प्रत्याशी मतदान केंद्र के आसपास काफी सक्रिय दिख रहे थे, वे एक-एक मतदाता से संपर्क स्थापित कर उन्हें अपने पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करते दिखे, हालांकि मतदान केंद्र के अंदर जाने के बाद वोटरों ने किसे आाना आशीर्वाद दिया इसका पता सनिबार को मतगणना के बाद होगा. मालूम हो कि कुर्था प्रखंड के 8 पैक्स के लिए 25 प्रायाशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं.कुर्था प्रखंड के उच्च विद्यालय में मतगणना केंद्र बनाया गया है, मतगणना के लिए आठ टेबल लगाये गये है. सभी टेबल पर कर्मियों को प्रतिनियुक्ति कर दिया गया है. प्रतिनियुक्त कमियों को मतगणना से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया गय है.

बीडीओ निशा कुमारी ने बताया कि मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गयी है. सुबह बजे से वागणना शुरू होगी, जहां एक बार में दो पंचायत के प्रत्याशियों की एंट्री होगी।

# बिलौटी पंचायत के पूर्व मुखिया शंकर तिवारी का निधन, शोक की लहर



प्रातः किरण संवाददाता

आरा/शाहपुरः भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत बिलौटी पंचायत के पूर्व मुखिया शंकर तिवारी का गुरुवार को आकस्मिक निधन की खबर से क्षेत्र में गहरी शोक की लहर दौड़ पड़ी। उनके निधन से न केवल उनके समर्थकों ने, बल्कि शाहपुर विधान सभा क्षेत्र ने एक दृढ़ और समाज के प्रति संवेदनशील नेता को खो दिया है।शंकर तिवारी अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को समाज सेवा और राजनीतिक सक्रियता में शिवानंद तिवारी के प्रति समर्पित रहें।

पूर्व मुखिया शंकर तिवारी का जन्म बिलौटी गांव के ब्राह्मण परिवार में हुआ था, लेकिन उनके विचारों में गहराई और समर्पण ने उन्हें एक महत्वपूर्ण नेता के रूप में उभारा। राममनोहर लोहिया की समाजवादी विचारधारा और कपूर्री ठाकुर की सामाजिक न्याय की परिकल्पना ने उन्हें हमेशा प्रेरित किया और उनके विचारधारा से प्रभावित होकर वे अपने क्षेत्र में वंचित वर्गों के उत्थान के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे।

निधन की खबर सुनकर बिलौटी गांव स्थित उनके घर पहुंचे शाहपुर नपं के पूर्व चेयरमैन बिजय कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व मुखिया शंकर तिवारी सामाजिक न्याय और समाजसेवा में जिस तरह से सक्रिय रहते थे उसकी भरपाई नहीं हो सकती है। इस अवसर पर पूर्व उप चेयरमैन गुप्तेश्वर साह, दिलीप ओझा, संजय ओझा, मिथलेश्वर सिन्हा, विकास पांडेय, रवि यादव, कामेश्वर राज, कृष्ण कुमार, मुन्ना पांडेय, बंटी पांडेय, अंकित पांडेय, राजू धानुक, विकास पांडेय आदि ने शोक व्यक्त किया।

# हत्या के मामले मे सीसीटीवी के आधार पर अपराधी की पहचान करने में जुटी पुलिस

प्रातः किरण संवाददाता

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत हत्या के मामले मे पुलिस सीसीटीवी के आधार पर अपराधियो के पहचान को लेकर जुटी है। पुलिस गुत्थी सुलझाने को लेकर पुलिस फिलहाल पारस राय से जुडे भूमि व अन्य विवादो के विभिन्न बिंदूओ को ध्यान में रख कर छानबीन में जुटी गयी है। घटनाको अंजाम देने दो बाइक पर पांच अपराधी आये थे। जिससे सीसीटीवी में आये फूटेज से पहचान होने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस सीसीटीवी एवं आस पास के सीसीटीवी फूटेज का वीडियो संकलित कर छानबीन कर रही है।

साथ ही मोबाइल लोकेशन की भी छानबीन में जुटी है। पुलिस ने स्थानीय लोगो से भी इस संबंध में जानकारी जुटाने में लगी है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि मृतक पारस राय के स्वजनो द्वारा पुलिस को अभी तक कोई ब्यान या आवेदन नही दिया गया है। ब्यान या आवेदन आने पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

फिलहाल घटना के पीछे के कारण व सीसीटीवी के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। एएसपी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की छानबीन को लेकर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में अलग अलग पांच टीम बनायी गयी है।

पुलिस वैज्ञानिक व तकनीकी अनुसंधान प्रारंभ कर दी है। अपराधियो की पहचान व गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई तेज कर दी है।

जल्द ही मामले को खुलासा होगा। अपराधी गिरफ्त में होगे। फिलहाल स्वजन द्वारा आवेदन या ब्यान नही दिये गया है। स्वजनो द्वारा ब्यान नही आने पर अपने ब्यान पर पुलिस कांड दर्ज करेगी।

# सारण की बहू गीतांजलि बाजपेई ने 32वीं बिहार न्यायिक सेवा में लहराया सफलता का परचम




प्रातः किरण संवाददाता

छपरा । जिले के मांझी प्रखंड अंतर्गत दुमाईगढ़ गाँव की बहू गीतांजलि बाजपेई ने 32वीं बिहार न्यायिक सेवा परीक्षा में 41वीं रैंक हासिल कर अपने गाँव और परिवार का नाम रोशन किया है। गीतांजलि बाजपेई का ससुराल मांझी प्रखंड के दुमाईगढ़ गांव में जश्न का माहौल है,यह न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे दुमाईगढ़ गाँव के लिए गर्व का क्षण है। गीतांजलि मूल रूप से लखनऊ की रहने वाली हैं। उन्होंने एलएलबी ऑनर्स और

एलाएलाएमा लाखनाऊ विश्वविद्यालय से पूरी की है। इसके बाद अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाते हुए राजीव गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, अरुणाचल प्रदेश से पीएचडी में दाखिला लिया।

यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा है। गीतांजलि बाजपेई के सफलता की कहानी उन महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है, जो अपनी शादीशुदा जिंदगी के साथ अपने सपनों को पूरा करना चाहती हैं। गीतांजलि ने यह साबित किया है कि यदि परिवार का सहयोग हो तो कठिनाई से भरी राह में भी सफलता हासिल की जा सकती है।

गीतांजलि ने इस सफलता का श्रेय अपने परिवार और ससुरालवालों को दिया। उन्होंने बताया कि उनके पति और ससुर ने उनके सपनों को समझा और उन्हें पूरा करने में हर संभव मदद की।

# केंद्रीय वित्त मंत्री के आगमन से उद्यमियों में भरोसा जगा व भारी उत्साह : सीए,सुरेश झा

■ कहा: दरभंगा के 45 हजार लाभुकों में तेरह सौ करोड़ से अधिक ऋण वितरण ऐतिहासिक पल

प्रातः किरण संवाददाता



दरभंगा। भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता सीए सुरेश झा ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के दरभंगा आगमन से मिथिला क्षेत्र के उद्यमियों में भारी उत्साह है। दरभंगा में 45 हजार लाभुकों के बीच तेरह सौ करोड़ से अधिक का ऋण वितरण कार्यक्रम एक ऐतिहासिक पल रहा। उद्यमिता विकास प्रोत्साहन कार्यक्रम में ऋण वितरण करने पहुंची केंद्रीय वित्त मंत्री ने दरभंगा के उद्यमियों में एक नया जोश भरा है। उन्होंने अपने ओजस्वी संबोधन में यह स्पष्ट किया कि केंद्र की मोदी सरकार उद्यमियों के विकास के लिए कृत संकल्पित है। भाजपा नेता सीए सुरेश झा ने 45 हजार लाभुकों को एक साथ एक मंच पर 1300 करोड रुपए का ऋण वितरण कार्यक्रम मिथिला ही नहीं बल्कि बिहार के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। इससे जहां छोटे-छोटे उद्योग बढ़ेंगे वहीं रोजगार के भी अनेकों अवसर उत्पन्न होंगे। भाजपा नेता श्री झा ने इसके लिए केंद्रीय वित्त मंत्री के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति भी आभार प्रकट किया। साथ ही उद्यमियों से अपील किया कि राष्ट्र निर्माण में हर कोई सहभागी बने।

# केंद्रीय वित्त और कॉपोर्रेट कार्य के मंत्री निर्मला ने की सीतारमन ने बिहार, झारखंड, ओडिशा और बंगाल के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा

प्रातः किरण संवाददाता





● श्रीमती सीतारमन ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को जमीनी स्तर पर कृषि ऋण वितरण में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का निर्देश दिया

● केंद्रीय वित्त मंत्री ने आरआरबी के ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई की डिजिटल सेवाएं प्रदान करने के महत्व को रेखांकित किया और इन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को दिसंबर 2024 तक प्राथमिकता के आधार पर सेवाओं को शामिल करने का काम पूरा करने का निर्देश दिया

● बिहार उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बैंकों से राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में शाखाओं की संख्या बढ़ाने और सीडी अनुपात में सुधार करने का आग्रह किया। उन्होंने बैंकों से छोटे उद्योगों को अधिक सहायता प्रदान करने और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल लेन-देन बढ़ाने का भी आग्रह किया

पटना। नई दिल्ली।

केंद्रीय वित्त और कॉपोर्रेट कार्य के मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने आज पटना में बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के 4 राज्यों को कवर करने वाले पूर्वी क्षेत्र के 8 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (फक्क्ह) के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की ।

बैठक में बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, श्री एम. नागराजू, सचिव, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), भारत सरकार, आरबीआई ईडी, आरआरबी और प्रायोजक बैंकों के अध्यक्ष मौजूद थे। बैठक में डीएफएस के अतिरिक्त सचिव, नाबार्ड और सिडबी के प्रतिनिधि और भाग लेने वाले राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

बैठक में 8 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने भाग लिया और इसमें व्यवसायिक प्रदर्शन, डिजिटल प्रौद्योगिकी सेवाओं को उन्नत करने तथा कृषि और सूक्ष्म एवं लघु उद्योग से जुड़ी गतिविधियों में व्यवसाय वृद्धि को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समर्थन देने में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, केंद्रीय वित्त मंत्री ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से आग्रह किया कि वे अपने प्रायोजक बैंकों (रस्त्रङ्गल्लरङ्म१ इंल्ल'२) के सक्रिय सहयोग से भारत सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं जैसे पीएम मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा आदि के तहत ऋण वितरण में वृद्धि करें।

श्रीमती सीतारमन ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को जमीनी स्तर पर कृषि ऋण वितरण में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का निर्देश दिया, जिसमें डेयरी, पशुपालन, मत्स्य पालन आदि जैसे कृषि से संबंधित सहायक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। केंद्रीय वित्त मंत्री ने उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक को मत्स्य पालन और मखाना के लिए ऋण प्रवाह बढ़ाने का निर्देश दिया, ताकि क्षेत्र में इन गतिविधियों की पूरी क्षमता का उपयोग किया जा सके ।

श्रीमती सीतारमन ने क्षेत्र के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (फक्क्ह) में दक्षता और सेवा वितरण बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन में तेजी लाने के महत्व पर जोर दिया । उन्होंने इन आरआरबी के वित्तीय मापदंडों में सुधार का भी उल्लेख किया। समेकित सीआरएआर (उङ्गल्लरङ्ग'ीेी उफ्अफ) वित्त वर्ष 2022 में 7.8% से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 9.4% हो गया है और सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (ऋ्रढअ) वित्त वर्ष 2022 में 25% से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 15% हो गई हैं। पूर्वी क्षेत्र के आरआरबी ने वित्त वर्ष 2024 के दौरान 625 करोड़ रुपये का समेकित लाभ दर्ज किया है, जबकि वित्त वर्ष 2023 में उन्हें 690 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है ।बिहार उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बैंकों से राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में शाखाओं की संख्या बढ़ाने और सीडी (ृीप्रे३-ीस्त्रङ्ग१३) अनुपात में सुधार करने का आग्रह किया। उन्होंने बैंकों से छोटे उद्योगों को अधिक सहायता प्रदान करने और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल लेन-देन बढ़ाने का भी आग्रह किया।

श्रीमती सीतारमन ने क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने की व्यापक संभावनाओं पर प्रकाश डाला और प्रायोजक बैंकों से आग्रह किया कि वे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के साथ समन्वय करके भारत सरकार की वित्तीय समावेशन योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), अटल पेंशन योजना (एपीवाई) आदि के अंतर्गत लाभार्थियों को शामिल करें।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने आरआरबी के ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई की डिजिटल सेवाएं प्रदान करने के महत्व को रेखांकित किया और इन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को दिसंबर 2024 के अंत तक प्राथमिकता के आधार पर इन सेवाओं को शामिल करने का काम पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से अपने ग्राहकों के बीच इन सेवाओं को बढ़ावा देने का आग्रह किया ताकि संबंधित प्रायोजक बैंकों की मदद से इनका उपयोग बढ़ाया जा सके।

क्षेत्र में स्वरोजगार बढ़ाने के लिए एक जिला एक उत्पाद योजना (ओडीओपी-डऊडढ) की संभावनाओं पर केंद्रीय वित्त मंत्री ने प्रकाश डाला । उन्होंने राज्य सरकार से महिला स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए बैंकों को सहायता देने तथा उन्हें उद्यम के रूप में विकसित करने के लिए नाबार्ड और सिडबी के साथ हाथ मिलाने का आग्रह किया। वित्तीय संस्थानों को प्रशिक्षण और विपणन (ॅ१ ी३ल्लॅ) लिंकेज के लिए सहायता प्रदान करने का भी निर्देश दिया गया।श्रीमती सीतारमन ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि प्रायोजक बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को आगे आने वाली चुनौतियों को पहचानना चाहिए। परिसंपत्ति की गुणवत्ता बनाए रखना, डिजिटल सेवाओं का विस्तार करना और मजबूत कॉपोर्रेट प्रशासन सुनिश्चित करना ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# चुनाव के कारण नहीं हो रही है धान खरीद

गिद्धौर। गिद्धौर प्रखंड में पैक्स चुनाव संपन्न होने के बाद ही धान की खरीदारी जोर पकड़ेगी। चुनाव के कारण निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष धान नहीं खरीद पा रहे हैं। उम्मीदवारों का सारा फोकस जीत हासिल करने पर है। हालांकि अभी कुछ किसान ही धान बिक्री के लिए धान तैयार कर पाए हैं।किसानों के खेतों में अत्यधिक नमी के कारण हार्वेस्टिंग सिस्टम कार्य नहीं कर पा रहा है। छोटे किसान खुद कटनी-दौनी कर फसल तैयार कर रहे हैं। किसानों को 3 दिसंबर को होने वाले पैक्स चुनाव का इंतजार करना होगा। बता दें कि मजदूरों का वृहद पैमाने पर पलायन एवं खेतों में अत्यधिक नमी के कारण किसान के खेतों में पककर खराब हो रही धान की फसल काटने का विकल्प नहीं था। हार्वेस्टिंग कार्य शुरू हो चुका है।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
राष्ट्रीय उच्च पथ यॉंत्रिक योजना प्रमण्डल,
पटना–800014
Phone No. - 0612-2222544, E-mail- eemech_nhpatna@yahoo. com

कोटेशन आमंत्रण सूचना सं०–02 वर्ष 2024–2025

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक आभियंता का कार्यालय रा0उ0प0, यांत्रिक योजना प्रमंडल, पटना।
2. विज्ञापन की तिथि :– 29.11.2024
3. बीड डॉक्यूमेन्ट बिक्री की अंतिम तिथि :– 13.12.2024 (3:00 बजे अपराह्न तक)
4. बीड डॉक्यूमेन्ट प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 14.12.2024 (3:00 बजे अपराह्न तक)
5. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :– 14.12.2024 (3:30 बजे अपराह्न तक)
6. बीड डॉक्यूमेन्ट बिक्री का स्थान :–
   1. कार्यपालक आभियंता का कार्यालय, रा0उ0प0, यांत्रिक योजना प्रमंडल, पटना।
   2. अधीक्षण अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय, रा0उ0प0, यांत्रिक अंचल, पटना।
   3. मुख्य अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय, यांत्रिक उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।
7. कोटेशन प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय, रा0 उ0 प0, यॉत्रिक योजना प्रमंडल, पटना।
8. कार्य का विवरण

| क्र० सं० | यंत्र/संयंत्र का नाम | बीड डॉक्यूमेन्ट का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Speed Craft Drum Mix Plant No.-218 | 1250 | 30 दिन |
| 2 | 125 KVA GENERATING SET NO - 10387 | 500 | 15 दिन |
| 3 | TATA JD LOADER NO – 5255 | 500 | 15 दिन |
| 4 | APOLLO PAVER FINISHER NO - 1807 | 500 | 15 दिन |
| 5 | L&T VIBRATORY ROAD ROLLER NO -J-1741 | 500 | 15 दिन |
| 6 | HYVA LEYLAND TIPPING TRUCK NO – BR-01GB-6761 | 500 | 15 दिन |
| 7 | HYVA LEYLAND TIPPING TRUCK NO – BR-01GB-6764 | 500 | 15 दिन |
| 8 | HYVA LEYLAND TIPPING TRUCK NO – BR-01GB-6768 | 500 | 15 दिन |

9. कोटेशन की वैधता अवधि दिनांक–31.03.2025 तक है।
10. दर आमंत्रण के नियमों/शर्त्तो एवं विशेष जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय/सूचनापट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
11. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।
12. कार्य से संबंधित सूचना/शिकायत के लिए Help Line (18003456161) का उपयोग किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता (यां)
राष्ट्रीय उच्च पथ,
यॉंत्रिक योजना प्रमंडल, पटना

PR. No. 013559 (RCD) 2024-25

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।

**टी-20 क्रिकेट में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ**

## मणिपुर के खिलाफ दिल्ली के सभी 11 खिलाड़ियों ने की गेंदबाजी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शुक्रवार (29 नवंबर) को दिल्ली और मणिपुर के बीच सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच में अजब गजब मामला देखने को मिला। इस मैच में दिल्ली की टीम के सभी 11 खिलाड़ियों ने गेंदबाजी की। टी 20 क्रिकेट में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। इससे पहले कभी किसी टी20 मैच में 9 से ज्यादा गेंदबाजों का इस्तेमाल नहीं हुआ था।

दिल्ली के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए मणिपुर ने 8 विकेट पर 120 रन बनाए। एक समय मणिपुर का स्कोर 41 रन पर 6 विकेट था, तभी कप्तान रेक्स सिंह (23) और विकेटकीपर अहमद शाह (32) ने सातवें विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की। दिल्ली के गेंदबाजों में मयंक रावत सबसे महंगे रहे। उन्होंने अपने 3 ओवरों में 31 रन दिए। इसमें शाह ने तीन छक्के लगाए।

आर्यन अराना रहे दिल्ली के सबसे महंगे गेंदबाज

विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन अराना ने अपने एक ओवर में 14 रन दिए। आर्यन राणा और हिम्मत सिंह ने क्रमशः 10 और 11 रन दिए। दिल्ली के लिए हर्ष त्यागी (2/11), दिग्वेश राठी (2/11), आयुष सिंह (1/11), आयुष बदोनी (1/8) और प्रियांश आर्य (1/2) ने विकेट चटकाए। दिल्ली की टीम टूर्नामेंट में अजेय है। उसने अपने पिछले मुकाबलों में जम्मू-कश्मीर को 35 रन से और हरियाणा को छह विकेट से हराया है।

डोडा गणेश ने दिल्ली की आलोचना की

भारत के पूर्व गेंदबाज डोडा गणेश ने 11 गेंदबाज इस्तेमाल करने के लिए दिल्ली की आलोचना की है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, यह पेशेवर क्रिकेट का मजाक है। दिल्ली को ऐसा करने की कोई जरूरत नहीं थी। यह सिर्फ प्लेट टीमों की गुणवत्ता को दर्शाता है। दिल्ली ने 121 रन के लक्ष्य को 9 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। दिल्ली ने 18.3 ओवर में 6 विकेट पर 124 रन बनाए। यश ढुल ने नाबाद 59 रन बनाए। एक समय दिल्ली का स्कोर 4 विकेट पर 52 रन था।

## आईपीएल नीलामी में नहीं बिके शार्दुल ठाकुर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने शुक्रवार (29 नवंबर) को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के इतिहास में सबसे खराब गेंदबाजी की। शार्दुल ठाकुर ने केरल के खिलाफ 69 रन देकर 1 विकेट लिए, जो संयुक्त रूप से सबसे महंगा ओवर है। शार्दुल से पहले अरुणाचल प्रदेश के रमेश राहुल टूर्नामेंट के सबसे महंगे गेंदबाज थे। उन्होंने कुछ दिन पहले हरियाणा के खिलाफ 69 रन लुटाए थे। पिछला रिकॉर्ड हैदराबाद के पगडाला नायडू (1/67) के नाम था। उन्होंने 2010 में मुंबई के खिलाफ यह कारनामा किया था। चोट से वापसी कर रहे शार्दुल हाल ही में संपन्न आईपीएल मेगा ऑक्शन में भी अनसोल्ड रहे। पिछले तीन सीजन में शार्दुल के प्रदर्शन में गिरावट आई है। 2024 सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 9 मैचों में शार्दुल ने 61.80 की औसत से सिर्फ पांच विकेट लिए। हालांकि, इकॉनमी उनकी सबसे बड़ी ताकत नहीं रही है

# नेपोटिज्म का दाग लगने से नहीं डरते रिकी पोंटिंग

## पंजाब किंग्स में 8 विदेशी में से 5 ऑस्ट्रेलियाई खरीदने पर दी यह सफाई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स की टीम ऑक्शन में सबसे ज्यादा पैसे के साथ उतरी थी।

उन्होंने केवल दो ही खिलाड़ियों को रिटेन किया था। हर टीम अधिकतम 8 विदेशी खिलाड़ी चुन सकते थे। इन 8 में से पांच विदेशी खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया से थे। इसका कारण पंजाब किंग्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग को माना जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को भी इसका अंदाजा है। उन्होंने इसका कारण भी बताया।

### रिकी पोंटिंग ने दी सफाई

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की संख्या को लेकर उन्होंने कहा, 'हमारे पास (कुछ ऑस्ट्रेलियाई) हैं और मैं जानता हूं कि इसे लेकर शायद मेरी आलोचना होगी। मुझे लगता है कि हमारे आठ विदेशी खिलाड़ियों में से पांच ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ही हैं। लेकिन जब आप उन स्लॉट को देखते हैं जिनकी हमें ज़रूरत थी, तो हमारे पास जो खिलाड़ी हैं, वे उन भूमिकाओं के लिए पूरी तरह से फिट हैं।' रिकी पोंटिंग ने कहा, 'मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल का किंग्स में वापस आना बहुत बड़ी बात है क्योंकि वे दोनों पहले भी यहां खेल चुके हैं। जेवियर बार्टलेट, आरोन हार्डी और जोश इंग्लिस सहित कुछ नए खिलाड़ी पहली बार आईपीएल में आ रहे हैं।

### स्काउट्स को दिया श्रेय

हेड कोच रिकी पोंटिंग ने कहा, ÷हमने अपने ग्रुप में कुछ बेहतरीन युवा भारतीय प्रतिभाओं को शामिल किया है, जो बहुत ही रोमांचक है। इसलिए, हमारे स्काउट्स ने बहुत बढ़िया काम किया है और यह सुनिश्चित करने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की है कि नीलामी ठीक उसी तरह हो जैसा हम चाहते थे।'

### पंजाब किंग्स की टीम के ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

मार्कस स्टोइनिस (ऑस्ट्रेलिया) 11 करोड़ रुपए
ग्लेन मैक्सवेल (ऑस्ट्रेलिया) 4.20 करोड़ रुपए
जोस इंग्लिस (ऑस्ट्रेलिया) 2.20 करोड़ रुपए
जेवियर बरनेट (ऑस्ट्रेलिया) 80 लाख रुपए
एरॉन हार्डी (ऑस्ट्रेलिया)– 1.25 करोड़ रुपए

# वर्ल्ड-2 इगा ने 1 महीने का डोपिंग सस्पेंशन स्वीकार किया

## नींद की समस्या के लिए ले रही थीं दवा, 5 बार ग्रैंड स्लैम जीते



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पोलैंड की 5 बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने प्रतिबंधित पदार्थ ट्राइमेटाजिडीन के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद एक महीने का डोपिंग सस्पेंशन को स्वीकार कर लिया है। इंटरनेशनल टेनिस इंटिग्रिटी एजेंसी ने गुरुवार रात को यह जानकारी दी। इगा विमेंस टेनिस रैंकिंग में दूसरे नंबर की खिलाड़ी हैं।

23 साल की इगा का अगस्त में एक टूर्नामेंट के दौरान ड्रग टेस्ट हुआ था, जिसमें वे पॉजिटिव आई थीं। पोलिश स्टार से स्पष्टीकरण मांगा था। ऐसे में स्वियातेक ने माना कि यह अनजाने में हुआ था। इगा यह बिना पर्चे वाली दवा 'मेलाटोनिन' जेट लैग और नींद की समस्याओं के लिए ले रही थीं। उनकी गलती का स्तर लापरवाही की सीमा के सबसे निचले स्तर पर था।

जनिक सिनर भी डोपिंग टेस्ट में फेल रहे टेनिस में यह हाल में दूसरा डोपिंग मामला है। इससे पहले रैंकिंग में टॉप पर काबिज जनिक सिनर मार्च में स्टेरॉयड के लिए हुई जांच में विफल रहे थे। 23 साल की इगा को 12 अगस्त को सिनसिनाटी ओपन से पहले एक आउट-ऑफ-कॉम्पिटिशन सैंपल में ड्रग की थोड़ी मात्रा के लिए पॉजिटिव पाया गया था। इगा ने पांच ग्रैंड स्लैम खिताब जीते इगा स्वियातेक ने इसी साल मई में चौथा फ्रेंच ओपन और ओवरऑल पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। पोलैंड की इगा ने साल 2020, 2022 और 2023 में भी फ्रेंच ओपन जीता था।

साल 2022 में इगा ओपन भी जीती थीं। इस साल फ्रेंच ओपन के फाइनल में इगा ने इटली की जैसमीन पाओलिनी को हराया था।

**इंडिया-ऑस्ट्रेलियाः**

## पिछली 10 में से 8 पारी में दहाई तक नहीं पहुंचने वाले लाबुशेन को बाहर करने की मांग, बचाव में उतरे 'मिस्टर क्रिकेट'

नईदिल्ली, एजेंसी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर 1-0 की बढ़त बना ली। इसके बाद से आउट ऑफ फॉर्म मार्नस लाबुशेन आलोचकों के निशाने पर हैं। लाबुशेन ने पिछली 10 में से 8 पारियों में दहाई का आंकड़ा पार नहीं किया है। इनमें से एक पारी में वह नॉट आउट रहे हैं। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में उन्होंने 2 और 3 रन बनाए। 2024 में 6 पारियों में उन्होंने 24.50 के औसत से 245 रन बनाए। ऐसे में एक्सपर्ट उन्हें ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम से बाहर करने की मांग कर रहे हैं।



माइकल हसी ने सेन स्पोर्ट्सडे से कहा, मैंने कुछ साल पहले की उनकी कुछ बेहतरीन पारियों के कुछ हाइलाइट्स देखे। सिर्फ यह देखने के लिए कि क्या हम पिछले हफ्ते या उससे भी ज्यादा समय में जो कुछ देख रहे हैं उससे कुछ अलग देख रहा है। तकनीकी दृष्टिकोण से भारत के खिलाफ पिछले टेस्ट मैच और जब वह बेहतरीन खेल रहे थे तो बहुत ज्यादा अंतर नहीं है।

# ऑस्ट्रेलिया ने कोहली को शतक बनाने का मौका दिया: बॉर्डर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलेन बॉर्डर ने पर्थ टेस्ट में विराट कोहली को आउट करने में ऑस्ट्रेलिया की असमर्थता पर निराशा जाहिर की है। उन्होंने कहा- ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कोहली को शतक बनाने का मौका दिया। इससे मेजबान को 5 मैचों की सीरीज गंवानी पड़ सकती है। 69 साल के बॉर्डर ने शुक्रवार को स्भ्रह रेडियो से कहा- हमने जिस तरह से कोहली को बिना प्रतिरोध के शतक बनाने दिया, उससे मैं निराश हूं। हम नहीं चाहते कि यह लड़का (कोहली) पूरी सीरीज में आत्मविश्वास के साथ खेले।

कोहली पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में शतक लगाकर फॉर्म में लौट आए हैं। वे पिछले साल में एक भी टेस्ट शतक नहीं लगा सके थे। भारत ने उस मुकाबले को 295 रन से जीता। फिलहाल, टीम इंडिया सीरीज में 1-0 से आगे है। दूसरा टेस्ट 6 दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा। पैट कमिंस की कप्तानी पर सवाल उठाया बॉर्डर ने कप्तान पैट कमिंस की रणनीति पर सवाल भी उठाया। उन्होंने कहा- उन्होंने (पैट कमिंस) कोहली को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में संघर्ष करने के बाद लय हासिल करने का मौका दिया। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में 7वां शतक जमाया है।

हेडन भी भड़के, कहा- शॉर्ट गेंद डालने में देरी की पूर्व सलामी बल्लेबाजी मैथ्यू हेडन ने भी कमिंस की आलोचना की। हेडन ने चैनल 7 से कहा, कोहली को उसकी पारी की शुरुआत में ही आउट करना चाहिए था। फील्ड प्लेसमेंट ऐसे थे कि उसने आसानी से रन बनाए, जबकि वे इससे पहले दबाव में थे। हेडन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने शॉर्ट गेंद डालने में भी देर की। जायसवाल भी शॉर्ट गेंद नहीं खेल पा रहा था। शायद पैट कमिंस को ऐसी गेंदों का प्रयोग पहले करना चाहिए था। पहली पारी में खराब प्रदर्शन से भारतीय टीम दबाव में थी, लेकिन अब टीम खुलकर खेल रही है।



# डिविलियर्स ने बताई आरसीबी की बहुत बड़ी कमी, बीच आईपीएल में बदलनी पड़ेगी टीम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर और आरसीबी के महान खिलाड़ियों में से एक रहे एबी डिविलियर्स ने आईपीएल 2025 ऑक्शन में बेंगलुरु की टीम को बेहतरीन बताया है लेकिन उन्होंने इस दौरान इस टीम की एक बड़ी कमी भी बता दी. डिविलियर्स ने ये भी बताया कि आरसीबी का अगला कप्तान कौन बन सकता है. साथ ही उन्होंने आर अश्विन और कागिसो रबाडा के आरसीबी में शामिल नहीं होने पर थोड़ी निराशा जताई. लेकिन डिविलियर्स ने सबसे बड़ी बात आरसीबी की टीम के स्पिनर्स को लेकर कही. डिविलियर्स ने बताया कि टीम में कोई ऐसा स्पिनर नहीं है जो गेंद को दोनों ओर टर्न करा सकता हो.

### आरसीबी की सबसे बड़ी कमी

एबी डिविलियर्स ने कहा, 'हम आर अश्विन को लेने से चूक गए. सीएसके ने उन्हें खरीदलिया, मैं



उन्हें पीली जर्सी में देखकर खुश हूं. लेकिन मैं खुश हूं. आरसीबी की टीम में बैलेंस है लेकिन हम एक मैच विनर स्पिनर को मिस कर रहे हैं.

उम्मीद है कि हम चिन्नास्वामी के मुताबिक अपनी टीम का बैलेंस रखने में कामयाब रहेंगे.' डिविलियर्स ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि हम एक ऐसे स्पिनर को मिस करेंगे जो गेंद को दोनों ओर टर्न करता हो. हम यहां थोड़े से पीछे लग रहे हैं. उम्मीद है कि आईपीएल और बीसीसीआई ट्रांसफर विंडो खोले ताकि हम ट्रांसफर कर सकें. आप एक अतिरिक्त स्पिनर ले पाएंगे. मुमकिन है कि वो कलाई का स्पिनर हो. या तो आप अनसोल्ड लिस्ट में जाएं. इसके बारे में सोचना ही होगा.'

### आरसीबी के स्पिनर्स

आरसीबी ने आईपीएल 2025 ऑक्शन में सिर्फ 3 स्पिनर खरीदे हैं. इसमें लेफ्ट आर्म स्पिनर स्वप्निल सिंह और क्रुणाल पंड्या हैं.

**पिंक बॉल टेस्ट से पहले टीम इंडिया को बूस्टर डोज...**

# प्रैक्टिस पर लौटा ये धुरंधर, कंगारुओं की लगाएगा क्लास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में 295 रनों से रिकॉर्डतोड़ जीत हासिल की थी. ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर भारतीय टीम की ये सबसे बड़ी टेस्ट जीत रही. इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से लीड ले ली. अब दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट 6 दिसंबर से एडिलेड ओवल में खेला जाएगा.

### पिंक बॉल से प्रैक्टिस कर रही टीम इंडिया

चूंकि एडिलेस्ट टेस्ट मैच पिंक बॉल से खेला जाना है, जिसके चलते भारतीय टीम गुलाबी गेंद से जमकर प्रैक्टिस कर रही है. इसी कड़ी में भारतीय टीम मनुका ओवल में 30 जनवरी से प्रधान मंत्री एकादश के खिलाफ गुलाबी गेंद से दो दिवसीय



अभ्यास मैच भी खेलेगी. उधर दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम के लिए एक बेहतरीन खबर सामने आई है. स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल ने प्रैक्टिस शुरु कर दी है, जो पर्थ टेस्ट से बाहर रहे थे. शुभमन को पर्थ टेस्ट से पहले भारत-ए के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी. शुभमन ने 29 नवंबर (शुक्रवार) को मनुका ओवल में बारिश के बीच अभ्यास किया. उन्होंने सबसे पहले थ्रोडाउन का सामना किया. इसके लगभग आधे घंटे बाद उन्होंने प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और यश दयाल का नेट्स पर सामना किया. अब पूरी उम्मीद शुभमन गिल दूसरे टेस्ट में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे. गिल यदि दूसरे टेस्ट में खेलते हैं, तो केएल राहुल को लोअर मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करनी होगी.

# तिलक वर्मा ने फिर खेली तूफानी पारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** तिलक वर्मा की तूफानी फॉर्म लगातार जारी है. इस बार बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बिहार के खिलाफ दमदार पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई. पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहार ने 20 ओवर में महज 118 रन बनाए, जवाब में हैदराबाद ने ये लक्ष्य 75 गेंदों में हासिल कर लिया. तिलक ने महज 31 गेंदों में नाबाद 51 रन बनाए, वहीं रोहित रायडू ने 33 गेंदों में 56 रनों की पारी खेली. तिलक वर्मा ने इस मुकाबले में 4 छक्के लगाए और उनके बल्ले से एक चौका निकला.

## संक्षिप्त समाचार

### कपिल सिब्बल करेंगे अब्बास अंसारी की जमानत पर बहस, 11 दिसंबर को होगी सुनवाई

**प्रयागराज, एजेंसी।** माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी की जमानत पर नामी वकील कपिल सिब्बल बहस करेंगे. अब्बास ने गैंगस्टर एक्ट में दर्ज मुकदमे में जमानत के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की है. अब्बास अंसारी के वकील की ओर से मामले की सुनवाई स्थगित करने के अनुरोध को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अगली तिथि 11 दिसंबर नियत की है. ज़मानत अर्जी पर न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकल पीठ सुनवाई कर रही है. अब्बास अंसारी पर चित्रकूट के कर्वी थाने में दर्ज मुकदमे के आधार पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है. अब्बास के अधिवक्ता उपेन्द्र उपाध्याय ने कोर्ट को बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मामले में बहस करना चाहते है. उनके बहस करने की अनुमति देने की मांग की गई. इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया. कोर्ट ने याची के अधिवक्ताओं को याद दिलाया कि शीर्ष अदालत के आदेश पर जमानत अर्जी पर सुनवाई तेज कर दी गई है. साथ यह भी कहा कि जमानत आवेदन आदेश के 18 दिनों के बाद दायर किया गया है. गुरुवार को आवेदक के वकील की सुनवाई स्थगित करने की प्रार्थना को न्यायालय ने स्वीकार करते हुए अगली तिथि नियत कर दी. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अब्बास अंसारी के वकील की ओर से मामले की सुनवाई स्थगित करने के अनुरोध को स्वीकार कर अगली तिथि 11 दिसंबर नियत की है. न्यायमूर्ति समित गोपाल की अदालत मामले की सुनवाई कर रही है.

### जम्मू-कश्मीर: धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में 10वीं कक्षा का छात्र गिरफ्तार

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक विशेष समुदाय के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप में पुलिस ने 10वीं कक्षा के एक लड़के को गिरफ्तार किया है. इस मामले में आरोपी के खिलाफ डोडा थाने में एफआईआर भी दर्ज की गई है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि डोडा पुलिस ने सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली नफरती टिप्पणियां फैलाने के आरोप में एक नाबालिग लड़के के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस ने बताया कि डोडा थाने में एक किशोर के खिलाफ सोशल मीडिया पर नफरती टिप्पणी फैलाने की शिकायत मिली थी, जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने और इलाके में कानून-व्यवस्था की गंभीर समस्या पैदा होने की आशंका थी. शिकायत मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ डोडा थाने में बीएनएस की संबंधित धाराओं और 67 आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया. पुलिस प्रवक्ता ने कहा, डोडा पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और पुलिस टीमों को अलग-अलग स्थानों पर भेजा गया तथा उपद्रवी को पकड़ने के लिए आधी रात को छापेमारी की गई. इसके अलावा आम लोगों की सुरक्षा के लिए पूरे सुरक्षा तंत्र को अलर्ट मोड पर रखा गया.

### सड़क निर्माण घोटाले में सीएम योगी का बड़ा ऐक्शन, एक एसई, दो एक्सईएन समेत 16 अभियंता सस्पेंड

**लखनऊ, एजेंसी।** सड़क निर्माण घोटाले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी कार्रवाई की है। घटिया सामग्री का प्रयोग तथा मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर शासन ने गुरुवार की देर शाम एक अधीक्षण अभियंता, दो अधिशासी अभियंता, चार सहायक अभियंता और सात अवर अभियंता को निलंबित कर दिया है। कुछ अन्य जिलों में भी इस तरह की खामियां मिलने की सूचना है जल्द ही कुछ और अभियंताओं पर निलंबन की गाज गिर सकती है। बतादें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में बनाई गई सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराई गई। जांच में हरदोई जिले की चार सड़कों में कई अनियमितताएं पाई गई, जिसके बाद ये कार्रवाई की गई। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने विभागीय समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि प्रदेश में जो सड़कें बनाई जा रही हैं उसे शासन स्तर से टीमें भेजकर जांच कराई जाए। मुख्यमंत्री के इस आदेश के बाद पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव अजय चौहान, विभागाध्यक्ष योगेश पवार के नेतृत्व में जांच टीम करीब दस दिनों पहले हरदोई गई थी। जांच की गई।

# गुरुग्राम में 3 लाख से अधिक अवैध निर्माण वालों पर होगा ऐक्शन; तीन गुना लगेगा प्रॉपर्टी टैक्स

**गुरुग्राम , एजेंसी।**
गुरुग्राम शहर में अवैध रूप से भवनों का निर्माण करने वाले व रिहायशी क्षेत्र में भवन का व्यावसायिक प्रयोग करने वालों पर अब निगम की तरफ से भवन में तोड़फोड़ के साथ उसे आर्थिक रूप से भी जुर्माना लगाया जाएगा। इसको लेकर नगर निगम ने हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2021 को लागू कर दिया है। इसके तहत अवैध निर्माण करने वाले भवन मालिक को भवन तोड़ने के नोटिस के साथ ही संपत्ति आईडी के साथ नोटिस को अटैच कर दिया जाएगा। अवैध निर्माण करने वाले भवन मालिकों को संपत्तिकर का तीन गुना यानी एक हजार से सीधा तीन हजा रुपये संपत्तिकर निगम में देना होगा।

बता दें कि नगर निगम गुरुग्राम के दायरे में तीन लाख से अधिक भवन निगम से बिना नक्शा पास करवाए ही बने हुए हैं। फिलहाल भी शहर में 1500 से अधिक अवैध भवन निर्माणों का कार्य चल रहा है। भवन मालिक किराए की लालच में बिना नक्शा पास करवाए ही पांच से छह मंजिला तक भवनों का निर्माण शुरू कर लेते हैं। इस



कारण हादसे होने का डर तो रहता ही है साथ में नगर निगम के राजस्व का भी काफी नुकसान होता है। इसको देखते हुए हरियाणा सरकार व शहरी स्थानीय निकाय के तत्कालीन मंत्री अनिल विज ने इस हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 में और संशोधन कर हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2021 को लागू कर दिया है। इसमें अधिनियम की धारा 87, 87डी और 87ई बनाया गया है। जिसमें अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ संपत्तिकर को तीन गुना वसूलने का प्रावधान किया गया है। निगम की तरफ से अभी तक अवैध निर्माण करने वालों को पहले कारण बताओ नोटिस दिया जाता है। इसके बाद उसे सीलिंग और तोड़ने के आदेश जारी होते हैं। पांच मंजिला अवैध ईमारत को तोड़ने के लिए निगम के पास कोई संसाधन नहीं है। इस कारण निगम द्वारा हल्की तोड़फोड़ करके उसे सील कर दिया जाता है, लेकिन बाद में फिर से सील तोड़कर भवन मालिक अवैध इमारत बना लेता है। इसकी अगर कोई शिकायत कर देता है तो निगम द्वारा भवन मालिक के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवा दिया जाता है। इसके बाद निगम की तरफ अवैध निर्माण पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2021 के अधिनियम की धारा 87, 87डी और 87ई में अगर नगर निगम के दायरे में कोई भवन मालिक निगम की बिना अनुमति या निगम से बिना नक्शा पास करवाए भवन का निर्माण करता है, बने हुए मकान के ऊपर नया निर्माण किया जा रहा है या फिर रिहायशी क्षेत्र में संपत्ति का व्यावसायिक प्रयोग में लाया जा रहा है, ऐसी स्थिति में निगम की तरफ से इस अधिनियम के तहत भवन मालिक के संपत्तिकर तीन गुना वसूल किया जाएगा। अगर संपत्ति मालिक निगम को सालाना एक हजार रुपये का भुगतान करता है तो अवैध निर्माण करने पर निगम की तरफ से उससे हर साल तीन हजार रुपये का संपत्तिकर वसूल किया जाएगा। यह संपत्तिकर तब तक वसूल किया जाएगा जब तक भवन मालिक भवन को तोड़ नहीं देगा या फिर जो भी नियमों का उल्लंघन किया है उसे सहीं नहीं करता है। भवन मालिक को भी इसी तरह से तीन गुना संपत्तिकर वसूल किया जाएगा।

## हाई कोर्ट का बड़ा आदेश: 1978 से सेना के कब्जे में थी जमीन, अब देना होगा 46 साल का किराया

**जम्मू-कश्मीर , एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट ने एक फैसला सुनाया जिसमें याचिकाकर्ता को बड़ी राहत देते हुए भारतीय सेना को 46 साल का किराया चुकाने का आदेश दिया। आपको बता दें कि याचिकाकर्ता की जमीन 1978 से सेना के कब्जे में थी। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि संपत्ति का अधिकार न केवल संवैधानिक और वैधानिक अधिकार है बल्कि यह मानव अधिकारों के दायरे में भी आता है। आपको बता दें कि कुपवाड़ा जिले के तंगधार क्षेत्र के निवासी अब्दुल मजीद लोन ने सेना द्वारा उनकी भूमि का किराया अदा न किए जाने के खिलाफ याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट की बेंच में जस्टिस वसीम सादिक नरगल शामिल थे। इस बेंच ने 11 नवंबर को यह आदेश जारी किया। यह भूमि 12 कनाल और 14 मरला में फैली हुई है और सेना कथित रूप से इस पर 1978 से कब्जा किए हुए है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, मानव अधिकारों को व्यक्ति के अधिकारों जैसे कि आवास, आजीविका, स्वास्थ्य और रोजगार के दायरे में माना गया है। समय के साथ इन अधिकारों का बहुआयामी विस्तार हुआ है। आदेश में यह भी कहा गया कि सेना ने बिना किसी कानूनी प्रक्रिया का पालन किए याचिकाकर्ता की भूमि पर कब्जा किया और किराया भी नहीं दिया है। यह याचिकाकर्ता के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। केंद्र सरकार और सेना द्वारा यह दावा किया गया था कि उन्होंने भूमि पर कब्जा नहीं किया है। कोर्ट ने इस दावे को कानून की कसौटी पर खरा न मानते हुए खारिज कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने कुपवाड़ा के उपायुक्त को निर्देश दिया कि वह दो सप्ताह के भीतर संबंधित तहसीलदार की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की एक टीम गठित करें। यह टीम भूमि पर कब्जे के लिए किराए का आकलन करेगी। आकलन रिपोर्ट के आधार पर, सेना को एक महीने के भीतर याचिकाकर्ता को किराया चुकाने का निर्देश दिया गया है। आदेश में कहा गया कि सरकार और उसकी एजेंसियां किसी भी नागरिक की संपत्ति पर कानूनन प्रक्रिया के बिना कब्जा नहीं कर सकती हैं।

## अमृतधारी सिख को दिल्ली मेट्रो में रोके जाने पर सियासी हंगामा, कृपाण के साथ ऐंट्री की कोशिश

**अमृतसर, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के झिलमिल मेट्रो स्टेशन पर सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) के जवान पर कथित तौर पर एक अमृतधारी सिख को सफर करने से रोकने के आरोप लगे हैं। बताया जाता है कि अमृतधारी सिख कृपाण के साथ मेट्रो में सवारी करना चाहता था। अब इस पूरे प्रकरण को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने इस प्रकरण पर कहा है कि यह देश के संविधान का उल्लंघन है। वहीं युवा अकाली दल के अध्यक्ष सरबजीत झिंजर ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह हमारी आस्था का पालन करने के हमारे लोकतांत्रिक अधिकार का उल्लंघन है। कृपाण (श्री साहिब) हमारे लिए बहुत पवित्र है। यह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की ओर से हमें दिए गए 5 ककारों में से एक है। यह केवल हमारी आस्था का प्रतीक नहीं है, वरन यह न्याय और निर्दोषों की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की भी याद दिलाता है।

युवा अकाली दल के अध्यक्ष सरबजीत झिंजर ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार दोषी अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। ऐसी घटनायें सिख समुदाय के लोगों के बीच अलगाव की भावना पैदा कर सकती हैं। ऐसी घटनायें दोबारा ना हों, यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। हमारा संविधान हमारे विश्वास का पालन करने और आचरण करने के हमारे अधिकार की रक्षा करता है। इस तरह की हरकतें उन धार्मिक स्वतंत्रताओं की पूरी तरह से उपेक्षा करती हैं। वहीं शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि देश में सिखों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मामले बार-बार सामने आ रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकारें ऐसा करने वालों के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर रही हैं। संविधान के तहत हर नागरिक को अपनी धार्मिक मान्यताओं की रक्षा करने की आजादी है।

## आईटीआई की छात्राओं को पीरियड के दौरान मिलेगी 2 दिन की छुट्टी, केरल सरकार ने लिया फैसला

**तिरूअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट्स (आईटीआई) में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए अच्छी खबर है। राज्य सरकार ने हर महीने उन्हें पीरियड के दौरान 2 दिन की छुट्टी देने का फैसला लिया है। स्टेट जनरल एजुकेशन मिनिस्टर वी शिवनकुट्टी की ओर से यह फैसला लिया गया। स्किल-ट्रेनिंग कार्यक्रमों के दौरान शारीरिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया, जहां छात्राएं लगातार बेहतर प्रदर्शन करती रही हैं। शिक्षा मंत्री की ओर से इसे लेकर गुरुवार को बयान जारी किया गया, जिसमें इस फैसले के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। मजबूत शारीरिक जरूरत वाले कौशल-प्रशिक्षण में भी अच्छा कर रही हैं। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने आईटीआई में पढ़ने वाली छात्राओं को हर महीने 2 दिन की मासिक धर्म छुट्टी देने का फैसला लिया है। अधिकारियों ने बताया कि केरल में 100 से अधिक आईटीआई सेंटर हैं। इनमें पढ़ने वाली छात्राओं को निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा। केरल सरकार के फैसले से कितनी लड़कियों को सुविधा मिलेगी, इसका पूरा आंकड़ा इकट्ठा किया जा रहा है। मालूम हो कि पिछले साल केरल उच्च शिक्षा विभाग की ओर से छात्रों को बड़ी राहत दी गई थी। हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट के तहत राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए मासिक धर्म छुट्टी की घोषणा हुई। इस बीच, केरल सरकार ने आईटीआई छात्रों के लिए हर एक शनिवार को छुट्टी करने का फैसला लिया है।

## नोएडा एयरपोर्ट के पास मिलेगा घर बसाने का मौका, बनेंगे 40 हजार फ्लैट

**नोएडा , एजेंसी।**
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 40 हजार फ्लैट बनेंगे। प्राधिकरण ने इसके लिए तीन सेक्टर में 20 भूखंडों की ग्रुप हाउसिंग योजना लॉन्च की है। योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई, जो 18 दिसंबर तक चलेगी।

यमुना प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अप्रैल अंत में विमानों की उड़ानें प्रस्तावित हैं। इसको लेकर प्रक्रिया तेजी से चल रही है। दावा है कि उड़ानें शुरू होने के बाद यमुना सिटी में तेजी से आबादी बढ़ेगी। यहां पर देश-विदेश की अंतरराष्ट्रीय कंपनियां अपनी यूनिट शुरू करेंगी, जिससे हजारों की संख्या में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

उन्होंने बताया कि नौकरी करने आने वाले लोगों को रहने में दिक्कत न हो, इसके लिए ग्रुप हाउसिंग योजना शुरू की गई है। इनके 20 भूखंड सेक्टर-17, 18 और 22डी में हैं। इनमें भी



सेक्टर-17 में छह भूखंड, सेक्टर-18 में पांच और सेक्टर-22डी में नौ भूखंड रहेंगे। छोटे से लेकर बड़े भूखंडों को योजना में शामिल किया गया है। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। यीडा ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर योजना का ब्रॉशर भी अपलोड कर दिया है। 20 जनवरी को योजना के तहत ई-नीलामी प्रक्रिया होगी, जो भी बिल्डर सबसे ऊंची बोली लगाएगा, उसे ही आवंटन कर दिया जाएगा।

प्लॉट की योजना जारी = एयरपोर्ट के पास सेक्टर-24 में आवासीय भूखंड योजना जारी है। 30 नवंबर तक आवेदन प्रक्रिया चलनी है। इस योजना के तहत अभी तक 62 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। दिसंबर में योजना के तहत ड्रॉ होगा।

यमुना प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग की आवंटन नीति में बदलाव किया है। अब ग्रुप हाउसिंग समेत अन्य सभी योजनाओं में ई-नीलामी के जरिए प्रत्येक भूखंड के लिए कम से कम तीन आवेदन प्राप्त होने जरूरी होंगे। वहीं, जब तक पहला भूखंड नहीं बिकता है, तब तक प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। किसी भूखंड पर तीन से कम आवेदन होंगे तो उस भूखंड का किसी भी बिल्डर को आवंटन नहीं होगा। योजना के तहत 10 हजार से लेकर 90 हजार वर्ग मीटर तक के भूखंडों पर फ्लैट बनेंगे।

## नहीं थम रहीं शेख हसीना की मुश्किलें; आईसीसी में मुकदमा चलाना चाहता है बांग्लादेश, यूनुस ने दिए संकेत

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब उनके सामने और मुसीबत बढ़ सकती हैं। दरअसल, ढाका ने अपदस्थ हसीना के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में मुकदमा चलाने की मांग की है, जबकि वह मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोपों में घरेलू न्यायाधिकरण में



मुकदमे का सामना कर रही हैं। यह जानकारी देश की अंतरिम सरकार के सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को दी। उनकी प्रेस शाखा के एक अधिकारी ने कहा, मुख्य सलाहकार यूनुस ने हसीना के खिलाफ मुकदमे के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के अभियोजक करीम ए खान से चर्चा की, जिन्होंने जमुना स्थित उनके आधिकारिक आवास पर उनसे मुलाकात की। बंग्लादेश में सरकारी नौकरी में आरक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए थे। इसके बाद हसीना पांच अगस्त को भारत चली गई थीं। तीन दिन बाद ही नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के तौर पर कार्यभार संभाला था। सत्ता छोड़ने के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने दर्जनों केस दर्ज किए हैं, जिनमें मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप भी शामिल है। हसीना के अलावा उनके मंत्रिमंडल के कई सदस्यों के खिलाफ भी आरोप लगाए गए हैं, जिनमें से कुछ जेल में बंद हैं और कुछ देश छोड़कर भाग गए हैं। मोहम्मद यूनुस और करीम खान के बीच बुधवार को बैठक हुई। इस दौरान अंतरिम सरकार ने इस बात की जानकारी दी कि बांग्लादेश हसीना और उनके सहयोगियों के खिलाफ आरोपों को आगे बढ़ाने का इरादा रखता है। हसीना पर इल्जाम है कि उनके साशन काल में बड़े पैमाने पर विद्रोह और नरसंहार हुए। दोनों ने रोहिंग्या संकट और उनके लिए मानवीय सहायता के साथ-साथ म्यांमार के मिलिटरी प्रमुख मिन आंग ह्लाइंग के खिलाफ गिरफ्तारी के लिए औपचारिक वारंट का अनुरोध पर भी चर्चा की।

## बलूचिस्तान असेंबली में पीटीआई को बैन करने का प्रस्ताव पास

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की राजधानी में इमरान खान के समर्थकों के उग्र प्रदर्शन से घबराई सरकार ने सेना उतार दी थी। इन विरोध प्रदर्शनों में 10 लोगों की जान चली गई। इसी बीच बलूचिस्तान विधानसभा में गुरुवार को इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को बैन करने का प्रस्ताव पास किया गया है। पाकिस्तानी मीडिया को सत्ताधारी पीएमएल-एन नेता राणा सनाउल्लाह ने बताया कि इस प्रस्ताव के दौरान विपक्षियों ने वॉकाउट कर दिया। उन्होंने कहा कि अब भी पार्टी के लिए बातचीत का रास्ता खुला हुआ है।

बता दें कि इमरान खान के समर्थक इस्लामाबाद में बड़ा विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान 6 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। इसके बाद सेना को भी इस प्रदर्शन को कुचलने की छूट दे दी गई। फायरिंग में भी कई लोगों की मौत की सूचना है। बताया जाता है कि इस प्रदर्शन की बागडोर इमरान खान की पत्नी बूशरा बीबी के हाथ में थी। इमरान खान खुद इस समय जेल में हैं। बलूचिस्तान के मंत्री मीर सलीम अहमद खोसा ने पाटीआई को बैन करने का प्रस्ताव सदन में रखा था। उन्होंने कहा था कि पीटीआई के ही लोगों ने 9 मई 2023 को हिंसा फैला दी थी। उन्होंने कहा कि पीटीआई जिस तरह की सोच रखती है उससे हमारे देश का मीडिया, अर्थव्यवस्था और न्यायपालिका सब प्रभालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा के संसधाधनों का भी इस्तेमाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में किया जा रहा है। वहीं प्रधानमंत्री शहबाज शरीफके सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने कहा कि यह प्रांत के स्तर का फैसला है। इसको लेकर कैबिनेट में भी बातचीत हुई थी लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। खैबर पख्तूनख्वा में राज्यपाल शासन लगाने को लेकर उन्होंने कहा कि यह कठिन काम है। हालांकि सहमति बनाने के बाद यह भी एक विकल्प है। सनाउल्लाह ने कहा कि अगर पीटीआई से बातचीत की जाती है और बार-बार हमारा अपमान होता है तो एक दिन आता है जब कह दिया जाता है कि अब बातचीत संभव ही नहीं है।

# सीरिया में नहीं थम रहा संघर्ष, अलेप्पो में 200 से अधिक की मौत; विद्रोहियों ने प्रमुख राजमार्ग को काटा

**दमिश्क, एजेंसी।**
सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि एक दिन पहले, जिहादी समूह हयात तहरीर अल-शाम और उसके सहयोगी गुटों ने उत्तरी अलेप्पो प्रांत के सरकारी नियंत्रण वाले क्षेत्रों पर अचानक हमला कर दिया। इससे भीषण लड़ाई शुरू हो गई।

अलेप्पो के बाहरी इलाके पर कब्जे को लेकर सीरियाई सरकार और विद्रोहियों के बीच संघर्ष तेज हो गया है। रूसी लड़ाकू विमान सीरियाई सेना के साथ मिलकर विद्रोहियों के कब्जे वाले अलेप्पो के पूर्वी इलाके में लगातार हवाई हमले कर रहे हैं। इस बीच, जिहादी लड़ाकों ने गुरुवार को दमिश्क से अलेप्पो तक जाने वाले राजमार्ग को काट दिया। इस आक्रामक अभियान के दौरान करीब 200 लोग मारे गए हैं। एक निगरानीकर्ता का कहना है कि जिन लोगों की जान गई है उनमें रूसी वायु सेना के हमलों में मारे गए नागरिक भी शामिल हैं।

सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि एक दिन पहले, जिहादी समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) और उसके सहयोगी गुटों ने उत्तरी अलेप्पो प्रांत के सरकारी नियंत्रण वाले क्षेत्रों पर अचानक हमला कर दिया। इससे तनाव के बीच सबसे भीषण लड़ाई शुरू हो गई। निगरानीकर्ता ने कहा कि चल रही लड़ाई में मरने वालों की संख्या बढ़कर 182 हो गई है, जिसमें एचटीएस के 102 लड़ाके, सहयोगी गुटों के 19 और 61 शासन बलों और संबद्ध समूहों के लड़ाके शामिल हैं। निगरानी संस्था के प्रमुख रामी अब्देल रहमान ने कहा, अलेप्पो के ग्रामीण इलाकों में गुरुवार को रूसी हवाई हमलों में 19 नागरिक मारे गए। उन्होंने कहा कि एक दिन पहले सीरियाई सेना की गोलाबारी में एक



अन्य नागरिक की मौत हो गई थी। रूस सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद का करीबी सहयोगी है और उसने 2015 में पहली बार सीरिया के गृहयुद्ध में हस्तक्षेप किया था, जिससे संघर्ष का रुख राष्ट्रपति के पक्ष में हो गया, जिनकी सेनाएं कभी देश के केवल पांचवें हिस्से पर नियंत्रण रखती थीं। ब्रिटेन स्थित निगरानी संस्था ने कहा कि एचटीएस और उसके सहयोगी गुटों, जिनमें पड़ोसी तुर्की द्वारा समर्थित समूह भी शामिल हैं, ने दमिश्क-अलेप्पो अंतरराष्ट्रीय एम5 राजमार्ग को काट दिया। इसके अलावा एम4 और एम5 राजमार्गों के बीच जंक्शन को भी नियंत्रित कर लिया है। सीरिया के अंदर सूत्रों का नेटवर्क रखने वाली निगरानी संस्था ने कहा, वर्षों पहले शासन बलों द्वारा फिर से खोले जाने के बाद राजमार्ग को अब सेवा से बाहर कर दिया गया है। एम5 और एम4 राजमार्गों का जंक्शन राजधानी और शासन के तटीय गढ़ लताकिया को क्रमशः दूसरे शहर अलेप्पो से जोड़ता है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने कहा कि हिंसा के कारण 14,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं जिनमें से लगभग आधे बच्चे हैं। सीरिया एक दशक से अधिक समय से गृह युद्ध की चपेट में है, हालांकि हाल के वर्षों में संघर्ष की तीव्रता में कमी आई है। सीरिया के विद्रोही गुटों ने टेलीग्राम पर दावा किया है कि उन्होंने सीरियाई सरकार के 46 सैन्य अड्डों को कब्जे में ले लिया है। वे सिर्फ 10 घंटों के भीतर अलेप्पो शहर के कई गांव पर कब्जा करने में कामयाब रहे हैं। हालांकि सीरियाई सरकार ने इन दावों पर कुछ नहीं कहा है। 2020 में तुर्किये की मदद से विद्रोहियों और असद सरकार के बीच एक समझौता कराया गया था, जिससे वहां बड़े हमलों में कमी आई थी। 2011 में अरब क्रांति के साथ ही सीरिया में गृहयुद्ध की शुरुआत हुई थी। साल 2000 से सीरिया के सत्ता में काबिज बशर अल असद की तानाशाही सरकार के खिलाफ लोकतंत्र समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए थे।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129